सुप्रभात
रांची, गुरुवार
08.12.2022
* नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 145



12 मीराबाई ने विश्व चैंपियनशिप में जीता रजत

## न्यूज डायरी

### मिड डे मील के गर्म टब में गिरी दोनों बच्चियों की मौत

**रांची।** पलामू के तरहसी प्रखंड के एक सरकारी मिडिल स्कूल में मिड डे मील पकाये जाने के दौरान चावल के गर्म पानी (माड़) से भरे टब में गिरने से झुलसी दो बच्चियों ने दम तोड़ दिया। दोनों बच्चियां आपस में बहन हैं। दोनों को इलाज के लिए रांची के रिम्स में दाखिल कराया गया था। मंगलवार की देर शाम छोटी बहन ब्यूटी कुमारी और बुधवार की सुबह बड़ी बहन शिबू की मौत हो गयी है। दोनों स्थानीय ग्रामीण परमेश्वर साहू की बेटियां थी। कुछ घंटे के अंतराल में दोनों बच्चियों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। बताते चलें कि 24 नवंबर को तरहसी प्रखंड के सेलारी पंचायत की मध्य विद्यालय में मिड डे मील बनाये जाने के बाद चावल का गर्म पानी खुले टब में रख दिया गया था। इसी स्कूल के पास एक आंगनवाड़ी केंद्र भी चलता है। यहां पढ़ने आयी दोनों बच्चियां खेलते हुए स्कूल के मैदान के पास पहुंचीं और टब में गिर पड़ीं। दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया था।

### रांची में चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** बुढ़मू थाने की पुलिस ने कोटारी पुल के पहले लगे लोहे के रॉड को चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम वाहिद अंसारी है। वह लोहरदगा का रहने वाला है। इसके पास से दो गैस सिलिंडर, एक ट्रक और एक मोबाइल बरामद हुआ है। यह जानकारी ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेस में दी।

### शोपियां में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**शोपियां।** जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले के वाथो इलाके में बुधवार रात को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी है। माना जा रहा है कि इस मुठभेड़ में दो से तीन आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए है, जिन्हें मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। जानकारी के अनुसार जिले के वाथो इलाके में सुरक्षाबलों को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने इलाके में मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों को अपने पास आता देख उनपर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। इस मुठभेड़ में अभी तक किसी भी आतंकी के मारे जाने की कोई सूचना नहीं है।

### मुंबई में मादक पदार्थ बरामद नाइजीरियाई तस्कर धराया

**मुंबई।** दहिसर इलाके में पुलिस ने बुधवार को साढ़े चार लाख रुपये के मादक पदार्थ सहित विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाइजीरिया के नागरिक एनसुदे चिंबोबी इग्वेसी के पास से 44 ग्राम वजन हेरोइन बरामद की है। पुलिस के अनुसार दहिसर इलाके में लिंक रोड के पास मंगलवार को देर रात एमएचबी कॉलोनी पुलिस स्टेशन की टीम गश्त लगा रही थी, उसी समय आरोपी की हरकतें संदिग्ध पायी गयीं। पुलिस ने जब आरोपी को रोकना चाहा, तो उसने भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया।

### ब्रिटेन के महाराजा ने नवनिर्मित गुरुद्वारा का किया उद्घाटन

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने पूर्वी इंग्लैंड के बेडफोर्डशायर में एक नवनिर्मित गुरुद्वारा का उद्घाटन किया। यह उनका महाराजा के तौर पर पहला दौरा है। इस दौरान महाराजा चार्ल्स कीर्तन सुनने के लिए गुरुद्वारे के दीवान हॉल में समुदाय के नेताओं के साथ बैठे। उन्होंने गुरुद्वारे में लंगर तैयार करने वाली रसोई का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री झारखंड की दीदियों के स्नातक समारोह में हुए सम्मिलित, कहा

# ग्रामीणों को सम्मान के साथ दे रहे उनका हक

- सीएम ने आजीविका से आत्मनिर्भर बनी अति गरीब परिवारों की दीदियों को किया सम्मानित
- छोटे-छोटे समूह में आजीविका का कार्य कर रहीं दीदियों के संघर्ष और मेहनत को सराहा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ग्रामीणों को मान-सम्मान के साथ उनका हक-अधिकार दे रहे हैं। श्री सोरेन बुधवार को दि नज इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित झारखंड की दीदियों के स्नातक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की मजबूती के लिए जरूरी है ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत होना। ग्रामीण अर्थव्यवस्था तभी मजबूत बनेगी, जब ग्रामीण अपने पैरों पर खड़े होंगे। इसी मकसद से सरकार योजनाओं को बनाकर धरातल पर उतार रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लोहरदगा, लातेहार और गुमला जिले की आजीविका से आत्मनिर्भर और सक्षम बनीं 400 दीदियों को सम्मानित कर और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने अति गरीब परिवारों की इन दीदियों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाने वाले नज इंस्टीट्यूट के प्रयासों और कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये दीदियां विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करते हुए जिस तरह विभिन्न आजीविका से जुड़कर ना सिर्फ खुद स्वावलंबी बनी है, बल्कि अपने परिवार का भरण पोषण बेहतरीन तरीके से कर रही हैं, वह अन्य दीदियों के लिए ऊर्जा स्त्रोत हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में राज्य की सभी दीदियां और भी मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि खनिज समेत तमाम संसाधनों की प्रचुरता के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। यहां के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग की एक बड़ी आबादी गरीबी को झेल रही है। इन लोगों का सामाजिक ताना-बाना कुछ ऐसा है कि यहां के खनिज संसाधनों का लाभ इन्हें नहीं मिल रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### घर-घर तक पहुंच रहीं योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। इस दौरान ना सिर्फ ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हुआ है, बल्कि पूरे मान-सम्मान के साथ उन्हें उनका हक और अधिकार भी देने का काम किया गया। इस अभियान में प्रखंड से लेकर मंत्रालय में पदस्थापित सचिव स्तर के अधिकारियों ने भी गांव-गांव जाकर आपको सरकार की योजनाएं से जोड़ने का काम किया है। कई कार्यक्रमों में मैं भी शामिल हुआ। इसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं से हर घर को जोड़ना है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

### पारंपरिक ग्रामीण व्यवस्था को कर रहे मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बुजुर्गों का जो तजुर्बा है और उन्होंने जो हमें सिखाया है, वह आज भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए काफी कारगर है। उनका पशुधन ही उनका धन-संपत्ति होता था। उन्होंने इसे काफी संभाल कर रखा। अब सरकार ने भी इसी परिपाटी पर मुख्यमंत्री पशुधन योजना शुरू किया है। इस योजना के तहत ग्रामीणों को सब्सिडी पर पशु के साथ शेड निर्माण के लिए राशि दी जा रही है। ताकि, वे पशुपालन कर अपनी आय बढ़ा सकें। इसके अलावा ग्रामीणों के सशक्तिकरण के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना समेत कई योजनाएं सरकार ने शुरू की हैं। ये सभी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही हैं।

# सीएम की खतियानी जोहार यात्रा आज से, तैयारी पूरी

### हेमंत जिलों में विकास कार्यों और योजनाओं की करेंगे समीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार से खतियानी जोहार यात्रा शुरू कर रहे हैं। इसकी शुरुआत गढ़वा जिला से करेंगे। इस दौरान जिलों के भ्रमण के क्रम में किसी भी विभाग का औचक निरीक्षण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री जिलों में आधारभूत संरचनाओं का जायजा लेंगे और नयी योजनाओं की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। जानकारी के अनुसार, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब जिला स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों का भ्रमण कर वस्तुस्थित से अवगत होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री द्वारा जिले के किसी भी विभाग का औचक निरीक्षण किया जायेगा। मुख्यमंत्री द्वारा जिला स्तर पर कंबल का वितरण भी गरीबों के बीच होगा।

(शेष पेज 11 पर)

### मूलभूत सुविधाओं की होगी समीक्षा

मुख्यमंत्री जिला स्तरीय समीक्षा के क्रम में उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल स्कूल एवं अन्य सरकारी विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों, छात्रावासों, पेयजल आपूर्ति, सड़क और पुल की स्थिति, सिंचाई, पुलिस स्टेशन, आंगनबाड़ी केंद्र, जनवितरण प्रणाली की दुकान एवं अन्य आम लोगों से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित केंद्रों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री सिर्फ इनकी समीक्षा ही नहीं, अपितु स्थल का भ्रमण कर उसकी स्थिति से भी अवगत होंगे। अपने जिला भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री सरकार की फोकस्ड स्कीम जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी, कृषि ऋण माफी योजना, मनरेगा, स्कॉलरशिप, पर्यटन, खेल व अन्य गतिविधियों की गहन जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा एक करोड़ से अधिक की राशि से अधिक को स्वीकृत योजना की भी समीक्षा होगी। साथ ही, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की भी समीक्षा होगी।

### चार आइपीएस को मिली पोस्टिंग

**रांची।** 2021 बैच के चार आइपीएस अधिकारियों को पोस्टिंग मिली है। इसकी अधिसूचना सरकार की ओर से बुधवार को जारी कर दी गयी। ऋषभ गर्ग को एसडीपीओ पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया है। सुमित कुमार अग्रवाल को एएसपी लॉ एंड ऑर्डर जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रवीण पुष्कर को एसडीपीओ कोडरमा के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, मूमल राजपुरोहित को एसपी मुख्यालय रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

मूमल राजपुरोहित रांची के एसपी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित

### शिक्षा सचिव ने कहा, शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति तत्काल रद्द करें

#### गैर शैक्षणिक कार्यों में प्रतिनियुक्ति का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गैर शैक्षणिक कार्य में शिक्षकों को लगाने को लेकर शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का निर्देश दिया है। जानकारी के मुताबिक सरायकेला-खरसांवा के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने नवंबर, 2022 को आदेश जारी कर शिक्षकों को जन्म-मृत्यु पंजीकरण के कार्य में लगा दिया था। उनकी प्रतिनियुक्ति कर दी गयी थी। सभी कोटि के विद्यालयों के शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियुक्ति के संबंध में सूचना शिक्षा सचिव के रवि कुमार को मिली। विभागीय सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को जारी आदेश में कहा है कि आपके पत्र जो प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं अन्य को संबोधित है, के द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत वैसे छात्र-छात्राओं जिनका जन्म-प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पाया है (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र), की सूची तैयार कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपलब्ध करायें। सचिव ने लिखा है कि विभाग द्वारा अनेक बार निर्देश दिया जा चुका है कि शिक्षकों को पठन-पाठन के कार्य के अतिरिक्त किसी भी गैर-शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियुक्त नहीं किया जाये। निर्देश दिया जाता है कि शिक्षकों को पठन-पाठन के कार्यों के अतिरिक्त किसी भी गैर शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियुक्त नहीं किया जाये। यदि दूसरे कार्य में प्रतिनियुक्त किया जाना आवश्यक हो, तो विभाग से अनुमति प्राप्त करें।

# देश की नजर गुजरात और हिमाचल पर, मतगणना आज

### मैनपुरी लोकसभा के अलावा पांच राज्यों की छह विस सीटों पर उपचुनाव के परिणाम भी आयेंगे

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** गुजरात, हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव और देश की एक लोकसभा सीट के अलावा पांच राज्यों की छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के मतों की गिनती गुरुवार को होगी। मतगणना सुबह 8:00 बजे शुरू होगी। मतगणना केंद्रों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि कुछ जगह पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। इसके बाद इवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) खुलेंगी। सुबह 09:00 बजे तक पहला रुझान आने की संभावना है और दोपहर तक गुजरात और हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक तस्वीर स्पष्ट हो जायेगी। गुजरात में विधानसभा की कुल 182 सीटें हैं। यहां बहुमत का आंकड़ा छूने के लिए 92 सीटों की जरूरत होती है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में गुजरात में भाजपा की प्रचंड जीत का अनुमान लगाया गया है। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा की 68 सीटें हैं। यहां बहुमत का आंकड़ा 35 है। अभी यहां भाजपा की सरकार है। एक्जिट पोल में यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर बतायी गयी है। (शेष पेज 11 पर)

# आप को मिला बहुमत, भाजपा का शतक

### दिल्ली नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के 15 साल का शासन समाप्त

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव के नतीजे बुधवार को आ गये। आम आदमी पार्टी दिल्ली नगर निगम के चुनाव नतीजों में भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के शासन को पलट अपना कब्जा करने में कामयाब रही। आम आदमी पार्टी (आप) को 134 सीटों पर जीत मिली है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 104 सीटों पर जीत मिली है। कांग्रेस पार्टी ने 9 सीटें जीती है। तीन सीटें अन्य के खाते में गयी हैं। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार आम आदमी पार्टी 134 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी रही है। 250 वार्डों के लिए हुए मतदान में बहुमत के लिए 126 सीटों पर जीत जरूरी थी। वोट शेयर के अनुसार आम आदमी पार्टी को 42.05 प्रतिशत, भाजपा को 39.09 प्रतिशत, कांग्रेस को 11.68 प्रतिशत तथा निर्दलीय को 3.46 प्रतिशत वोट मिले हैं। 12 वार्ड ऐसे हैं, जिन पर जीत-हार का अंतर 200 वोटों से भी कम का रहा है। इन 12 में से 3 सीटें आप के खाते में गयी हैं। नौ सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की है। बता दें कि दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 की मतगणना से पहले जारी किये गये एक्जिट पोल में आम आदमी पार्टी को 150 से ज्यादा सीटें मिलने का दावा किया जा रहा था, जबकि बीजेपी को 70 से 80 सीटें मिलने की उम्मीदें जतायी गयी थीं। लोकसभा सीटों से तुलना की जाये, तो भाजपा सात में से 3 लोकसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी से बेहतर प्रदर्शन कर पायी है। दूसरी ओर, 4 लोकसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी ने भाजपा को पछाड़ दिया है। सबसे बेहतरीन प्रदर्शन भाजपा ने पूर्वी दिल्ली में किया है, जहां से क्रिकेटर गौतम गंभीर सांसद हैं। सांसद गंभीर ने इसके लिए पूर्वी दिल्ली के पार्टी कार्यकर्ताओं और वोटरों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि ये जीत न सांसद की है, न किसी विधायक की, न किसी पार्षद की, ये आपकी मेहनत की जीत है। हमारे कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति हैं, संगठन को नमन। साथ ही, उन्होंने कहा कि गाजीपुर कूड़े का पहाड़ हम ही खत्म करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

**दिल्ली नगर निगम चुनाव परिणाम**

| पार्टी | सीट |
|---|---|
| आप | 134 |
| भाजपा | 104 |
| कांग्रेस | 09 |
| अन्य | 03 |

आरबीआइ ने की रेपो रेट में 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी

# कार, होम और पर्सनल लोन होंगे महंगे

एजेंसी



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने बुधवार को रेपो रेट को 0.35 फीसदी बढ़ाने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद रेपो रेट अब 5.90 प्रतिशत से बढ़कर 6.25 प्रतिशत हो जायेगा। रिजर्व बैंक के इस फैसले के कारण आने वाले कुछ दिनों में होम लोन से लेकर ऑटो और पर्सनल लोन सब कुछ महंगे हो जायेंगे और लोगों को ज्यादा इएमआइ (ईजी मंथली इंस्टॉलमेंट) चुकानी होगी। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक के बाद आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने नीतिगत दरें बढ़ाये जाने की घोषणा की। बता दें कि इस वर्ष 5वीं बार रेपो रेट में बढ़ोतरी करने की घोषणा की गयी है। इससे पहले सितंबर में हुई बैइक में ब्याज दरों को 5.40 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.90 प्रतिशत किया गया था। पांच बार में रेपो रेट में 2.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एमपीसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। रेपो रेट में इस वृद्धि के साथ स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) रेट समायोजित होकर छह प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) रेट तथा बैंक रेट 6.50 प्रतिशत हो गयी है। आरबीआइ गवर्नर ने कहा कि मौजूदा आर्थिक स्थिति पर विचार करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को 0.35 प्रतिशत बढ़ाकर 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। अगले 12 महीनों में मुद्रास्फीति दर 4 फीसदी से ऊपर रहने की उम्मीद है। दास ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है और मुद्रास्फीति आने वाले समय में नरम होगी। लेकिन, महंगाई को लेकर कार्रवाई अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति की दर नरम हुई है। महंगाई का खराब दौर पीछे छूट चुका है, लेकिन अभी इस मोर्चे पर ढिलाई बरतने की कोई गुंजाइश नहीं है। दास ने मौद्रिक नीति समिति के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि एमपीसी का विचार था कि मुद्रास्फीति को स्थिर रखने, मुख्य मुद्रास्फीति की दृढ़ता को तोड़ने और दूसरे दौर के प्रभावों को रोकने के लिए आगे की कैलिब्रेटेड मौद्रिक नीति कार्रवाई की आवश्यकता थी।

(शेष पेज 11 पर)

### क्या है रेपो रेट

रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो रेट ज्यादा रहने से बैंकों को मिलने वाला कर्ज महंगा हो जाता है। इसका असर बैंक से कर्ज लेने वाले लोगों पर पड़ता है।

# बांग्लादेश ने भारत को दूसरे एकदिनी में पांच रन से हराया

### रोहित की 28 गेंदों पर नाबाद 51 रनों की पारी बेकार हुई

एजेंसी



**ढाका।** बांग्लादेश ने दूसरे एकदिवसीय मैच में भारत को पांच रन से हराकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। मैच भले ही बांग्लादेश ने जीता हो, लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बायें हाथ का अंगूठा चोटिल होने के बावजूद 28 गेंदों पर नाबाद 51 रनों की पारी खेल भारतीय प्रशंसकों का दिल जीत लिया। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेंहदी हसन मिराज के नाबाद शतक और महमुदुल्लाह के बेहतरीन अर्धशतक की बदौलत निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट पर 271 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 166 रन ही बना सकी। 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरीय भारतीय टीम के लिए विराट कोहली और शिखर धवन ने पारी की शुरूआत की।

(शेष पेज 11 पर)

# पूर्व आयकर आयुक्त की पत्नी रूपर्णा दत्ता गयीं जेल

**रांची।** आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में रांची के पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त तापस कुमार दत्ता की पत्नी रूपर्णा दत्ता को अदालत ने जेल भेज दिया है। इससे पूर्व सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में सरेंडर कर जमानत याचिका दाखिल की। अदालत ने आरोपी को 16 दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया। साथ ही, उसकी जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए आठ दिसंबर की तारीख निर्धारित की।


## राज्य आपदा मोचन बल झारखण्ड, राँची

**-: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना:-**

राज्य आपदा मोचन बल झारखण्ड, राँची के वाहिनी मुख्यालय के लिये वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिये लेखन सामग्रियों को क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14/12/2022 तक निविदा राशि रू0 10,000/–Ten thousand (Non-Refundable) मात्र बैंक ड्राफ द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से कार्यालय अवधि में जमा कर निविदा प्राप्त की जा सकती हैं।

(वाई॰एस॰ रमेश)
समादेष्टा,
राज्य आपदा मोचन बल झारखण्ड, राँची।

PR.NO.284424 Police(22-23):D

## कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग

**आम सूचना**

विषय :– वाहन संख्या–JH01AZ-1658 का रोड टैक्स जमा करने के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन संख्या–JH01AZ-1658 (शक्ति बस) का दिनांक–21.11.2013 से पथ कर जमा नहीं किए जाने के कारण दिनांक–22.02.2022 को यात्री सवार वाहन को जप्ती रसीद देते हुए निदेश दिया गया था कि यात्रियों को गंतव्य स्थान तक पहुँचाते हुए वाहन को पदमा ओ0पी0 को सुपुर्द कर दें, परन्तु वाहन स्वामी/चालक के द्वारा दिनांक–08.03.2022 तक आदेश का अवहेलना करते हुए वाहन को सुपुर्द नहीं किया गया।

तदुपरांत दिनांक–08.03.2022 के अपराहण में मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर पदमा ओ0पी0 को सुपुर्द कर दिया गया।

परन्तु खेद की बात है कि वाहन स्वामी के द्वारा अबतक ना तो पथकर जमा किया और ना ही वाहन को विमुक्त कराने हेतु कोई कार्रवाई की गई।

अतः सार्वजनिक आम सूचना के माध्यम से वाहन स्वामी को सूचित किया जाता है कि बकाये पथ कर का दण्ड सहित राशि ऑनलाईन जमा कर अद्योहस्ताक्षरी को सुचित करें अन्यथा बाध्य होकर JMVT Act की धारा 21 के अंतर्गत वाहन निलाम करते हुए कर वसूली की कार्यवाही की जाएगी जिसकी सारी जवाबदेही वाहन स्वामी की होगी।

PR.NO.284431 Transport(22-23):D
जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग।

## कार्यालय, जिला परिषद, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद राँची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 13.12.2022 (कार्यालय अवधि में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 14.12.2022 को 3:00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्त खोलने की तिथि : दिनांक 14.12.2022 को 3.30 बजे अपराह्न।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिशद, कार्यालय, राँची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी : 15वें वित्त आयोग। (अमृत सरोवर)

| ग्रुप सं | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | तकनीकी स्वीकृति की राशि | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Silli | गोड़ाडीह | सिल्ली प्रखण्ड के पंचायत गोड़ाडीह अंतर्गत गोड़ाडीह बड़ा तालाब का जीर्णोद्धार (रकबा 6ए0, खाता नं0. 254, प्लॉट संख्या – 1387) | 34,53,000.0 | 34,53,000.0 | 69500.0 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | Ormanjhi | बुढ़ीबागी | ओरमांझी प्रखण्ड के ग्राम बुढ़ीबागी गुरगाई में अमृत सरोवर तालब का निर्माण। | 26,28,500.0 | 26,28,500.0 | 53000.0 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | Channo | बलसोकरा | चान्हों प्रखण्ड अंतर्गत बलसोकरा पंचायत के ग्राम करमटोली में लबरिया तालाब का जिर्णोद्धार कार्य। | 26,27,000.0 | 26,27,000.0 | 53000.0 | 5000.00 | 03 माह |

नोटः 1.निविदा से संबंधित अन्य शर्तें जिला परिषद, राँची के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, राँची एवं ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद राँची

PR 284428 Panchayati Raj(22-23)#D

## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 152/2022-23/RWD/RAMGARH दिनांक :- 07.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/RAMGARH/06/2022-23 | बरवाटांड़ से कोनारडीह भाया रायपुरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 4.870 कि0मी0) | 2,14,82,400.00 | दो करोड़ चौदह लाख बेरासी हजार चार सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 2. | RWD/RAMGARH/07/2022-23 | भाईपुर से प्रियातु भाया इदपारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 4.450 कि0मी0) | 1,37,28,700.00 | एक करोड़ सैंतीस लाख अठाईस हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 19.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 28.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 29.12.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 30.12.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ के पक्ष में एवं रामगढ़ में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 284501 (Rural Work Department) 22-23 (D)

## कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग

**आम सूचना**

विषय :– दण्ड राशि जमा करने के संबंध में।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महालेखाकार, कार्यालय झारखण्ड राँची द्वारा जॉचोपरांत आपत्ति दर्ज किया गया है कि निम्नांकित 12 वाहनों को ओभर लोडिंग सहित परिचालन करते हुए पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम 194 (1) के अंतर्गत दण्ड अधिरोपित किया गया है परन्तु संयुक्त रूप से अधिरोपित की जानी वाली धारा Carriage By Road(CBR) 2007 की धारा 5 (3) के तहत दण्ड अधिरोपण नहीं किए जाने के कारण झारखण्ड सरकार को 309100.00 (तीन लाख नौ हजार एक सौ) रूपये की राजस्व क्षति हुई है।

| S.N. | MR No. | Vechile No. | Date | Fine | MV Act, 1988 | Fine under Sec. 5(3) CBR Act |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 62810 | UP70BT-8939 | 14.05.20 | 26650 | 194(1) | 26650 |
| 2 | 628011 | UP71T-2617 | 14.05.20 | 26650 | 194(1) | 26650 |
| 3 | 628012 | UP78CT-6187 | 14.05.20 | 26650 | 194(1) | 26650 |
| 4 | 628015 | PB10DA-0910 | 15.05.20 | 26650 | 194(1) | 26650 |
| 5 | 628016 | NL01N-6338 | 05.06.20 | 22150 | 194(1) | 22150 |
| 6 | 628017 | NL01N-6338 | 05.06.20 | 22150 | 194(1) | 22150 |
| 7 | 628018 | NL01K-2441 | 09.06.20 | 22150 | 194(1) | 22150 |
| 8 | 628052 | BR01GD-7855 | 21.07.20 | 24650 | 194(1) | 24650 |
| 9 | 551518 | UP67T-3751 | 20.03.21 | 32400 | 194(1) | 32400 |
| 10 | 551522 | JHJ12E-4603 | 24.03.21 | 23000 | 194(1) | 23000 |
| 11 | 549250 | JH02AJ-9831 | 03.07.21 | 25000 | 194(1) | 25000 |
| 12 | 549268 | JH02N-3631 | 26.07.22 | 31000 | 194(1) | 31000 |

अतः उपरोक्त वाहन के स्वामियों को सूचित किया जाता है Cbr 2007 की धारा 5 (3) के अंतर्गत अंतर राशि अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15 दिनों के अंदर समर्पित करना सुनिश्चित करें अन्यथा वाहन को ब्लैक लिस्ट कर दी जाएगी जिसकी सारी जवाबदेही वाहन स्वामी की होगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 284434 Transport (22-23)_D


संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2016 में चयनित शिक्षकों को मौका

# गैर अनुसूचित जिलों वाले प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुसूचित जिले में हो सकेगी पोस्टिंग

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग ने जारी किया है आदेश**

**विकल्प केवल एक बार के लिए ही है, शिक्षा विभाग ने मांगा प्रस्ताव**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के गैर अनुसूचित जिलों में नियुक्त एवं कार्यरत प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुसूचित जिलों में भी पोस्टिंग हो सकेगी। शिक्षकों को यह विकल्प स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा दिया गया है। हालांकि यह विकल्प सिर्फ एक ही बार के लिए है। सभी शिक्षक संयुक्त प्रशिक्षित प्रतियोगिता परीक्षा-2016 में चयनित हुए हैं। विभाग ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत लिया है।

बताते चलें कि बीते 2 दिसंबर को शिक्षक नियुक्ति मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव को इस बाबत कई निर्देश दिये थे। वर्तमान जिलों में ही पोस्टिंग रखना चाहते हैं, तो आवेदन नहीं देना होगा।

जारी आदेश में शिक्षा विभाग ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा- 2016 के आधार गैर अनुसूचित जिलों में नियुक्त एवं कार्यरत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुसूचित जिलों में पोस्टिंग की जायेगी। इसके लिए शिक्षकों को अपने-अपने जिलों के शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देना होगा। यह निर्णय ऐच्छिक होगा, जो नियुक्त शिक्षक वर्तमान जिलों में पोस्टिंग बनाये रखना चाहते हैं, उन्हें अलग से आवेदन देने की जरूरत नहीं है। गैर अनुसूचित जिलों में पोस्टिंग के दौरान दो बातों पर विचार होगा। इसमें संबंधित आवेदक किस विषय के लिए नियुक्त है और आरक्षण कोटि के अंतिम नियुक्त शिक्षक से आवेदक का अधिक प्राप्तांक हो।

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश :** झारखंड में हाईस्कूलों में शिक्षक नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव को कई निर्देश दिए थे। शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में सफल उम्मीदवारों की मेरिट लिस्ट तैयार करने, लिस्ट में शामिल शिक्षकों को किस जिले में काम करना है, उसके चयन का विकल्प देने और हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों की अलग मेरिट लिस्ट बनाकर नियुक्ति की जाये।

### 2016 में निकली नियुक्ति, लेकिन आजतक नहीं हो पायी पूरी

संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञापन 2016 में निकला था। इसमें 17,572 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति अनुसूचित और गैर अनुसूचित जिलों में होनी थी। अनुसूचित जिलों में 8,423 और गैर अनुसूचित जिलों में 9,149 पदों पर नियुक्ति होनी थी। 13 अनुसूचित जिलों के सभी तृतीय और चतुर्थवर्गीय पदों को उसी जिले के निवासियों के लिए आरक्षित किया गया। बचे 11 गैर–अनुसूचित जिलों में बाहरी अभ्यर्थियों को भी आवेदन की छूट थी। इसी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। कई जिलों में नियुक्तियां हो गई हैं, वहीं कई जिलों में नियुक्ति का मामला लंबित है।

मनरेगा के क्रियान्वयन के लिए ग्रामीण विकास सचिव ने की समीक्षा

# राज्य के श्रमिकों के दर्द को समझें पदाधिकारी : प्रशांत




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने कहा है कि लंबित योजनाओं की कार्य योजना बना कर ससमय पूर्ण कराएं। श्री कुमार बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से सभी डीडीसी के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मनरेगा से संचालित योजनाओं को ससमय पूर्ण करवाने एवं रोजगार सृजन को लेकर पदाधिकारियों को टास्क सौंपे। रिजेक्टड ट्रांजैक्शन में अविलंब सुधार करने की नसीहत दी।

बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने विभिन्न जिलों में मनरेगा योजनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी है। सचिव ने कहा कि मनरेगा योजना नहीं है। बल्कि यह ग्रामीणों के रोजगार का सृजन का सशक्त माध्यम है। इस दौरान उन्होंने सभी उप विकास आयुक्तों को मनरेगा कार्य में पूरी तरह से निगरानी करते हुए मनरेगा से संचालित योजनाऐं धरातल पर दिखाई दें। मनरेगा से संचालित योजनाओं को लेकर अन्य कई महत्वपूर्ण निर्देश उप विकास आयुक्तों को दिये। उन्होंने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन की समीक्षा की एवं मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में काम करने वाले श्रमिकों के रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन के कारण होने वाले परेशानी को समझने एवं उनके प्रति संवेदनशील होते हुए अविलंब सुधार करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर रिजेक्टड ट्रांजैक्शन में सुधार लाने एवं मजदूरों को राहत देने की बात कही।

अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों का जीर्णोद्धार-निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सचिव ने ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया। इसके अतिरिक्त रूर्बन मिशन की भी समीक्षा की गई।

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि जेसीबी का इस्तेमाल मनरेगा में न हो, सभी बीडीओ सुनिश्चित करें। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति का भी निदेश दिया। उन्होंने सभी डीडीसी को मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने को कहा।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ये थे शामिल :** मनरेगा योजना की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक को लेकर ग्रामीण विकास विभाग सचिव प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में राज्य के तमाम उप विकास आयुक्त संग संपन्न वीडियो कांफ्रेंसिंग में राजेश्वरी बी मनरेगा आयुक्त, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग अरुण कुमार सिंह व अन्य शामिल थे।


## कोर्ट-नोटिस

ब-अदालत,
मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रॉची
एम॰ ए॰ सी॰ वाद संख्या-40/2018
ज्योति लकड़ा वगैरह ..................आवेदकगण
बनाम
अमनदीप सिंह..........................विपक्षीगण
अमनदीप सिंह
नोटिस बनाम
1. अमनदीप सिंह, पिता-प्रीतम सिंह निवासी-जनता 64/65/66, जनता कॉलोनी, टाटी बांध, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492001, 2. बबलू कुमार पिता-राकेश कुमार निवासी-इटकी रोड, बाजरा, रातू, थाना-पंडरा (टी.ओ.पी.), जिला-रॉची।

बजरिये इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है की दिनांक..........को आपके एक ट्रक गाड़ी नंबर CG-04-JD-3567 से फ्रेंस लकड़ा पिता/पति स्वर्गीय लकड़ा निवासी ग्राम-कंदोहा, पोस्ट-केम्दे, थाना-रायडीह, जिला-गुमला, झारखंड निवासी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। जिसका एफ आई आर नंबर गमड़ी थाना-66/2016 है। आवेदकगण ने आपके विरूद्ध धारा-140 एवं 166 मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत प्रतिकर हेतु उपरोक्त वाद दाखिल किया है जो आपकी उपस्थिति हेतु लंबित है। नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा आपके विरूद्ध नोटिस तामिल नहीं कराया जा सका है।

अतः इस सूचना के माध्यम से आपको निर्देश दिया जाता है की दिनांक 09-12-2022 को पूर्वाह्न 11 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई आपके विरूद्ध एकतरफा की जाएगी।

इसे सख्त ताकीद जानें।

आज दिनांक 18-11-2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया है।

पीठासीन पदाधिकारी
मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रॉची

## झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशनलिमिटेड,राँची
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉर्पोरेट पहचान सं0 –U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277, उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केंद्र के समीप, कॉके रोड, राँची – 834008, E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

पत्रांकः– A/c-437/2022-23/19 राँची, दिनांकः–07/12/2022

**आई0टी0 सेवा की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा झारखण्ड राज्य के सभी विनिर्माणशाला, संचयनकर्त्ता के गोदामों (वेयरहाउस) इत्यादि में मदिरा के विनिर्माण, आपूर्ति, भंडारण व बिक्री का पर्यवेक्षण करने के निमित्त Development and Maintenance of IT Infrastructure for Monitoring of Excisable Goods. संबंधी सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर की आपूर्ति व अधिष्ठापन के निमित्त निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रक्रिया संबंधी तिथि की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने हेतु पोर्टल (jharkhandtenders.gov.in) पर आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि | 09.12.2022 |
| 2. | Pre-bid आहूत करने की तिथि | 14.12.2022 |
| 3. | सभी कागजातों के साथ विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि | 26.12.2022, 04:00 PM तक |
| 4. | ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न कागजातों की भौतिक प्रति JSBCL मुख्यालय में समर्पित करने की अंतिम तिथि | 27.12.2022, 04:00 PM तक |
| 5 | प्राप्त आवेदनों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि | 28.12.2022 से 30.12.2022 तक |

2. उक्त निविदा के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्तें, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्तें, समर्पित किये जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं निविदा की प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना का अवलोकन jharkhandtenders.gov.in,Jharkhand.gov.in/excise एवं jsbcl.in पर किया जा सकता है।

ह0/–
प्रबंध निदेशक,
झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0, राँची

PR 284494 Excise(22-23)#D

## e-Procurement Cell Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi

**e-Procurement Notice (Very Urgent)**

Tender Reference No.-BCD/SECNC/19/BCD, Building Div. No.-1, Ranchi/2022-23 Date:-07-12-2022

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation and Furnishing Work of Old JCSOI Building at Dindayal Nagar, Morabadi, Ranchi for the year 2022-2023 | Rs. 51,97,900.00 | 4 (Four) Months | 17.12-2022 | 23.12.2022 11:00 AM | 23.12.2022 11:30 AM | 24.12.2022 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.*

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल, राँची

PR284507 (Building Construction Dept Chotanagpur Circle )22-23*D


## खबर एक नजर में

### अधिवक्ता राजीव कुमार से हुई पूछताछ

**रांची।** हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार द्वारा केस मैनेज करने के नाम पर 50 लाख रुपये रिश्वत लेने के मामले की जांच कोर्ट ने सीबीआई को सौंप दी है। इसके बाद सीबीआई की टीम मंगलवार को दिल्ली से रांची पहुंची और इससे संबंधित साक्ष्य और कागजात जुटाने में जुटी है। इसी दौरान बुधवार को सीबीआई ने अधिवक्ता राजीव कुमार से पूछताछ की। सीबीआई अब अफसरों और न्यायिक अधिकारियों को तथाकथित तौर पर पैसे देकर केस मैनेज कराये जाने से संबंधित मामले की भी जांच करेगी। मालूम हो कि व्यवसायी अमित अग्रवाल की शिकायत पर राजीव कुमार को कोलकाता में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में मनी लांड्रिंग की जांच के क्रम में ईडी ने अमित अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने प्रारंभिक जांच में इस मामले में दोनों को समान रूप से दोषी पाया।

### सृष्टि प्रिया नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में टीम इंडिया ट्रायल के लिए क्वालीफाई



**रांची।** नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन केरल में हुआ। इस खेल में विभिन्न राज्यों से सेलेक्ट किये गये 1200 से अधिक शूटरों ने भाग लिया। इनके लिए 10 से ज्यादा इवेंट आयोजित किये गये। सृष्टि प्रिया ने 10 मीटर एयर रायफल इवेंट नेशनल चैंपियनशिप में 608 .2 स्कोर लाकर टीम इंडिया के लिए ट्रायल क्वालीफाई करने वाली पहली शूटर बनीं। बताते चलें कि सृष्टि प्रिया झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड, ऑल इंडिया के एस एस में सिल्वर सहित कई मैडल प्राप्त की है। सृष्टि की कोच गोबिंदा के अलावा कुमुद झा, सिद्धार्थ, रोशन कुमार, नीरज झा, सुनील कुमार इत्यादि लोगों ने बधाई दी है।

### सशस्त्र झंडा दिवस : सीएम को लगाया फ्लैग



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिक कल्याण निदेशालय के कर्नल एसपी गुप्ता (रि) ने फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने सशत्र बलों को दी बधाई और कल्याण कोष के लिए अंशदान किया। मुख्यमंत्री ने सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान जताते हुए उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों पर हम सभी को गर्व है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सशस्त्र बलों और उनके परिजनों के कल्याण कोष के लिए अंशदान किया। इस मौके पर मेजर रामनारायण सिंह, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग, विंग कमांडर राजेश गुप्ता, विनोद कुमार सिंह और विनय सिंह मौजूद थे।

### फिशरीज साइंस कॉलेज के विभिन्न कोर्सों में नामांकन का मौका

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वेटनरी संकाय अधीन गुमला में कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंसेज का संचालन हो रहा है। कॉलेज में संचालित डिप्लोमा एवं एडवांस्ड डिप्लोमा कोर्स में झारखंड के निवासी नामांकन करा सकते हैं। डीन वेटनरी ने इस आशय की अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक डिप्लोमा कोर्स की अवधि 1 वर्ष और एडवांस डिप्लोमा कोर्स की अवधि 2 वर्षों होगी। इसमें 10+2 (विज्ञान) विषय से पासआउट अभ्यर्थी दोनों कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। डिप्लोमा एवं एडवांस्ड डिप्लोमा कोर्स में नामांकन के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं रखी गई है।

### झारखंड का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

**रांची।** झारखंड का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बीते 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। राज्य के उत्तर-पश्चिमी भाग में अगले पांच दिनों तक रात के तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। आज यानी 8 दिसंबर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने दी है। मौसम केंद्र के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। इसके 8 दिसंबर की सुबह उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी तट से टकराने की संभावना है। इस सिस्टम के कारण झारखंड के हवा के पैटर्न में बदलाव देखने को मिलेगा।

केंद्र के मुताबिक 8, 9 और 10 दिसंबर को न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके अलावा कल से राज्य के कई इलाकों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। बादल 12 दिसंबर तक छाये रह सकते हैं। इससे दिन के तापमान में थोड़ी कमी आयेगी वहीं रात के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। सुबह में कहीं-कहीं कोहरा या धुंध देखने को भी मिलेगा। तापमान में हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण लोगों की सेहत में भी दिक्कत आ रही है। उन्हें अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की जरूरत है।

मौजूदा वित्त वर्ष में 75 करोड़ रुपये संग्रहण का है लक्ष्य

# वर्ष 2023 तक अधिक से अधिक राजस्व संग्रह करें : नगर आयुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नगर आयुक्त शशि रंजन ने संबंधित बुधवार को राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष में अब तक के राजस्व संग्रहण की जानकारी मांगी। जिसमें कर संग्रहण के लिए कार्यरत एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि अब तक लगभग 50 करोड़ रुपये का संग्रहण किया जा चुका है जो पिछले वर्ष के दिसंबर माह की तुलना में अधिक है। नगर आयुक्त ने कर संग्रहण के कार्य में और तीव्रता लाने और मार्च 2023 तक अधिक से अधिक राजस्व संग्रहण करने पर बल दिया। एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस वित्त वर्ष का लक्ष्य 75 करोड़ है, जिसकी प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है तथा आम लोगों के बीच जागरूकता भी फैलाई जा रही है।

बैठक में नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि रांची शहर के 4 जोन के लिए एक 4 सदस्य टीम का गठन किया जाए जो सभी बड़े संरचना/प्रॉपर्टी का असेसमेंट कार्य करेंगे और यदि उक्त प्रॉपर्टी अंडर असेस्ड पाई जाती है तो झारखंड म्यूनिसिपल एक्ट, 2011 में उल्लेखित प्रावधानों के अधीन 100 प्रतिशत पेनाल्टी लगाई जाएगी। वहीं नगर आयुक्त ने कहा कि ऑनलाइन पेमेंट मोड में प्रायः यह देखा गया है कि नागरिकों के ऑनलाइन भुगतान के पश्चात रसीद नहीं मिल पा रहा है, जिसपर ध्यान देने की आवश्यकता है। एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि अब तक लगभग 15 करोड़ के राजस्व की वसूली ऑनलाइन की गई है और सभी को रसीद निर्गत है। कुछ मामलों में लोगों को रसीद नहीं मिल पाती है, एवं वे एजेंसी के टोल फ्रीनं 18008904115 पर कॉल कर सकते हैं, जिसपर 24 घंटों के भीतर रसीद निर्गत की जाती है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रांची शहर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य करें। अन्यथा 5 से 25 हजार तक जुर्माना लगायें और प्रतिष्ठान सील करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी भवनों पर जो भी टैक्स बकाया है, उसे जल्द से जल्द वसूली करना सुनिश्चित करें।

प्रेमी ने नाबालिग से पहले रेप किया, फिर बेच दिया

# पुलिस ने नाबालिग से गैंगरेप मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी में 16 साल की नाबालिग के साथ प्रेमी ने पहले दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बेच दिया। बेचने के बाद नाबालिग के साथ एक महीने तक आधा दर्जन लोगों ने दुष्कर्म किया। इसका खुलासा तब हुआ जब घटना में संलिप्त दो आरोपी अजय तिर्की उर्फ प्रिस और गौरव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। घटना में संलिप्त चार अपराधी नवीन क्षेत्री, सेंटू, शनि और शाहिल फरार है। बरियातु थाना पुलिस ने पीड़ित नाबालिग का बयान दर्ज किया है। पीड़िता के दर्ज बयान में बताया गया है कि 24 अक्टूबर



की रात फोन कर गौरव अपने आलू-प्याज के गोदाम में बुलाया और रातभर रेप किया। इसके बाद 25 अक्टूबर को अपर बाजार स्थित अपनी दुकान ले जाकर एक अंकल के हवाले कर दिया। कुछ देर बाद कार में एक अंकल रिया सिन्हा नामक महिला के साथ पहुंचे और उसे अपने साथ लेकर चले गये। कार में पहले से दो युवती मौजूद थी। अंकल के मोबाइल पर वीडियो कॉल आया जिसके बाद तीनों को दिखाया गया। कार में सवार एक युवती को हरमू मुक्तिधाम के समीप उतारा गया। दूसरी युवती को वेंडर मार्केट के समीप उतारा जबकि पीड़िता को संत अन्ना स्कूल के आगे उतार दिया। वहां पहले से खड़ा एक युवक किसी अनजान जगह स्थित अपने कमरे में ले गया। जबरन शराब पिलाकर पीड़िता के साथ रेप किया। सुबह में कार वाले अंकल बकरी बाजार वाले कमरे में पहुंचे और यह कहते हुए चले गए कि आराम करो, रात में फिर जाना होगा। पीड़िता एक दिन भागकर मेन रोड पहुंची। जहां जान-पहचान वाले शनि और साहिल से मदद मांगी। दोनों मदद के नाम पर स्टेशन रोड स्थित एक कमरे में ले जाकर रेप किया। फिर भागकर बकरी बाजार स्थित कमरे में पहुंची। इसी तरह करीब एक महीने तक रांची के कई होटल और अन्य जगहों पर ले जाकर पीड़िता से साथ दुष्कर्म किया गया।

दरअसल, पीड़िता के पिता ने 25 अक्टूबर को बरियातु थाने में गुमशुदगी का आवेदन दिया गया था। हालांकि पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और प्रेम-प्रसंग में बच्ची के भागने जाने की आशंका जताते हुए टाल-मटोल करती रही। मामले में पुलिस गंभीर होती तो पीड़िता को बचाया जा सकता था।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पुत्र के शादी समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को मंत्री सत्यानंद भोक्ता के सुपुत्र मुकेश भोक्ता के वैवाहिक समारोह को लेकर आयोजित प्रीतिभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मुकेश को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर मंत्री श्री भोक्ता और उनके परिजन मौजूद थे ।

## सीएम को ईनाडू ग्रुप ने स्ट्रगल फॉर फ्रीडम पुस्तक भेंट की




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुधवार को ईनाडु ग्रुप के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों के योगदान को सामने लाने के लिए प्रकाशित पुस्तक इम्मोर्टल सागा-इंडियाज स्ट्रगल फॉर फ्रीडम की प्रति रामोजी ग्रुप के चेयरमैन रामोजी राव की तरफ से राजेश कुमार सिंह ने सप्रेम भेंट की। उन्हें बताया गया कि इसमें भगवान बिरसा मुंडा और जयपाल सिंह मुंडा के संघर्ष का वर्णन पुस्तक में है। मुख्यमंत्री ने ईनाडु ग्रुप के इस पहल की तारीफ की । उन्होंने कहा कि झारखंड वह भूमि है। जहां के वीरों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ तब लड़ाई लड़ी थी। जब उनके खिलाफ आवाज उठाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाता था। उन्होंने अमर शहीद तिलका मांझी, सिद्धो-कान्हो, वीर बुधु भगत, भगवान बिरसा मुंडा जैसे नायकों के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है।

सीएफपी परियोजना में नवनियुक्त विषयगत विशेषज्ञों की प्रशिक्षण कार्यशाला

# मनरेगा के पहलू को समझें : राजेश्वरी बी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनरेगा के अंतर्गत सीएफपी परियोजना में नवनियुक्त विषयगत विशेषज्ञों के लिए सर्ड में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि सभी नवनियुक्त विषयगत विशेषज्ञों को भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशिका के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। इसके लिए मनरेगा के हर पहलू को समझने के साथ ही सीएफपी परियोजना की भूमिका की भी गहन जानकारी जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि यहां आपको नियमों एवं क्लस्टर फैसिलिटेशन परियोजना के तहत चयनित प्रखंडों में कुल 14 बिंदुओं पर काम करना है।



इसमें मुख्य रूप से जीआईएस आधारितवाटर शेड प्लानिंग में आई सभी योजनाओं को पूरा करना, खेती और संबंधित गतिविधियों पर कुल राशि का 60 फीसदी प्रखंड स्तर पर खर्च करना, बागवानी की योजनाओं का क्रियान्वयन कराना, सभी वांछित परिवारों को जिला के औसत से कम से कम 10 फीसदी ज्यादा काम देना, सभी एफटीओ का सृजन मस्टर रोल के आखिरी तारीख से आठवें दिन तक करना शामिल है।

सीएफपी परियोजना को राज्य के 23 जिलों के 51 प्रखंडों में लागू किया जा रहा है। सीएफपी से योजनाएं अब अधिक सशक्त होंगी। योजनाओं को जीआईएस आधारित तैयार किया जायेगा। साथ ही क्षेत्र की जरूरत के हिसाब से योजनाएं बनायी जा सकेंगी। योजनाओं की प्लानिंग में विषयगत विशेषज्ञ आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर निहार रंजन, ठाकुर गौरी शंकर के अलावा व्याख्याता व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

खबर एक नजर में

## दिल्ली से लौटने पर रघुवर का स्वागत



**रांची।** दिल्ली में भाजपाा के राष्ट्रीय पदाधिकारी की दो दिवसीय बैठक मैं शामिल होकर बुधवार को रांची लौटने पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भाजपा प्रदेश की कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल, जॉनी वाकर खान, संजय पोद्दार, पंकज श्रीवास्तव, विवेक कुमार, उज्जवल कुमार सिंह, अरविंद पांडे, इश्तियाक गद्दी, सरफराज गद्दी, शुभम कुमार जयसवाल, अलमाज सिद्दीकी, राजेश सिंह शामिल थे।

## सहायक प्राध्यापकों को घंटी में बांधकर गुलाम ही रखना चाहती है राज्य सरकार

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पहुंचे सहायक अनुबंध प्राध्यापक संघ के सदस्यों ने बुधवार को घंटी आधारित भुगतान की तैयारी का विरोध किया। संघ ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित प्रति कक्षा 1500 रुपए और महीने में 45000 रुपये देने की नीति को कैबिनेट की बैठक में रखने की पहल का विरोध किया। संघ के सदस्यों ने कहा कि सरकार की नीयत और नियति दोनों बदल गयी है। सहायक प्राध्यापकों को भलाई करने के बजाय फिर से घंटी में बांधकर गुलाम ही रखना चाहती है। उच्च शिक्षा बेहाल हो गयी है। उसे पाटने के लिए अनुबंध सहायक प्राध्यापक लगातार शिक्षण के साथ तमाम तरह के कार्य कर रहे हैं। पर उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है।

## दवा ने बिरसा शिक्षा निकेतन को दी पेयजल सुविधा



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने बिरसा शिक्षा निकेतन के बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल का प्रबंध किया है। विद्यालय को एक बड़ा केंट आरओ वाटर प्यूरीफायर, एक 40 लीटर का स्टील का कंटेनर, दो बड़े जार जल संग्रहण के लिए और कुछ डिस्पोजेबल दिए गए है। इस मौके पर चेयरपर्सन विनीता शरण, अध्यक्ष बिंदु प्रसाद ,सचिव डॉक्टर सोनी सिन्हा, दीपा चौहान, सुषमा मिश्रा, रेखा मिश्रा, शोभा कुमार, नीता सहाय, निभा मिश्रा, आरती सिन्हा, श्रीला चौधरी, विभा सिंह, सुप्रिया ठाकुर, संचिता मुखर्जी, अंजू सिंह, पल्लवी शरण शामिल थीं।

## संत कोलंबल में दाखिले की प्रक्रिया शुरू

**रांची।** संत कोलंबल ओटीसी ग्राउंड में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। स्कूल की प्राचार्या जागृति कर्मकार ने बताया कि सत्र 2023-24 के लिए नर्सरी से 11वीं तक में दाखिले के फॉर्म बेचे जा रहे हैं। स्कूल टाइम में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक 300 में फॉर्म की खरीदारी की जा सकती है।

## सूखे नशे पर कठोर कानून बने : उत्तम यादव



रांची। राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा है कि सुखे नशे के खिलाफ कठोर से कठोर कानून बने। श्री यादव बुधवार को शहीद सम्मान यात्रा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वार्ड 29 से शहीद सम्मान पदयात्रा की शुरूआत हुई थी। अब तक 2 दर्जन के आसपास वार्ड का पदयात्रा हो चुका है। बुधवार को सुरेश्वर महादेव मंदिर स्वर्णरेखा चुटिया से पदयात्रा की शुरूआत की गई। पदयात्रा में आर्यन मेहता, रोहित यादव, धीरज यादव, प्रभु पटेल, मोनू विश्वकर्मा, राहुल चौधरी, सावन लिंडा, रंजीत यादव, नितिन घोष, विकी लिंडा, आर्यन गुप्ता, मनोहर राय, बीके सिंह, निखिल कुमार आदि शामिल हैं।

सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री का जवाब

## झारखंड में पोस्टमैन व अस्पताल कर्मी भी अपडेट कर रहे हैं आधार

ऐच्छिक है आधार को वोटर कार्ड से जोड़ने का कार्य

**560 टेबलेट के माध्यम से बच्चों का आधार हो रहा अपडेट**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में अब पोस्टमैन और अस्पताल के कर्मचारियों के द्वारा भी आधार कार्ड में बच्चों का नामांकन और मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा प्रदान की गई है। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सांसद संजय सेठ के सवाल के जवाब में दी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसद श्री सेठ ने पूछा था कि झारखंड राज्य में कितने आधार केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

इसके जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सदन में बताया कि नवंबर 2022 तक झारखंड के 24 जिलों में लगभग 2700 आधार केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। जहां आधार कार्ड के निर्माण और उसे अपडेट करने की सुविधा है। इसके अलावा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नामांकन और उनके आधार के साथ मोबाइल नंबर को अपडेट करने की सुविधा 560 हैंडल टेबलेट के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। यह हैंडल टेबलेट अधिकांश पोस्टमैन और अस्पताल कर्मचारियों के द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। यह बच्चों को आधार से जोड़ने की एक नई और अच्छी पहल है।

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने समाज कल्याण और सुशासन को लेकर राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल में मतदाता सूची और आधार कार्ड को जोड़ने का कार्य आरंभ तो किया है। यह कार्य स्वैच्छिक आधार पर किया जा रहा है।

## सरकारी स्कूलों में 22 दिसंबर से अर्द्धवार्षिक परीक्षा होगी शुरू

कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों के लिए दोनों पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 22 दिसंबर से आयोजित होगी। विभाग की ओर से इसकी तारीख जारी कर दी गयी है। इसकी आदेश झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने 7 दिसंबर, 2022 को जारी किया है। इसकी जानकारी सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक-सह- अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को दी है।

निदेशक ने आदेश में लिखा है कि कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 22 से 24 दिसंबर, 2022 तक निर्धारित की गई है। उक्त के आलोक में अर्द्धवार्षिक परीक्षा से संबंधित आवश्यक तैयारी की जानी है।

## एएनएम व जीएनएम अनुबंध कर्मियों ने आरसीएच को घेरा

प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ एवं पारा मेडिकल एसोसिएशन ने बुधवार को आरसीएच नामकुम निदेशक कार्यालय का धरना प्रदर्शन एवं घेराव किया। घेराव के दौरान कर्मचारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाये। उनका कहना था कि कर्मचारियों का 2017 में जो 15 % एक्सपीरियंस बोनस दिया गया था। उसे मूल मानदेय में जोड़ने की बात थी। इसे 2018-19 से जोड़ना था, लेंकिन एक्सपीरियंस बोनस को अब तक न ही मानदेय में जोड़ा गया है और न ही एरियर का भुगतान किया गया। वहीं, एक्सपीरियंस बोनस को एनएचएम के प्रोग्राम यूनिट के अधिकारी इस राशि का लाभ ले चुके हैं। लेकिन टेक्निकल कर्मचारी को उन्हें इस लाभ से वंचित रखा गया है। 2 साल से लगातार राशि की मांग करने के बाद भी टालमटोल विभाग के द्वारा लगातार किया जा रहा है। कोविड-19 में लगातार कर्मचारियों के द्वारा निष्ठा पूर्वक कार्य करने के बाद भी विभाग के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा ऐसी हरकत की जा रही है। इस कारण हम सभी कर्मचारी आज रोड पर बैठने के लिए विवश हो गए हैं। वर्ष 2007 से लगातार हम टेक्निकल एनएचएम कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं, लेकिन आज हमारा मानदेय एक मजदूर से भी कम है। विभाग हमारे नियमितीकरण पर टालमटोल तो कर ही रही है साथ ही हमें इंक्रीमेंट भी नहीं देना चाहती है।

धरना-प्रदर्शन में एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी, प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी, प्रदेश संयुक्त सचिव विनीता कुमारी, प्रदेश संयुक्त सचिव माला कुमारी ममता कुमारी अनुज झा, विवेक कुमार, पारा मेडिकल एसोसिएशन के नवीन कुमार, विनय कुमार, संतोष कुमार एवं अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, एवं चिकित्सा महासंघ के गोपाल शरण, सुशीला तिगा, जीतवाहन उरांव, भूषण कुमार ने सराहनीय भूमिका निभायी।

## परीक्षा पे चर्चा 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 30 दिसंबर लास्ट डेट

**रांची।** परीक्षा पे चर्चा के छठे संस्करण का आयोजन नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में जनवरी 2023 में किया जायेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माता-पिता और शिक्षकों के साथ भी बातचीत करेंगे, ताकि छात्रों को उनके सभी सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने में मदद की जा सके। यह जानकारी सीबीएसई के सिटी को-ऑर्डिनेटर सह डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने दी। डॉ सिंह ने बताया कि पीपीसी कार्यक्रम के लिए चयनित होने के लिए, विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्रिएटिव राइटिंग कम्पटीशन में भाग लेना होगा जो 25 नवंबर से शुरू हुई और 30 दिसंबर को समाप्त होगी। प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए है। इसके तहत 2050 विजेताओं को एनसीईआरटी के निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र और एग्जाम वॉरियर बुक प्राप्त होगी। विद्यालय अपने सोशल मीडिया हैंडल का उपयोग कर इस आयोजन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पीपीसी 2023 का उपयोग कर सकते हैं।

पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट को सख्ती से लागू कराने की जरूरत पर दिया बल

# लिंग परीक्षण के मुखबिर को मिलेगा एक लाख रुपये का इनाम : बीएन शर्मा पंकज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव सह अपर अभियान निदेशक विद्या नंद शर्मा पंकज ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के उद्देश्य से पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट को सख्ती से लागू किया जाना जरूरी है। यह बातें उन्होंने बुधवार को नामकुम स्थित आइपीएच सभागार में गर्भ धारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (पीसी एंड पीएनडीटी) एक्ट 1994 के प्रावधानों को राज्यभर में सख्ती से लागू करने के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि भ्रूण लिंग परीक्षण पर पूरी तरह से अंकुश लगाने की दृष्टि से जांच अभियान को और तेज किया जा रहा है। इस एक्ट को और प्रभावशाली बनाने के लिए राज्य में मुखबिर योजना का संचालन किया जा रहा है। भ्रूण लिंग जांच करने वाले संस्थानों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। मुखबिर योजना के तहत मुखबिर, गर्भवती महिला तथा सहयोगी के लिए 1 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है।

**कानून में बदलाव की जानकारी दी :** उन्होंने कहा कि अभी हाल में निरीक्षण कर कोडरमा, गुमला, गिरिडीह जिलों में कार्रवाई की गयी है। इस कार्यशाला में सभी जिलों के सिविल सर्जन, सहायक नोडल और उपायुक्त द्वारा नामित जिलों के वरीय कार्यपालक दंडाधिकारी शामिल हुए। उपनिदेशक सह कोषांग प्रभारी डॉ अनिल कुमार और प्रोग्राम मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट अनुजा गुलाटी ने पीसी एंड पीएनडीटी के बारे में बताया।

**लिंग निर्धारण का अधिकार किसी को नहीं :** अनुजा गुलाटी ने कहा कि दंपती यह फैसला ले सकते हैं कि उनके कितने बच्चे हों और कितने अंतराल पर हों लेकिन लिंग निर्धारण का अधिकार उन्हें नहीं है। झारखंड का लिंगानुपात जनगणना 2011 के अनुसार 948 है अर्थात 1000 लड़कों में लड़कियों की संख्या 948 है। यह समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उन्होंने बताया कि जांच करने वाले चिकित्सक, संकेतों या चिन्हों के माध्यम से भी यह नहीं बता सकते हैं कि गर्भ में पल रहा शिशु लड़का है या लड़की है। उन्होंने बताया कि ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़े कानूनी प्रावधान हैं। इफत हमीद ने कहा कि लिखित या मौखिक सूचना प्राप्त होने पर दंडाधिकारी के साथ संस्थानों में रजिस्टर, इक्यूपमेंट्स, लाइसेंस की जांच करें।

**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Re-Tender**
(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)
NIT No.- JIIDCO/09/SBD/2022-2023

Designation and Address of the Advertiser :- Executive Engineer, Office of M.D JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 09.12.2022 Time: 11.00 A.M.
3. Period downloading of Bidding Documents :- Date 09.12.2022 Time 11.00 A.M. to 14.12.2022 Time 3:00 P.M.
4. Bids online submission :- Date 09.12.2022 Time 11.00 A.M. to 14.12.2022 Time 3:00 P.M
5. Bid opening date :- Date 15.12.2022 Time: 3:30 P.M.
6. Details of works:-

| Bid No. | Tender reference No- | Name of work | Estimated Cost/ECV (Rs. In Crore) | Amount of Earnest money (Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | JIIDCO/09/SBD/2022-2023 | Upgradation and Development of New Birsa Munda, Bus Stand at Ramgarh. | 4,38,32,439.00 | 4,39,000.00 | 10,000.00 | 12 months |

7. The original copy of Tender cost and Earnest Money Deposit (EMD) must be submitted in JIIDCO office up to 15.12.2022 by 03:00 P.M. If Tender cost and EMD are not received before above mentioned date and time tender shall not be accepted.
8. Place to receiving tender cost and EMD :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
9. Bid Validity :- 120 days
10. Place of opening of Technical Bid :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
11. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 8292234107 may be contacted.
12. Further details can be seen on website- **www.jharkhandtenders.gov.in.**
13. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only

**Note: The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 4 is approximate which may be increased or decreased.**

Sd/-
**Executive Engineer**
**(JIIDCO, Ranchi )**

# राज्यपाल ने ली नयी शिक्षा नीति की प्रगति की जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं क्रियान्वयन विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करने के बाद राज्य में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति/प्रतिकुलपति /कुलसचिव एवं शिक्षाविदों के साथ बैठक की। इस बैठक में राज्य में स्थापित निजी विश्वविद्यालय के कुलपति भी उपस्थित थे। बैठक में राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में हो रही प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को गम्भीरतापूर्वक आत्मसात करें। प्राध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करते रहना चाहिए, ताकि हमारे विद्यार्थी इस शिक्षा नीति की विशेषताओं से पूर्णतः अवगत हो सकें।

**नयी शिक्षा नीति छात्र और देश हित में है:** राज्यपाल ने कहा कि पूर्व से प्रचलित शिक्षा नीति में बदलाव लाने पर शुरूआत में तकलीफें हो सकती हैं। लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो रास्ते निकलते चले आते हैं। काम नहीं करने के अनेक बहाने होते हैं, लेकिन काम करने वाले जैसे-तैसे रास्ता निकाल ही लेते हैं। नयी शिक्षा नीति छात्र और देश हित में है। देश का भविष्य अच्छा हो, इसलिए हमें इस राह में आगे बढ़ना ही होगा, इसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू किये जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए शिक्षकों के लिए कार्यशाला, शिक्षा नीति में क्रेडिट सिस्टम, मातृभाषा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम इत्यादि के संबंध में निहित प्रावधानों के संदर्भ में की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में यदि कोई कठिनाई होती है तो बिना संकोच के उनसे सम्पर्क करें।

### लागू करने में कठिनाई हो तो सीधा संपर्क करें

## पोर्टल में रजिस्ट्रेशन के लिए बैंक अकाउंट की बाध्यता खत्म हो

रांची। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को पत्र लिखकर ई विद्या वाहिनी पोर्टल में रजिस्ट्रेशन के लिए बैंक अकाउंट की बाध्यता समाप्त करने की मांग की है। उन्होंने मंत्री को लिखा है कि इस पोर्टल के कारण निजी विद्यालयों के बच्चों को भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है। पासवा की ओर से शिक्षा सचिव को भी इसकी प्रतिलिपि दी गई है। श्री दबे ने लिखा है कि पोर्टल में निजी विद्यालयों के बच्चों को रजिस्टर्ड करने में अकाउंट नंबर और आधार कार्ड को मेंडिट्री किया गया है। अर्थात यदि किसी बच्चे का अकाउंट नंबर न हो तो उसका नाम ई विद्या वाहिनी पोर्टल में रजिस्टर्ड नहीं हो सकता और अगर बच्चे रजिस्टर्ड नहीं होंगे तो स्कूलों का संचालन बन्द हो जाऐगा।

उन्होंने कहा है कि निजी विद्यालयों के बच्चों को किसी तरह का सरकारी राशि हस्तांतरित नहीं होने के कारण निजी विद्यालयों के

## एक नजर में

### आरयू के प्रो वीसी और डीएसडब्लू का स्वागत



रांची। एलुमनाई एसोसिएशन मारवाडी कॉलेज (एमसी) के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने रांची विश्वविद्यालय के नए प्रतिकुलपति प्रो(डॉ) अरुण कुमार सिन्हा व छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ जीएस झा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। गौरव अग्रवाल ने कहा विश्वविद्यालय में नए प्रतिकुलपति व संकायाध्यक्ष आने से छात्रो के बीच नए तरीके से ऊर्जा का संचार होगा।

### श्री साईं सेवा समिति का 14वां महोत्सव एक को

**रांची।** श्री साईं सेवा समिति की बैठक गुरुवार को अपर बाजार गांधी चौक में ललित अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री साईं सेवा समिति रांची के तत्वावधान में 1 जनवरी को लापुंग साईं मंदिर में 14 वां साईं महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बैठक में मुख्यरूप से संस्था के कोषाध्यक्ष एके मिश्रा, राजकुमार शर्मा, रवि तिवारी, संजय साहू, अजय चौधरी, शिव किशोर शर्मा, अंकज सेठ, प्रशांत पाल, सुरेश मालाकार आदि आदि साईं भक्त मौजूद थे।

### बहुमूल्य है कवि सुरेंद्रनाथ का काव्य संसार : डॉ प्रियदर्शी



**रांची।** कवि सुरेन्द्र नाथ सक्सेना के तीन प्रबंध काव्य ग्रंथ शांति दूत, दिव्य लोक, रक्षा-बंधन का लोकार्पण सह पुस्तक परिचर्चा मनरेसा हाउस के काबिल बुल्के भवन में हुआ। श्री साहित्य कुंज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ माया प्रसाद, अध्यक्ष- डॉ अशोक प्रियदर्शी, प्रमोद झा, वीणा श्रीवास्तव एवं पूर्व डीएसपी प्रशांत कर्ण शामिल थे। डॉ अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि बहुमूल्य है कवि सुरेन्द्रनाथ का काव्य संसार बहुमूल्य है। प्रतिमा त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके समाज उपयोगी साहित्य पर कहा कि यह समाज की धरोहर है जो उनके अवसान के बाद और लेखन के लगभग सत्तर वर्ष बाद उनकी संतति द्वारा समाज को दी जा रही है। इस अवसर पर रेणु मिश्रा त्रिवेदी, कामेशवर कुमार, राकेश रमण, रेणु बालाधर, निर्मला करण, रंजना वर्मा, प्रतिभा सिंह, पुष्पा सहाय आदि ने उनकी कविताओं का पाठ किया।

### कासमी एकरा मस्जिद के नए खतीब नियुक्त



**रांची।** रांची शहर के बीचो बीच मेन रोड स्थित एकरा मस्जिद में पिछले कुछ महीनों से खतीब का पद रिक्त था। इस संबंध में एकरा मस्जिद की एक अहम बैठक हुई। जिसमें मजलिस शूरा के सभी सदस्यों की एकमत राय से इकरा मस्जिद शूरा कमिटी ने रांची निवासी मौलाना मुहम्मदुल्लाह कासमी, पिता कारी सोहेब अहमद, दादा स्वर्गीय कारी अलीमुद्दीन को एकरा मस्जिद का खतीब नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि स्वर्गीय कारी अलीमुद्दीन कासमी ने अपना पूरा जीवन धर्म मजहब की सेवा में समर्पित कर दिया। मौलाना मुहम्मदुल्लाह युवा हैं और उत्साह से भरे हुए हैं। धर्म और शरीयत की सेवा की भावना से ओत-प्रोत हैं। बैठक में फिरोज हैदरी, सरवर खान, मोहम्मद कलाम, नईम अहमद, मो वसीम अकरम, समीउल्लाह, तनवीर आलम मुहम्मद इकबाल, शकील अहमद सहित मजलिस के अन्य सदस्य शामिल थे।

### प्रणामी ट्रस्ट ने ग्रामीणों को दिया गरम वस्त्र



**रांची।** एम.आर.एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों के सयुंक्त तत्वावधान मे बुधवार को हेहल प्रखंड के मुण्डा टोली सरना स्थल मे विभिन्न बस्तियों से आये हुए 110 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए 110 ग्रामीणों को कंबल, मफलर एवम उनी मोजा का वितरण किया गया। वितरण का यह कार्य मुण्डा टोली सरना स्थल में किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, बिष्णु सोनी, ओमप्रकाश सरावगी, समाज सेवी प्यारी उरांव, गांगी तिर्की, किरण बान्डो, फूलो उरांव, सूरज उरांव एवं बिरसा उरांव, संस्था के सह संरक्षक बंसत कुमार गौतम, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, रविंद्र पांडे, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह एवं संस्था के अन्य सदस्यगण शामिल थे।

## 10 आइपीएस, डीएसपी रतिभान सिंह और शंभू कुमार सिंह समेत सात होंगे सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** पुलिस की ड्यूटी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक निभाते हुए सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक से 10 आईपीएस, सात डीएसपी समेत 125 पुलिस अधिकारी और कर्मी सम्मानित किए जाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से डीएसपी रतिभान सिंह और डीएसपी शंभू कुमार सिंह ऐसे पदाधिकारी हैं, जिनपर डिपार्टमेंट गर्व करता है। यहां बता दें कि राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अभियान और विधि-व्यवस्था के लिए दो वर्ष की सेवा में उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक प्रदान करने के लिए शीर्ष समिति पुलिस मुख्यालय में बीते 1 दिसंबर को एडीजी जैप प्रशांत सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। बैठक में इन पुलिस अधिकारी और कर्मियों को पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक प्रदान करने के लिए अनुशंसा की गई थी। आईपीएस -पंकज कंबोज।आईपीएस- ए विजयलक्ष्मी। आईपीएस -एम तामिलवानन। आईपीएस -इंद्रजीत महथा। आईपीएस -सुरेंद्र कुमार झा। आईपीएस -वाई एस रमेश। आईपीएस -एम अर्शी। आईपीएस -प्रशांत आनंद। आईपीएस -आशुतोष शेखर। आईपीएस के विजय शंकर। डीएसपी- रतिभान सिंह। डीएसपी -शंभू कुमार सिंह। डीएसपी -राजकुमार मेहता। डीएसपी -अनुदीप सिंह। डीएसपी -दीपक कुमार पांडे। डीएसपी -आशीष महली। डीएसपी प्रकाश सोय।

## पति-पत्नी में सुलझा विवाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** विशेष मध्यस्थता अभियान में बुघवार को मध्यस्थता केंद्र, रांची में टिंकल सिन्हा तथा शंकर कुमार सिन्हा पति-पत्नी एक हुए। दोनों पति-पत्नी के बीच हुए विवाद को लेकर पत्नी टिंकल सिन्हा अपनी मां के घर में रह रही थी। मध्यस्थता केंद्र में बनी सहमति के आलोक में शंकर कुमार सिन्हा फरवरी 2023 में अपनी पत्नी टिंकल सिन्हा तथा एक पुत्र उम्र 3 वर्ष, एक पुत्री 5 वर्ष को विदाई कराकर अपने आवास शंभूचक डालटेनगंज ले जायेंगे तथा दोनों पक्ष एक-दूसरे को मान-सम्मान देंगे।

यह भी सहमति बनी कि पति द्वारा पत्नी को व्यक्तिगत खर्च के लिए राशि भी हर माह दी जायेगी तथा सभी आवश्यकताओं की पूर्ति की जायेगी। दोनों पक्षकारों के बीच पाँच बैठक हुई। मध्यस्थता को सफल करने में मध्यस्थ एल.के गिरी के अलावा दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं श्री दीपक सिन्हा तथा श्री एफ.एन. निलेश की सराहनीय भूमिका रही। पांच दिवसीय 05 दिसंबर से शुरु इस पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के तीसरे दिन बुधवार को कुल 20 वाद सुलझे। विशेष मध्यस्थता अभियान के तीसरे दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 23 (तेईस) मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केन्द्र में प्राप्त हुए, जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थों को सुपुर्द किया गया, जिनमें कुल 20 (बीस) मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है।

### डालसा ने लोगों को मध्यस्थता व लोक अदालत की दी जानकारी

रांची। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के मार्गदर्शन में बुधवार को कांके ब्लॉक क्षेत्र के बोड़ेया एवं राहे प्रखंड के लोहाहातू एवं नवाडीह गांव में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक, पीएलवी कपिलदेव प्रसाद केशरी, पुष्पा कुमारी, सोनामनी देवी, रामेश्वर चौधरी, शीला कुमारी, सम्पा दास एवं प्रीति पाल तथा राजा उपस्थित थे।

## अध्यक्ष बसंत मित्तल ने पूर्व अध्यक्षों को किया सम्मानित



रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने अपने पदाधिकारियों के साथ अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री विनय कुमार सरावगी एवं निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अग्रवाल के आवास में पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ, संकल्प स्मारिका एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा आशीर्वाद लेते हुए समाज के व्यापक हित में द्रुत गति से काम करने का संकल्प दोहराया।श्री सरावगी एवं श्री अग्रवाल ने विश्वास जताया कि आपके 2 वर्षों के कार्यकाल में आपके कुशल नेतृत्व में प्रांतीय सम्मेलन को नई दिशा देने में समर्थ होंगे। उन्होंने कहा कि संगठन, समाज सुधार, समाज विकास, राष्ट्रीय एकता, समरसता एवं जन सेवा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य करेंगे। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने आग्रह किया है कि आरोग्य भवन में एक बड़ा भूखंड उपलब्ध होने से मारवाड़ी सम्मेलन का भवन, मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी महिला सम्मेलन का कार्यालय तथा बालिकाओं के लिए छात्रावास, पुस्तकालय, चिकित्सालय तथा अन्य जन सेवा के कार्य हो सके। मित्तल ने कहा कि आपके मार्गदर्शन और सहयोग से हम सभी भावी प्रकल्पों एवं संकल्प मे 150 शाखाओं के साथ संगठन विस्तार करते हुए सदस्यता संख्या दस हजार तक करने, सुदृढ़ सशक्त एवं प्रभावशाली समाजिक पंचायत का गठन करना, सभी जिलों में सम्मेलन का कार्यालय, एवं स्थाई सेवा परियोजनाएं शुरू करना, जरूरतमंद लोगों को समुचित चिकित्सा सुविधा प्राथमिकता।

### रिजवी बने ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के चेयरमैन

रांची। झारखंड हज कमिटी के सदस्य सह मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीब उल हसन रिजवी को मुंबई के ऐतिहासिक कांफ्रेंस में ऑल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड झारखंड का चेयरमैन बनाया गया है। कांफ्रेंस में मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि शिया पर्सनल लॉ बोर्ड किसी एक इंसान की आवाज नहीं बल्कि भारत में बसने वाले 8 करोड़ शिया मुसलमानों की आवाज है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि उनकी आबादी के हिसाब से हर बोर्ड निगमों में हमारी हिस्सेदारी मिले। मौलाना सैयद तहजीब उल हसन को झारखंड का अध्यक्ष मनोनीत होने पर ईमान फाउंडेशन के अध्यक्ष बनदे अली साहब, अकबर रतनसी, फखरुल हसन, मौलाना साएम मेहंदी, यासूब अब्बास, मिर्जा जाफर अब्बास लखनऊ, हसन अकबर जौनपुर, मौलाना उम्मीद आजमी, मौलाना अकील तोराबी, मौलाना जहीर अब्बास, डॉ अब्बास, मो अफ्फान, मो तौकीर, आदिल रशीद, अकिलुर्रहमान, हाजी हलीम, अब्दुल मन्नान, अब्दुल खालिक, शाह उमैर, हजरत मौलाना सैयद मूसवी रजा, सैयद हसनैन जैदी, सैयद मेहदी इमाम, सैफूल हक, सैयद नेहाल आदि ने मुबारकबाद दी है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दीपशिखा के साथ अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दीपशिखा के बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर कई मजेदार गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपशिखा के विशिष्ट बच्चों ने किया और अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात अनेक रोचक खेल हुए, जिसमें दीपशिखा के छात्रों के साथ सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र सम्मिलित हुए। एडल्ट् स्किल ट्रेनिंग यूनिट ने मार्बल प्रिंट कार्ड्स, लिफाफे और पेपर बैग बनाने के तरीके सरला बिरला के छात्रों के सम्मुख प्रस्तुत किए। हमारे छात्रों ने भी अपने द्वारा बनाए गए मॉडल और परियोजनाएं प्रदर्शित की। उन्होंने सबको बिना किसी टेप की सहायता से किसी व्यक्ति की ऊंचाई या किसी दूरी को माप कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। छात्रों ने अपनी दूसरी परियोजना के अंतर्गत घर के रद्दी सामान का उपयोग कर ऊर्जा का उत्पादन करना भी प्रदर्शित किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दीपशिखा भ्रमण से छात्रों को समाज के विशिष्ट बच्चों से मिलने और उन्हें समझने का अवसर प्राप्त हुआ। प्राचार्य परमजीत कौर ने छात्रों की परियोजनाओं की प्रशंसा की और कहा कि विशिष्ट बच्चों ने हमारे छात्रों को जीवन के सत्य से परिचित कराया है, जो उन्हें भविष्य में एक बेहतर इंसान बनाने में मदद करेगा।

### 10 को सेल एमटीआइ में होगा टॉक शो

**रांची।** टेडेक्स कांके की ओर से 10 दिसंबर को श्यामली कॉलोनी स्थित सेल एमटीआई ऑडिटोरियम में टॉक शो का आयोजन किया जाएगा। इस टॉक शो में देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियां 'द सस्टेनेबल प्लानेट' पर अपनी बात रखेंगी। टेडेक्स कांके के क्यूरेटर राजीव गुप्ता ने बताया कि टॉक शो की तैयारियां पूरी कर ली गई है। टॉक शो में हसिरू डाला इनोवेशन की फाउंडर नलिनी शेखर द्वारा 'अपना दृष्टिकोण बनाएं : शहरी गरीब या पर्यावरणविद्' विषय पर अपनी बात रखी जायेगी। स्कूबा स्कूल इंटरनेशनल की स्कूबा इंस्ट्रक्टर शौर्या तारिणी 'संरक्षण-प्रेम के कारण, भय के कारण नहीं' पर चर्चा करेंगी। तजना शिलेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर रोशन लाल शर्मा 'वन : एक महान आशीर्वाद', सेल के एचआरडी ईडी संजीव कुमार 'स्थिरता के लिए डिजिटल परिवर्तन', फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रिसर्च एसोसिएट हिमाद्रि विश्वास 'सामुदायिक जागरूकता और भागीदारी द्वारा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना', स्ट्रेटेजिक एलायंसेस एंड सेल्स सिबरोस के वाईस प्रेसिडेंट शिवालिक प्रसाद 'कनेक्टेड और सस्टेनेबल मोबिलिटी', विषय पर अपने विचार साझा करेंगे।


AFFIDAVIT

I,Subhash Kumar s/o. Sri Chhotan Lal Aged About 60 Yrs. by Faith Hindu by occupation-Retd Person r/o.&Otr. no.2/34,C.M.P.F Colony Dhanbad P.O& Distt.Dhanbad State Jharkand do hereby Solomnly affirm as under -

**1.** That, my daughter actual name Is Isha Paswan.

**2.** That, my daughter actual date of birth is 29/01/2010.

**3.** That my daughter name has been mentioned in Rekha kumari as par Adhar card no. 882083382007.Which is Wrong.

**4.**That, my daughter called and known to Isha Paswan in the Locality Which is correct & genuine.

**5.**That, I am Swearing this affidavit to File it before the competent authority for needful.


## प्रभु येसु जगत में आये ताकि मनुष्य बहुतायत का जीवन प्राप्त करें : सुजीत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रभु येसु मसीह के पृथ्वी में जन्म लेने के बाद यूहन्ना रचित सुसमाचार (10:10) के आलोक में वचन कहता है कि मैं इसलिए आया ताकि वे जीवन पाएं और बहुतायत से पाएं। एनडब्ल्यू जीईएल चर्च के सुजीत कुजूर ने बताया कि ख्रीस्त जयंती से पूर्व मसीही आगमन काल में जो आध्यात्मिक तैयारी, मनन चिंतन कर रहे हैं, उसमें इस बात पर खास मंथन करने की जरुरत है कि क्या ख्रीस्त के विश्वास मौजूदा समय में बहुतायत का जीवन जी रहे है। परमेश्वर पिता का उद्देश्य था कि विपरीत परिस्थितियो से निकलकर हम एक बहुतायत और विजय का जीवन प्राप्त करे। बहुतायत के जीवन का मतलब है मनुष्य के जीवन के वे सारे क्षेत्र जिसमें मुख्य रुप से आत्मिक, सामाजिक, व्यक्तिगत, आार्थिक, पारविारिक व धार्मिकता के क्षेत्र में बहुतायत का जीवन प्राप्त करना है। प्रभु येसु मसीह पृथ्वी पर हम सभी के बीच रहकर हमें जीवन की विषम परिस्थितियों में जीने का आदर्श दे गए। उन्होंने अपने जीवन और कार्य और जीवन से यह बताया कि इंसान परमेश्वर के साथ और परमेश्वर पर विश्वास कर पाप से दूर रहकर भलाई के कार्य करते हुए बहुतायत का जीवन प्राप्त कर सकता है। प्रभु येसु हमें अपनी शिक्षा में हमें सिखलाते हैं कि परमेश्वर ने हमारे लिए बहुत सुन्दर जीवन ठहरा कर रखे हैं इसे हमें प्राप्त करने की जरुरत है। इस नजरिए से ख्रीस्त विश्वासियों को बहुतायत का जीवन और विजयी जीवन प्राप्त करने के लिए जरुरी है कि वे प्रभु येसु पर विश्वास करें, बाईबल की शिक्षाओं को ग्रहण करें । प्रभु येसु से प्रार्थना करें कि इस क्रिसमस संपूर्ण विश्व में अमन शांति, प्रेम, भाईचारगी के साथ तरक्की करे। हमारे खूबसूरत देशा को परमेश्वर पिता आशीष दे देश उन्नति करे और देश के सभी नागरिक बहुतायत का जीवन प्राप्त कर सकें।

## देदीप्यमान ज्योति की प्रतीक्षा का समय है आगमन काल : कंचन

रांची। आगमन का काल देदीप्यमान ज्योति की आग्रह के साथ प्रतीक्षा की विशेष अवधि है। मुक्तिदाता का जन्म एक महापर्व है तो इसकी तैयारी साधारण कैसे हो सकती है? उक्त बातें युवा मसीही विश्वासी कंचन किरण सुंडी ने कही। उन्होंने बताया कि मुक्तिदाता का जन्म कोई साधारण घटना नहीं है। जरा सोचें व चिंतन करें कि इस घटना को लेकर एक कुंवारी गर्भवती होगी पुत्र प्रसव करेगी। जो एक रहस्यात्मक बात है ही पिता परमेश्वर का हमारे प्रति उनके अगाध प्रेम को प्रकट करने का एक चिन्ह है यह घटना। सिमेयोन वर्षों से मुक्तिदाता की प्रतीक्षा कर रहा था। इन्तजार कोई एक दिन या दो दिन का नहीं बल्कि वर्षों का इन्तजार..... कितनी व्याकुलता और आग्रह के साथ अपने मुक्तिदाता की बाट जोह रहा था। मुक्तिदाता के जन्म को लेकर क्या आपके और हमारे अन्दर इतनी व्याकुलता और तृष्णा है? क्या हमने अपने आप को मन, वचन और शरीर से उस मुक्तिदाता के आगमन के लिए तैयार किया है। मुक्तिदाता हमारे दिलों में आकर वास करें इसके लिए अपने ह्रदय को पाक साफ बनाया है। यूं कहें कि क्या हमारा ह्रदय अपने मुक्तिदाता को देखने के लिए व्याकुल है? आइए हम आग्रह के साथ व्याकुलता के साथ अपने ह्रदय को तैयार करें। आगमन काल इस संसार के समस्त मसीहियों के लिए सच्चे मन और पवित्र ह्रदय से शांति के राजकुमार, राजाओं के राजा येसु के आगमन का स्वागत करें।

स्पीड न्यूज

## ओवरब्रिज निर्माण के लेकर महेश शर्मा ने की सभा

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के युवा कांग्रेसी नेता महेश शर्मा के निजी कार्यालय में पिस्का ओवरब्रीज के जल्द निर्माण को लेकर आम सभा कर कार्य जमीन का कागजात देखकर निष्पादन किए। जिससे आम जनता को काफी राहत हुआ। मौके पर नगड़ी अंचल के अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ,बड़ा बाबू एलन लकड़ा और राजस्व कर्मी संदीप उरांव रीतेश कुमार शामिल थे। ज्ञात हो कि ओवरब्रीज के निर्माण कार्य में विलंब के कारण आये दिन जाम के कारण आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है रोजना पिस्का रेलवे क्रासिंग में दो से तीन घंटा जाम हो जाता है।

## ट्रांसफार्मर का विधायक प्रतिनिधि ने उदघाटन किया

**पिठोरिया।** मल्सरिंग पंचायत के सिरांगो गांव में 25 केवी का ट्रांसफार्मर विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण के सहयोग से लगाया गया। मौके पर कांके प्रखंड उप प्रमुख अजय बैठा, प्रभात भूषण और रमलखन मुंडा ने संजुक्त रुप से फीता काट कर उद्धघाटन किया।

## कांग्रेस ग्रामीण जिला कार्यकारी अध्यक्ष को स्वागत किया

**पिठोरिया।** कांग्रेस ग्रामीण जिला कार्यकारी अध्यक्ष पद के लिए शपथ ग्रहण से पूर्व ऐनुल हक अंसारी ने पिठौरिया चौक स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया वही ऐनुल हक अंसारी को राँची ज़िला ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने पिठोरिया चौक पर फूल माला पहनाकर बधाई दिए। मौके पर रामेशवर राम, हाफिज अंसारी समेत कई लोग शामिल थे।

## चोरी करते एक अपराधी गिरफ्तार

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के कोरी पुल में लगे सेफ्टी गार्ड को चोरी करते एक अपराधी को रंगेहाथ बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी वाहिद अंसारी सेन्हा थाना क्षेत्र के अररू गांव का रहने वाला है उसके साथ अन्य दो अपराधी थे जो फरार होने में सफल रहे। चोरों के द्वारा लाया गया एक ट्रक भी पुलिस ने जब्त किया। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये एक टीम का गठन किया गया है। गिरफ्तार अपराधी ने पुलिस को बताया की उनका एक गिरोह है जो सड़क किनारे लगे स्टील की स्लाइडर की चोरी कर कबाड़ी में बेचा करता है।

## भाजपा नेता जैलेंद्र ने किया कंबल का वितरण

**अनगड़ा।** प्रखड के सुदूर जोन्हा पंचायत के बुढा कोचा में ठंढ से बचाव के लिए भाजपा युवा नेता एव प्रदेश कार्यसमित के सदस्य जैलेंद्र कुमार ने बुधवार को वृद्ध जनो के बीच कम्बल का वितरण किया । द्वारा किया मौके पर पंस सदस्य दिलीप बेदिया,एतवा भगत,मनीराम बेदिया, आदि उपस्थित थे।

## श्री हनुमान चालीसा का किया गया पाठ

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के नगड़ी स्थित अम्बेडकर मुहल्ला में अर्धनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर का पुन्ना कार्य आरंभ भगवान सत्यनारायण कथा और संध्या में सामुहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ तथा 51 दीपों का भव्य महाआरती का आयोजन किया गया मौके पर धर्मसभा में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सह समाजसेवी केदार महतो, समाजसेवी तपेश्वर केसरी शामिल थे । मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आज हर ओर सनातन धर्म का ही शोषण हो रहा है सनातन धर्म के युवाओं तथा छोटे छोटे बच्चों का अपने सनातन धर्म के प्रति रूचि होना समाज के लिए शुभ संकेत है धर्म ही हमें हिंसा, पाप और निर्धन होने से बचाता है इस लिए जहां धर्म का वास होता है वहां संसार की हर सुविधा अपने आप आ जाता है धर्म हमें संस्कारी होना भी सिखाता है। इसलिए सनातन समाज के हर लोग कुछ समय के लिए सुबह और शाम में मंदिर जरूर जाएं और सुबह तथा शाम घर के देवी देवता कुलदेवी दीप जरूर दिखाएं।

# मजदूरों ने कहा, मागें मानी नहीं गईं तो करेगें आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** वाटर फिल्टरशन प्लांट रूक्का में बुधवार को मजदूरों की समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। मजदूरों के साथ बैठक में कार्यपाल अभियंता, एसडीओ व कंपनी एपीसीएल अहमदाबाद गुजरात के एमडी व विभाग के जई उपस्थित थें। बैठक में उपस्थित आउटसोर्सिंग मजदूरों की ओर से 10 सूत्री मांगे रखी गई। जिसमें मुख्य रूप से मजदूरों के मानदेय वृद्धि व प्रत्येक माह सात से दस तारिख तक भुगतान करने व पे-सिलिप देने, सहित पीएफ प्रत्येक माह अपडेट करने, नियमानुसार बोसन, मेडिकल कार्ड उपलब्ध कराने व 10 वर्ष से अधिक कार्यरतों को कुषल श्रेणी में शामिल करने आदि की मांग रखी गई। वहीं बताया गया कि मजदूरों को भुगतान कंपनी द्वारा जितना बताया जाता है।



अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित प्लांट के मजदूर गण।

उसमें पांच सौ से दो हजार तक पेमेंट कट कर एकाउंट में आता है। इंष्योरेंस का लाभ कैसे मिले इसपर चिंता जताते हुए मजदूरों ने कहा ज्यादातर मजदूर पढे-लिखे नही हैं। वहीं कंपनी के एमडी पूजन शाह ने घायल मजदूर अमृत मुंडा व दिनेष महतो को 48 घंटे के अंदर मुआवजा राषि देने सहित मजदूरों की लगभग सभी मांगे मान ली गई। एमडी ने कंपनी के एचआर को निर्देष दिया कि सभी की केवाईसी जल्द अपडेट करें। 15 जनवरी तक (दो क्वाटर) पीएफ जमा का दिया जाएगा। लेकिन मजदूरी में वृद्धि नही किए जाने से नाराज हो मजदूर बैठक से उठ कर चले गए। मजदूरों ने फिर से आंदोलन करने की चेतवानी भी दी है। वहीं कार्यपालक अभियंता (मैकनिकल) प्रवीण भगत ने कहा मजदूरों को पेमेंट कटने पर क्रोस वेरीफिकेषन सभी समस्याओं को तत्काल दूर होना चाहिए था। उन्होने कहा प्लांट का बेहतर संचाल व किसी को असुविधा न हो इसी उदेष्य से सभी का कार्य करना चाहिए। मौके पर कार्यपालक अभियंता (सिविल) राधेष्याम रवि, एसडीओ (यांत्रिक) होरेन कच्छप, एसडीओ सीताराम बैठा, विभाग के जेइ गंदुर उरांव, आरपी सिंह, संजय मुंडा, रोहित उरांव, संजीत कुमार आदि उपस्थित थें।

बैठक क्यों करना पड़ा- प्लांट के मजूदरों को पिछाले चार माह से मजदूरी नही मिला था। वहीं सात माह से पीएफ भी नही अपडेट किया गया था। इसके अलावे अन्य समस्याओं को लेकर नाराज मजदूरों ने प्लांट में कार्य वाधिक कर धरना प्रदर्षन पर बैठक गए थें। उस समय कार्यपालक अभियंता राधेष्याम रवि, सीओ विजय केरकेट्टा व थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने मजदूरों को आष्वासन देते हुए दो दिन में बैठक व समस्या का समाधान कराने का बात कही गई थी।

# स्कूल का भवन आज भी अधूरा, बच्चे आधे अधूरे भवन में पढ़ने को मजबूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मुड़ामु गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन बनने के आठ वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। स्कूल के इस भवन में ब्लैकबोर्ड फर्स तक नहीं बना हुआ है, भवन में खिड़की तक नहीं लगा। वही दरवाजा टूटा पड़ा हुआ है। वर्ग एक से पांचवी तक संचालित होने वाले इस प्राथमिक विद्यालय में कुल 80 बच्चें नामांकित हैं। बेंच-डेस्क और कमरे के आभाव में बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं। वही विद्यालय के संचालन हेतु विभाग द्वारा दो पारा शिक्षक विद्यालय में नियुक्त है। जबकि शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए केंद्र व राज्य सरकार एड़ी से लेकर चोटी तक जोर लगा रही है। इसके बावजूद सरकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। विद्यालय भवन का आलम यह है कि छात्र-छात्राएं आधे अधूरे व जर्जर भवन में अपना भविष्य गढ़ रहे है। लेकिन इस स्कूल भवन की सुध लेने वाला कोई नहीं है। 2016 में बना स्कूल भवन आधा अधूरा पड़ा हुआ है। इस अधूरे भवन के बारे में कोई सोचने समझने वाला नहीं हैं। जनप्रतिनिधियों से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता ने यहां के नौनिहालों को बेहतर माहौल से वंचित रखा है। स्कूल में आज भी आधे अधूरे व जर्जर भवन में बच्चे बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। ऐसे में प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर ऊपर जाने के बजाए नीचे जाता हुआ नजर आ रहा है। कहीं जर्जर भवन के कारण बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं तो कहीं स्कूलों में मुलभूत सुविधाएं व हालत बदतर है। वही सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर पढ़ाई के साथ अच्छी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के सरकार के दावे धरातल पर खोखले नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि गांव में स्कूल और उसमें पढ़ने वाले बच्चे भी हैं। लेकिन नौनिहालों को प्रारंभिक शिक्षा के लिए बच्चों को पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। इसे लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी से बात करने पर उन्होंने कहा कि मामले को लेकर जांच किया जाएगा। जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर करवाई की जाएगी।



आधा अधूरा बना विद्यालय।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने ग्रामीणों को दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में राहे प्रखंड के लोवाहातू ओर नवाडीह गांव में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक, पीएलवी कपिलदेव प्रसाद केशरी, पुष्पा कुमारी, सोनामनी देवी, रामेश्वर चौधरी, शिला कुमारी, सम्पा दास प्रीति पाल ओर राजा उपस्थित थे।

डालसा के अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक व पीएलवी ने उपस्थित लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। पीएलवी कपिलदेव प्रसाद केशरी एवं रामेश्वर चौधरी ने बाल विवाह एवं बाल श्रम पर जानकारी दी। सोनामनी देवी एवं पुष्पा कुमारी ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिला कुमारी, सम्पा दास एवं प्रीति पाल ने लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण लाभकारी कार्यक्रम की जानकारी भी दिया गया।



लोवाहातू गांव में डोर टू डोर जागरूकता करते डालसा के लोग।

## प्रोफेसर कमलेश कुमार बनें केंद्रीय मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के सदस्य

**चान्हो।** प्रखंड के चोरेया गांव निवासी प्रोफेसर कमलेश कुमार साहू को केंद्रीय मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इनको मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 (धारा 34 की उप-धारा (1) के खंड (जे) के तहत) के तहत नामित किया गया है। इससे संबंधित सूचना ग्यारह नवंबर को ही गैजेट ऑफ इंडिया (संख्या-5025) के तहत प्रकाशित किया जा चूका है। उनकी इस सफलता पर पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। उन्हें बधाई देते हुए संदीप कुमार मिश्र ने कहा कि छोटे से ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर भारत के राजपत्र मैं अपना नाम लिखवाना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उनके अलावा उन्हें बधाई देने वालों में प्रदीप मिश्रा, सुदामा साहू, उदय नारायण सिंह , रमेश सिंह आदि शामिल हैं। बताते चलें कि कमलेश ने रांची से ही एमफिल की डिग्री ली थी और वर्तमान में वे चंडीगढ़ स्थित एक निजी कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मनोविज्ञान की कई पुस्तकों को भी उन्होंने सम्पादित किया है।



प्रो. कमलेश कुमार साहू ।

## एक नजर में

### पूर्व शिक्षक के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

**राहे।** राहे गांव निवासी पूर्व शिक्षक मुरलीधर सिंह (75 वर्ष) का मंगलवार रात को गुरु नानक अस्पताल रांची में इलाज के क्रम में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को राहे के कोकरो नदी के श्मशान घाट पर किया गया। उनके पुत्र परिमल सिंह ने मुखाग्नि किया। वे मध्य विद्यालय कापीडीह राहे से प्रभारी प्रधानाध्यापक पद में सेवानिवृत्त हुए थे। वे नोकरी के दौरान प्रखंड के कई विद्यालयों में अपनी सेवा दे चुके थे। अपने सेवा काल मे काफी लोकप्रिय थे। ये क्षेत्र के समाजिक एवं धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़ चढ़ कर भागीदारी देते थे। उनके निधन पर पेंशनर समाज संघ के सदस्यों,के अलावे प्रखंड के शिक्षाविदों आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### प्रखंड झामुमो का दक्षिणी पंचायत कमेटी गठित

**रातू।** झामुमो प्रखंड समिति की बैठक बुधवार को बड़काटोली स्थित आदिवासी अखरा स्थल में हुयी। बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से दक्षिणी पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इसमें कुर्बान अंसारी अध्यक्ष, बबलू उरांवउपाध्यक्ष, सुमित तिर्की सचिव, बसंत ऊरॉव कोषाध्यक्ष, ऐनुल अंसारी संगठन सचिव और आनंद कुमार गुप्ता सह सचिव चुने गये। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में अनिल उरांव, अमन अंसारी, सोनू अंसारी, आसिफ रजा, सोलोक नागरची, विपिन खलखो व अनूप नायक शामिल हैं। कमेटी के पदधारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर ग्राम प्रधान देबिया ऊरॉव, अनिल ऊरॉव, रिंकू अंसारी, जाबिर अंसारी, सुनील उरांव, फगुआ उरांव, शमशाद अंसारी, अनूप नायक व भदवा ऊरॉव आदि मोर्चा कार्यकर्त्ता मौजूद थे।



## बेड़ो वन विभाग ने लकड़ी बोटा लदा टर्बो ट्रक किया जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के नेहालुकपाड़िया गांव के लाठिया टोली जंगल से मंगलवार की रात्रि में वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक टर्बो ट्रक बिना नंबर गाड़ी से 45 पीस साल लकड़ी का बोटा लदा बरामद किया। इसे लेकर वन आरक्षी सुभाष प्रमाणिक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग बेड़ो के गस्ती दल के द्वारा पकड़ा गया। वही सूचना के आधार पर जैसे ही वन कर्मी वहां पहुंचे टर्बो ट्रक गाड़ी का चालक व खलासी वंरक्षी कर्मियों को देख कर रात्रि के अंधेरे में जंगल झाड़ी का फायदा उठाकर भाग निकले। वनकर्मियों के द्वारा लकड़ी लदा हुआ गाड़ी को जब्त कर वन क्षेत्र कार्यालय परिसर लाया गया। इधय अज्ञात लकड़ी तस्करों के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा कानूनी करवाई किया जा रहा है। इस अभियान में वनरक्षी रविशंकर महली, सुभाष चन्द्र प्रामाणिक, इन्द्रजीत कुमार, भूपेंद्र प्रसाद, विकाश सिंह व संजय भगत शामिल थे।

# सीलबंद गोदाम से अनाज गायब होने के मामले में संहा दर्ज

**मजिस्ट्रेट ने खोला ताला**
**चावल के लिये गये नमूने**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** डीएसओ अल्बर्ट बिलुंग के निर्देश पर बीएसओ मनोज कुमार ने बुधवार को एसके ट्रेडिंग कंपनी की झखराटांड़ स्थित गोदाम के प्रो सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता के खिलाफ रातू थाने में संहा दर्ज कराया है। श्री गुप्ता पर 30 नवंबर को सील किये गये गोदाम में रखे सैकड़ों बोरी पीडीएस चावल को कथित रूप से गायब करने का आरोप है। 5 दिसंबर को गोदाम के गेट पर लगे ताले खोलने पर बतौर मजिस्ट्रेट श्री बिलुंग ने पाया कि गोदाम में चावल की एक भी बोरी नहीं थी। इसके उपरांत, उन्होंने गोदाम के अंदर पड़े 20 से अधिक पत्तल, रोटी, चावल, सब्जी व सलाद आदि की फोटो ग्राफी करायी। वहीं, चावल के नमूने लेकर जांच के लिये आरसीएच भेज दिया। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि चावल पीडीएस की है या नहीं। फिलहाल पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है।

**क्या है हकीकत**

श्री बिलुंग को खबर मिली थी कि गोदाम में राशन माफिया के द्वारा पीडीएस गेहूं और चावल की हेराफेरी की जाती है। यहां एफसीआई की सैकड़ों बोरी गेहूं और चावल रखा गया है। सूचना पाकर उन्होंने न केवल टीम का गठन किया, बल्कि खुद भी यहां आये। गोदाम के पूरब और पश्चिम दोनों गेट पर ताले लगे थे। कर्मचारियों से चाबी मांगी। किंतु, देने से मना करने पर उसे सील कर दिया था।

**कंपनी को बदनाम करने की साजिश : सुरेंद्र गुप्ता**

श्री गुप्ता ने कहा कि मुझे और मेरी कंपनी को बदनाम करने की साजिश रची गयी है। गोदाम में पीडीएस चावल होने और राशन माफिया से मिलीभगत का अफवाह फैलाया गया, जो तथ्यहीन है। बीएसओ को भी बेवजह घसीटा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस दिन डीएसओ ने गोदाम में छापेमारी की, वहां चावल की कोई बोरी नहीं थी। अल्वत्ता, किसानों से खरीदे गये चावल, गेहूं व मक्का आदि प्लास्टिक बोरी में थे।

## अईनुल हक अंसारी बने रांची जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष



**पिठोरिया।** कांग्रेस में प्रदेष के 24 जिला अध्यक्षों की सूची की थी, उससे मुस्लिम और दलित कांग्रेस से नाराजगी देखते हुए मंगलवार को प्रदेष प्रभारी अविनाष पांडे मंगलवार देर शाम चार जिलों के जिलाध्यक्षों को बदलकर और कई जिलों में कार्यकारी अध्यक्षों की सूची जारी की है। इसी क्रम में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अईनुल हक अंसारी को बनाया गया है। इसे लेकर मुस्लिम व दलित कार्यकत्ताओं में खुषी की लहर है। प्रदेष कार्यालय में बुधवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं अईनुल हक अंसारी ने प्रदेष प्रभारी व राजेष ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने कहा है कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेवारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करते हुए कांग्रेस पार्टी के सांगठनिक ढांचे को और मजबूत करने का काम करुंगा। इनके मनोनयन पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, अजय नाथ शाहदेव, विधायक राजेष कच्छप, इरफान अंसारी, सहजादा अनवर, रामा तिर्की, सुरेष कुमार बैठा, सुन्दरी तिर्की, मदन कुमार महतो, मुंतजीर अहमद रजा, महताब आलम, रहीम अंसारी, मुमताज खान, सोमरा उरांव सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

# 14वां एशियन ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में झारखंड का रहा जलवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाईलैंड में आयोजित 14 वां एशियन ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में झारखंड के ब्राम्बे निवासी चौबीस वर्षीय बिरसा टोप्पो की अगुवाई में भारतीय टीम ने चौंथा स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन थाईलैंड में 17 से 27 नवंबर तक किया गया था। थाईलैंड जाने वाली टीम में पूरे देश से बॉयज और गर्ल्स मिलाकर कुल 54 सदस्य शामिल थे। लड़कों की इस प्रतियोगिता में जहां इंडोनेशिया ने पहला स्थान हासिल किया था वहीं भारत की टीम चौथे स्थान पर रही थी।

**नेशनल गेम्स में मिला था दूसरा स्थान :** इसी वर्ष 4 अप्रैल को केरल में आयोजित नेशनल ड्रैगनबोट प्रतियोगिता में झारखंड की टीम को दूसरा स्थान बिरसा की अगुवाई में मिला था। इसी दौरान पूरे देश से बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिलाकर राष्ट्रीय टीम का चयन किया गया था जिसमें झारखंड से एकमात्र बिरसा टोप्पो शामिल थे।



**आधारभूत संरचनाओं का है घोर अभाव :** रांची जिले में इस खेल की प्रैक्टिस या कोचिंग कहे तो पतरातू डैम में कराया जाता है। बिरसा की आर्थिक स्थिति ऐसी भी नहीं है कि वह प्रतिदिन प्रैक्टिस के लिए पतरातू जा सके। बिरसा ने बताया कि वह किसी और की बाइक लेकर सप्ताह में 2 दिन प्रैक्टिस के लिए पतरातू जाता है। सबसे दुख की बात कि इन लोगों ने इस खेल के प्रैक्टिस के लिए जो नौका बनाई थी वह आम की लकड़ी से खुद से बनाई थी जो कि काफी दिन होने के कारण अब सड़ चुका है।

**सरकार से है मदद की आस :** बिरसा ने बताया कि इस टूनामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद अभी तक कोई भी सरकारी अधिकारी या खेल एसोसिएशन के लोग उससे मिलने तक नहीं आए हैं। उसका कहना है कि सरकार इस खेल के विकास पर समुचित ध्यान दे जिससे इस खेल में भी अन्य खेलों की तरह झारखंड के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सकें।

## बायो सीएनजी संयंत्र होगा स्थापित

**इटकी।** मुंबई की एमसीएल कंपनी के सहयोग से इटकी कृषक एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड व एएएलएस छोटानागपुर ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा संयुक्त रूप करीब 55 करोड़ रुपये की लागत से इटकी व बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में बायो कोल एवं बायो सीएनजी संयंत्र स्थापित की जायेगी। इसकी शुरूआत इटकी प्रखंड के कुंदी गांव से की जायेगी। उक्त जानकारी एएएलएस छोटानागपुर ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन अजय कुमार साहू ने बुधवार को समाज शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महताब आलम को दे रहे थे। वे कंपनी द्वारा लगाये जा रहे प्रोजेक्ट की जानकारी लेने कुंदी स्थित कृषक एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी के कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान महताब आलम बायो गैस व बायो कोल उत्पादन संयंत्र संबंधी प्रावधानों से अवगत हुए। श्री साहू ने बताया कि पहले फेज में कुंदी में करीब तीन करोड़ की लागत से बायो कोल प्लांट स्थापित किया जाएगा। इसके लिये भूमि का चयन कर लिया गया है।

## कोयला खदान के विस्तारीकरण को लेकर सीसीएल प्रबंधन एवं विस्थापितों की बैठक संपन्न



**पिपरवार।** सीसीएल अशोका परियोजना स्थित बिजैन पैच से कोयला उत्खनन का कार्य अवरुद्ध रहने एवं कोयला खदान का विस्तारीकरण को लेकर सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में बुधवार को विस्थापित ग्रामीणों के संग सीसीएल पिपरवार प्रबंधन की बैठक का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय ने किया कइस बैठक में मुख्य रूप से टंडवा अंचल अधिकारी विजय कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित थे । विजैन पैच से कोयला उत्खनन का कार्य को मूर्त रूप देने को लेकर अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा उपस्थित विस्थापितों की मांगों को अविलंब पहल किए जाने के आश्वासन के पश्चात उपस्थित विस्थापित ग्रामीणों ने अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार का बैठक में आभार व्यक्त किया। साथ ही कोयला उत्खनन का कार्य जल्द चालू किए जाने मैं विस्थापितों से सहयोग की अपील की गई । इस बैठक में मुख्य रूप से पिपरवार कार्मिक व प्रशासनिक पदाधिकारी आलोक मनीष सोए ,स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी शर्मा ,एचओडी एल एण्ड आर संदीप चौधरी, अशोका परियोजना ओसीपी कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, पर्सनल ऑफिसर रवि बाड़ा, एचओडी एल एण्ड आर सच्चिदानंद सिंह, टंडवा प्रखंड उपनिरीक्षक सेल्सियस केरकेट्टा, एवं विस्थापित ग्रामीणों की ओर से रंथु गंझु, फकीरा गंझु , देवाली गंझु, राजकुमार गंझु, मणि गंझु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# दिल जीता

आम आदमी पार्टी को एमसीडी में जीत मिली है। मतलब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ही सरकार है और अब मेयर भी आप का ही होगा। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका मिला है। पिछले 15 साल की सत्ता भाजपा के हाथों से छिन गई। कुल 250 वार्ड हैं। इस बार कुल 50.47 प्रतिशत लोग ही वोट डालने पहुंचे। 134 वार्डों में आम आदमी पार्टी की जीत हुई है। भारतीय जनता पार्टी को 104 सीटों कांग्रेस नौ और तीन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव जीते।

भाजपा 15 साल का एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर के साथ कूड़े के ढेर का मुद्दा भी आम आदमी पार्टी ने बनाया। भाजपा इन आरोपों का सही से जवाब नहीं दे पाई। नगर निगम के कामकाज से भी वोटर भाजपा से काफी नाराज थे। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली मॉडल को पूरे देश में प्रचारित करना शुरू कर दिया। मुफ्त बिजली का वादा सबसे ज्यादा केजरीवाल को फायदा दिलाता है। बढ़ती महंगाई के बीच लोगों को मुफ्त बिजली की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा महिलाओं को बस में मुफ्त यात्रा, बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा की सुविधा ने झुग्गी-झोपड़ी के साथ-साथ सामान्य वर्ग के वोटर्स को भी आम आदमी पार्टी से जोड़ा।

मुस्लिम वोटर्स का पूरा वोट आम आदमी पार्टी को मिला। कांग्रेस के विकल्प के तौर पर मुस्लिम वोटरों ने आप को देखा। केजरीवाल ने बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा कराना शुरू कर दिया। अयोध्या मंदिर दर्शन कराने के लिए लोगों को ले जाने लगे। इसके चलते हिंदू वोटर्स में भी आप ने जगह बना ली। दिल्ली के लोग आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच रोज-रोज की लड़ाई से भी तंग आ चुके थे। देश के दिल कहे जाने वाले दिल्ली पर आप ने कब्जा कर संकेत दे दिया कि वह कांग्रेस की बड़ी विकल्प साबित होगी और भाजपा के लिये चुनौती भी।

# ईरानी महिलाओं की पीड़ा

देक तर में खेले जा रहे फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के विरुद्ध एक मैच में ईरानी खिलाड़ियों ने अपना राष्ट्रगान गाने से इनकार करके अपने देश में जारी महिला अधिकारों के आंदोलन की ओर दुनिया का ध्यान खींचा है। इस इस्लामिक गणतंत्र में सख्त ड्रेस कोड के मामूली उल्लंघन के चलते एक युवती को दी गई यातना से हुई मौत के बाद पूरा ईरान आंदोलनों से उबल रहा है। लोग सड़कों पर उतर रहे हैं और ह्यवुमन, लाइफ, फ्रीडमह्ल के नारे लगा रहे हैं। मानवाधिकार कार्यकर्ता आरोप लगा रहे हैं कि आंदोलन के दमन के लिये शासन-प्रशासन निर्दोष लोगों को मार रहा है। आरोप है कि इस आंदोलन में अब तक बड़ी संख्या में लोग मारे जा चुके हैं, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पूरी दुनिया में ईरानी महिलाएं और उनके समर्थन में जुटे लोग ईरान की निरंकुशता का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। वे पिछले दो महीनों में हिजाब विरोधी प्रदर्शनों के दमन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, आक्रोश के लावे पर बैठे ईरान में 16 सितंबर को बाईस वर्षीय महसा आमिनी की मौत के बाद स्थिति बेहद खराब हो गई। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सुरक्षाबलों के साथ टकराव में जहां चार सौ के करीब लोग मारे गये हैं, वहीं करीब सत्रह हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर ईरानी सत्ताधीश इस आंदोलन को पश्चिमी देशों की मदद से चलने वाले राष्ट्रविरोधी आंदोलन बता रहे हैं। दरअसल, ईरान में फुटबॉल बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन उसका राजनीतिक पक्ष भी है। एशिया का माराडोना कहे जाने वाले अली करीमी इस्लामिक गणतंत्र के कटु आलोचक रहे हैं। दरअसल, ईरान में महिला अधिकारों के समर्थक विश्वकप से पहले फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों के ईरानी राष्ट्रपति से मिलने की आलोचना करते रहे हैं।

# हिंसा और युद्ध की आग से बचायेगा एशिया...



**वक्त-** वक्त की बात है किसी को वक्त मिला खुद को गढ़ने में पूरी समय लगा दी,ौर इसी धरती पर कुछ ऐसे भी हैं कि प्रकृति अपने नियम चक्र तोड़ भी दे उनके लिए फिर भी खुद के बजाय उम्र गुजार देते हैं। देश में कहावत है कि जब मनुष्य टूटता है ,घर बिखरता है जब घर बिखरता है तब रिश्तेदार तड़पते हैं रिश्तेदार तड़पते हैं तब समाज कमजोर होती है। जब समाज कमजोर होती है तब इसका असर राष्ट्र अस्तित्व विहीन हो जाता है। इसका तात्पर्य हुआ कि अकेले ना ही कोई गलत या ना ही सही होता है। सभी जुड़े है आपस में । सबो का अपना अपना किरदार है जो किसी एक के बिना अस्तित्व विहीन है। महत्वहीन है दुनिया की बात छोड़िए, दुनिया की बात अभी करना बेमानी होगी। क्योंकि हम महाद्वीप अनुसार एशिया के समाज को क्षति पहुंचा रहे हैं ह्ल तभी तो एशिया शोषण के मामले में राजतंत्र एवं गुलामी से जब उभरा युद्ध लड़ी, कुर्बानिया दी। इससे इतिहासे भरी पड़ी है। यह तो बुजुर्गों वाली दकियानूसी है मगर इसका नतीजा एशिया के दानव संप्रभुता को हथियार बनाकर पूरी एशियाई समाज, मौसम ,हवा ,पानी को विघटित कर रही हैं। जिससे हर क्षमता के बावजूद एशिया युद्ध की विविसीका में फंसा बस सांसे गिन रहा है। यह सभी एशियाई दीप के नागरिकों का कर्तव्य एवं जिम्मेवारी है कि अपनी साख एवं औकात बचाकर मानव के लिए मानवता पथ पर बढ़ चले । दो चार कदम खुद से ऊपर उठकर चलने में कठिनाइयां भरी लगेगी यानी खाया पिया कुछ नहीं प्लेट तोरा बाहर आने का, कहावत वाली हुई। मगर जैसे-जैसे कदम उस और बढ़ेंगे तन की गर्मी खत्म हो जाएगी, और मन बस बिना रुके बिना थके कदम को बढ़ते रहने का आदेश कृष्ण की तरह सारथी ही बनकर देती रहती है । एशिया की सभ्यता संस्कृति कितनी पुरानी नहीं पौराणिक है कि निश्चित प्रमाण मिलना संभव नहीं। एशिया की पूरी क्षेत्र पर गौर किया जाए तो एशिया हर संसाधनों खनिजों से भरी पड़ी है ही ह्ल साथ ही साथ ईश्वर की अनमोल आविष्कार मानव संसाधन में भी अव्वल है। यानी ईश्वर की विशेष अनुकंपा एशिया पर है। जबकि हम एशियन मानव विनाश की पाप करने में भी अव्वल है। यह कैसी नीतियां जो परिवार के सदस्य तोड़ रहे हैं। अपने ही अपनों को घेरकर हत्या तक कर विजेता बन रहे हैं।



-कुमार गौरव

> एशिया की सभ्यता संस्कृति कितनी पुरानी नहीं पौराणिक है कि निश्चित प्रमाण मिलना संभव नहीं। एशिया की पूरी क्षेत्र पर गौर किया जाए तो एशिया हर संसाधनों खनिजों से भरी पड़ी है। ही साथ ही साथ ईश्वर की अनमोल आविष्कार मानव संसाधन में भी अव्वल है। यानी ईश्वर की विशेष अनुकंपा एशिया पर है। जबकि हम एशियन मानव विनाश की पाप करने में भी अव्वल है।

यह जीत नहीं विन एशिया नामक सिद्धांत की हत्या करने के बराबर है। प्राचीन काल से देखिए विश्व में सर्वप्रथम एशिया में मानव कल्याण हेतु व्यवस्था बनाई गई तथा चलाई गई। तब से लेकर आधुनिक युग तक एशिया ने जितने धन मानव विनाश में बर्बाद किए सिर्फ खुद को सुरक्षित करने के डर से उस धन का उपयोग मानव सृजन के कार्य में खर्च करते तो एशिया पूर्णरूपेण स्वर्ग बन जाती लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आज जिस प्रकार युद्ध लगातार बढ़ता जा रहा है उससे यह तो साफ हो चला है कि विश्व में जिस आदम सभ्यता की हम आलोचना करते थे वह आज सभ्यता के नाम पर फिर से अपने को स्थापित करने में सफल हो गया है ।हम जाइलो ने तो खुद की हाथों से अपने स्वर्ग की आग लगाई है। इतिहासे पढ़ता हूं डर लगता है। अपने द्वारा अपनों पर ढाई गई बर्बरता की हकीकत जानकर फिर भी आज भी दुनिया के सबसे ज्यादा मानव संसाधन एशिया के पास हैं। यह दशार्ती है कि ईश्वर हम एशियन के साथ हैं । स्वर्ग मतलब अप्सराएं या सिर्फ इंद्र दरबार नहीं जमी पर। स्वर्ग मतलब पूरी एशिया सिर्फ गगन मार्ग या जलमार्ग नहीं सड़क मार्ग से भी कनेक्टिविटी का ऐसा जाल जहां एशिया में कहीं भी किसी भी तबके के व्यक्ति बड़े आसानी तथा आराम से सुरक्षित अपनी-अपनी सभ्यताओं का आदान प्रदान कर सकें । विज्ञान तथा प्रकृति का सुगम, खूबसूरत धरा बनाना बाजार में स्थिरता तथा पहचान एक समान दाल रोटी ,मान सम्मान, धन दौलत ,प्यार, बराबर का अधिकार हर मशक्कत करने वाले के नसीब में प्रकृति चक्र अनुसार मिलता रहे। एशिया की संप्रभु सीमाओं का सभी एशियाई सम्मान करें । स्वतः हत्याएं रुक जाएगी, शांति आ जाएगी प्यार जाग जाएगी, मानवता जीत जाएगी ,ऐसा नहीं कि ऐसा नहीं हो सकता, भाई साहब ऐसा हुआ है तभी तो खौफ की दुनिया में भी राम, रहीम ईसा, गुरु नानक मर कर भी मानव के लिए मानवता का पाठ लेकर जीवित है। वह भी ईश्वर के रूप में । अंधकरो में ही प्रकाश की महत्ता समझ आती है। चाहे ईश्वर हो या दानव या मानव अंधकार जितनी अंधेरी होगी रोशनी जला देने की बात उतनी ही प्रबल होते जाएगी। इसलिए अराजकता का त्याग कर एशियन अपनी अहमियत समझे तथा कम से कम एशिया को स्वर्ग नहीं बना सकते, तो कम से कम अराजकता से तो अपनों को मुक्ति दे । चलो एक प्रयास करते हैं इतनी हानियां हुई, एक कर्म और सही इमानदारी से अच्छाई की ओर कर चले। इतिहास के जरिए आने वाले समय काल में कम से कम आइडियल तो जरूर बने रहेंगे। जिससे एशिया जीवित रह सांसे तो लेती रहेगी। चाहे स्वर्ग हो या नर्क । चलते चलते बताता चलूं कि धर्म प्रचार प्रसार धन दौलत से नहीं विकसित होती । धर्म फल के पेड़ की तरह भूखों के लिए अपनी घोर प्रकृति परीक्षा में सफल होकर जो फल के रूप में आशीर्वाद पाती है। अपनी अहमियत से दुनिया को परिचित कराती है उसे भी पूरी तरह जनकल्याण को अपनी डाली झुका कर दे देती है। कोई ऐसा करेगा क्या, कि अपनी सारी कमाई अपने लिए कुछ भी ना रख कर सबको दे दे । और इसमें एशिया विश्व में नंबर वन है। एशिया महादेश मानव संसाधन के मामले में अव्वल है ही । साथ ही साथ मानव को मानवता तक ले जाने की कई आध्यात्मिक विचारधारा धर्म के रूप में अस्तित्व लिए है । मगर समय देखिए इसके कर्म बदल गए हैं । कर्म है धर्म की मानवता का मानव ता पथ गढ़ना जबकि आधुनिक एशिया ऐसी विरासत का धनी होने के बावजूद सिर्फ अपनी अपनी स्वार्थ को सर्वश्रेष्ठ साबित करने हेतु धर्म के लिए लकीर का फकीर बन बैठे हैं । धर्म है एशिया में ह्ल मगर संस्कार पूर्वजों की क्षीण होते जा रही है। ऐसे में एशिया पहले भी शांति का मशाल लेकर चला था और फिर एक बार दुनिया में शांति का पैगाम फैलायेगा जिससे सब सुरक्षित रहेंगे।

## खास बात

### मौत के बाद करवट

यह सच है और वैज्ञानिकों की यह नवीनतम खोज फोरेंसिक विशेषज्ञों के लिए जांच में मील का पत्थर साबित होगी। ऑस्ट्रेलिया की सेन्ट्रल क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एलिसन विल्सन के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की एक टीम ने इस संबंध में अनुसंधान किया है जिसकी रिपोर्ट फोरेंसिक साइंस इंटरनेशनल सिनर्जीजर्नल में प्रकाशित हुयी है।

विशेषज्ञों की टीम ने कहा है,ह्ल मरने के बाद भी इंसान शारीरिक अवस्था बदलना नहीं छोड़ता। इस नवीनतम जांच से पहले यह माना जाता था कि इंसान का शव जिस अवस्था में पाया जाता है वह मरने के समय उसी अवस्था में रहता है। यानी जब तक उसके साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाये तो वह अपनी स्थिति में बदलाव नहीं कर सकता। लेकिन हमारे अनुसंधान ने इस अनुमान को खारिज कर दिया है।

प्रोफेसर विल्सन ने कहा, एक बार मैंने देखा कि एक शव में हरकत हो रही है। इस संबंध में विस्तार से जानने के लिए मैंने गहरा अध्ययन किया लेकिन कहीं से मुझे कुछ भी नहीं मिला। इसके बाद मैंने इस पर शोध करने का निर्णय लिया।

विशेषज्ञों की टीम ने प्राकृतिक रुप से मरे इंसान के दान में मिले शव पर अनुसंधान करके यह नायाब नतीजा हासिल किया है। उन्होंने करीब 17 माह तक शव के क्षय होने की प्रक्रिया की फोटो ली और शव के पूरी तरह से क्षय हो जाने तक उसकी गतिविधियों की रिकॉर्डिंग की। इस दौरान उन्होंने पाया कि शव अपने आप हिलडुल रहा है और अपनी अवस्था में परिवर्तन कर रहा है। प्रयोग के लिए उन्होंने शुरू में शव के हाथों को शरीर से लगाकर रखा और एक समय के बाद उन्होंने पाया कि दोनों हाथ एक तरफ हो गये। हम समझते हैं कि शव में यह हरकत क्षय की प्रक्रिया के दौरान परिरक्षण तथा लिगामेंट्स के सूखने की वजह से हो सकती है। उन्होंने कहा हमारी यह खोज फोरेंसिक विशेषज्ञों के लिए काफी मददगार सिद्ध होगी। वे क्राइम सीन की सही तरह से मैपिंग कर सकेंगे , शव की अवस्था की सही स्थिति समझ सकेंगे और मौत के कारणों के बारे में सटीक जानकारी हासिल कर सकेंगे। अनसुंधानकताओं का मानना है कि यह पहली बार हुआ है।

**शोर** के बीच ये मेरी चुप्पी,
सुनके मैं खुद ही चौंक जाता हूं !
सच तो होता नही बर्दाश्त तुम्हें
झूठ मैं बोल नही पाता हूं।
– कुमार विश्वास, कवि

## आपके ट्वीट

पहले चरण में 2023 तक झारखंड के 200 गांव को सौर ऊर्जा से अच्छादित करने का लक्ष्य...

–हेमंत सोरेन, सीएम





**आदि** शंकराचार्य जी का पूरा जीवन जितना असाधारण था, उतना ही वो जन-साधारण के कल्याण के लिए समर्पित थे। भारत की ज्ञान-विज्ञान और दर्शन की जो कालातीत परंपरा है, उसे उन्होंने पुनर्जीवित किया।

–नरेन्द्र मोदी, पीएम

# प्रेम का ध्येय

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**भक्ति** के इतिहास में केवट ने जिस प्रकार राम, सीता और लक्ष्मण को बुलाकर भक्ति और मुक्ति प्रापत की उसका इतिहास दुबारा नहीं है।

प्रसंग का अध्यात्म

इस प्रसंग से यह जानकारी मिलती है कि जप-तप, साधन इत्यादि जो कुछ भी किया जाता है इसकी सीमा प्रेम तक ले जाती है। प्रेम का वह अंतिम ध्येय है जहां इस जीवात्मा को पहुंच जाना चाहिए और जब वहां चला गया तो फिर इसकी भक्ति और मुक्ति दोनों हो जाती है। केवट उसी प्रेम में था और यह नहीं कि उसने जो किसा उसका फल बाद में मिलेगा। ऐसा कुछ नहीं है। वह तुरंत प्राप्त किया। भक्ति का प्रभाव होता है ।देई सद्य फल प्रगट प्रभाउ। ये तुरंत ही फल देती है। ये नहीं कि आज करो और फल मिलेगा कुछ दिनों बाद। इसका फल तत्काल है। मज्जन फल पेखिअ ततकाला। काक होइ पिक बकहु मराला।। तुरंत ही प्रेम पैदा होता है और जितना पैदा होता है उतना ही जीव मुक्ति की ओर जाता है। अतः केवट मुक्त हो गया था। भक्ति और मुक्ति दोनों उसको मिल गयी थी।

*चित्रकूट आगमन एवं भरत मिलाप*

अगम सनेह भरत रघुवर को। जहं न जाइ मन विधि हरि हर को।। गंगा पार कर श्री राम भारद्वाज मुनि के आश्रम पर आए। वहां ठहरकर कुछ दिन बिताने के बाद जब वे जाने लगे तो मुनि भारद्वाज की प्रसंशा में अनेक बात कहे और प्रसन्नता व्यक्त की।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### राजनीतिक दांव

**पिछले** कुछ समय से जहां लोग पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों से परेशान थे, वहीं अचानक से पेट्रोल और डीजल की कीमतें घट गई। हैरानी की बात तो यह है कि दाम सिर्फ बीजेपी शासित राज्यों में कम हुए। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनावों के लिए जनता को अपने पक्ष में रखने की हरसंभव कोशिश कर रही है।

**– नंदनी, जमशेदपुर**

### अतार्किक तुलना

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महात्मा गांधी व जवाहरलाल नेहरू के साथ मोहम्मद अली जिन्ना की तुलना करते हुए, मोहम्मद अली जिन्ना को नायक बताया है। इसमें कोई शक नहीं कि विभाजन के पहले सभी लोगों ने त्याग, बलिदान व संघर्ष किया था। लेकिन अखंड भारत के दो टुकड़े कराने के असली खलनायक तो जिन्ना ही थे।

**– हेमा हरि, रांची**

# सज गया चटकते रिश्तों के एहसास का बाजार

**योगेश कुमार सोनी**

## समाज

**दुनिया** में 'बहुत कुछ' बिकता है यह तो सुना था, लेकिन 'सब कुछ बिकता है 'यह पहली बार देख भी लिया। दिल्ली ट्रेड फेयर (अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला) में इस बार एक खास और अनोखे स्टार्टअप का स्टॉल चर्चा में रहा। इसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने तो इस पर मजे भी लिए। इस अनोखे स्टॉल ने मेले में लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आपने तरह-तरह की सर्विस के बारे में सुना होगा, लेकिन हमारे देश में पहली बार यहां दर्शक 'फ्यूनरल एंड डेथ सर्विस' से अवगत हुए। इसका अर्थ होता है कि मरने के बाद इंसान के अंतिम संस्कार की सारी तैयारियां कंपनी ही करेगी। इसमें कंधा देने के लिए चार लोगों का इंतजाम करना हो या फिर पंडित-नाई की जरूरत हो।

सुनकर बेहद अजीब लगता है, लेकिन यह बात सही और सच है। हालांकि दीगर मुल्कों में ऐसी सर्विस पहले से ही हैं। अब भारत में भी इसका बाजार आकार लेने लगा है। इस बाजारवाद पर गंभीरता से सोंचे तो यह मानव जीवन से जुड़े हर रिश्ते प्रहार है। ऐसा इसलिए कि हिंदुस्तान में रिश्ते,संस्कार और संस्कृति जिंदा है। यह बाजारवाद बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। इससे आने वाली पीढ़ी बची-खुची जड़ों से भी कट जाएगी। दरअसल बाजार की नाक में सूंघने की क्षमता बहुत होती है। उसने समझ लिया है कि अब भारतीय रिश्तों को निभाना और जीना भूलने लगे हैं ।यदि ऐसे लोगों के पीछे से उनके घर में किसी की मृत्यु हो जाती है तो वह समय पर नहीं आ पाते। इसकी वजह से पड़ोसी या अन्य रिश्तेदार उनका अंतिम संस्कार कर देते हैं लेकिन कई जगहों पर यह भी देखा जा रहा है कि अब आसपास का समाज भी उतना प्रेम-भाव नही रखता। ऐसी स्थिति को ही भांप कर ही इस तरह की कंपनियां इस धंधे में उतर रही हैं।

इस स्टार्टअप में अर्थी को कंधा देने से लेकर, साथ में चलने वाले और राम नाम सत्य बोलने वालों के अलावा पंडित और नाई की व्यवस्था कंपनी करेगी। यहां तक की अस्थियों का विसर्जन भी कंपनी कराएगी। इसके लिए फ्यूनरल एंड डेथ सर्विसह्य ने 37,500 रुपये शुल्क रखा। इस कंपनी ने ट्रेड फेयर में पचास लाख रुपये से ज्यादा का व्यापार किया है। उसका लक्ष्य हाल के महीनों में इस आंकड़े को बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये करना है। यह बाजार दम तोड़ते रिश्तों की मृत्युकथा के आगे का दुखद मार्ग है। जहां संतानों के मुखाग्नि देने की परंपरा खत्म हो जाएगी। दरअसल अब लोग इतने प्रैक्टिकल हो चुके हैं कि इमोशंन की जगह ही नहीं बची। दरअसल महानगरों में खासतौर जहां बड़ी-बड़ी आवासीय सोसाइटी हैं वहां यदि बराबर वाले घर में किसी मृत्यु हो गई और उसके बराबर वाले फ्लैट में किसी के घर में जन्मदिन पार्टी हो रही है तो स्थिति यह देखी जाती है कि केक जरूर कटता है। फ्यूनरल एंड डेथ सर्विस जैसी कंपनी का भारत में कुछ दिन में ही 50 लाख रुपये का व्यापार कर लेना 'परदेशियों' के लिए सुखद और चिंतामुक्त संदेश हो सकता है पर यह जड़ों से जुड़े समाज के उखड़ने की टीस भी है। मगर पश्चिमी सभ्यता से लबरेज इस बाजार को भारतीय वृद्धाश्रमों की खराब होती स्थिति का भी फायदा आज नहीं तो कल जरूर मिलेगा। एकाकी परिवारों के बढ़ते चलन और युवा पीढ़ी का विवाह का माता-पिता से अलग होने का चलन इस बाजार के पांव फैलाने में मुख्य कारक होगा। अब तो भाई-भाई का साथ रहना तो बहुत बड़ी बात मानी जाती है। किसी भाई के बच्चे की शादी में सब नजर आते हैं लेकिन उसका सगा भाई व परिवार दिखाई नही देता। इन स्थितियों के तमाम अपने सामाजिक कारण हो सकते हैं पर यह बाजार दरकते-चटकते संबंधों के बीच अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को भुनाने में कामयाब होता दिख रहा है।

# सफलता के लिए जरूरी है थोड़ा विश्राम-आराम



**अजयदीप बाधवा**

## मोटिवेशन

**अभी** हाल ही में आमिर खान ने घोषणा की है कि वे एक्टिंग से ब्रेक ले रहे हैं। इससे पहले शाहरुख खान भी डेढ़ साल का ब्रेक ले चुके हैं। हमारे भारतीय समाज में विरले लोग ही ऐसे होते हैं जो अपने जमे --जमाए काम से एक या डेढ़ साल का ब्रेक लेते हैं। काम से लंबा ब्रेक लेने वाले व्यक्ति को समाज कुछ समय बाद ही निठल्ला कहना शुरू कर देता है। इससे व्यक्ति तनावग्रस्त हो जाता है। कई बार आर्थिक परिस्थितियां भी ब्रेक लेने से रोकती हैं। लेकिन बीच-बीच में ब्रेक बहुत जरूरी हैं क्योंकि ये न केवल जीवन की बोरियत कम करते हैं, बल्कि कई बार नई पहचान का सेतु भी बनते हैं। विज्ञान और रिसर्च से भी यह बात सामने आई है कि अक्सर इंसान एक ही तरह का काम करते-करते फोकस नहीं कर पाता। दरअसल हमारा मस्तिष्क लगातार किसी चीज पर एकाग्र रहने के लिए बना ही नहीं है। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय के साइकोलॉजी के प्रोफेसर एलेजैंड्रो लीरास समझाते हैं कि, अपने लक्ष्य को निष्क्रिय और पुनः सक्रिय करके आप एकाग्र रह सकते हैं। शोध बताते हैं कि, ब्रेक आपको अपने कार्य के प्रति एकाग्र बनाता है। इसके पीछे प्रमुख कारण यह है कि हमारा मस्तिष्क दो मोड में काम करता है। एक एकाग्र मोड, जब आप कुछ सीखने, काम करने, लिखने आदि में व्यस्त रहते हैं और दूसरा निष्क्रिय मोड, जब आप आराम की मुद्रा में रहते हैं। दिमाग की अधिक, सटीक उत्पादकता के लिए निष्क्रिय मोड भी बहुत जरूरी है। वैज्ञानिक एवं रचनात्मक कार्य करने वाले कई व्यक्ति अक्सर अपनी बड़ी समस्याओं को निष्क्रिय मोड में जैसे नींद में, नहाते वक्त या फिर आराम करते समय हल कर चुके हैं। विज्ञान के अनुसार, लंबे समय तक दिमाग को जब एक ही तरह के इनपुट मिलते हैं, तो उनके प्रति उसकी आलोचनात्मक प्रतिक्रिया कम होती जाती है और उसे बोरियत महसूस होने लगती है। इसलिए जब व्यक्ति अपने कार्य से अलग होकर विश्राम की स्थिति में आता है तो उसके थके मस्तिष्क का निष्क्रिय मोड विश्राम की स्थिति में सक्रिय हो जाता है और एकाएक बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान कर देता है। रोलैंड मेसी का जन्म 1822 ई. में हुआ था। उनके पिता एक दुकानदार थे। अपने पिता की दुकानदारी देखते-देखते उन्हें लगा कि इसे बढ़ाना चाहिए। यह सोचकर उन्होंने हैवरहिल, मैसेच्युसेट्स में एक ड्राइ गुड्स स्टोर खोला। स्टोर एक शांत इलाके में था। यहां पर ग्राहकों का आना-जाना बहुत कम था। मेसी ने यह सोचकर स्टोर खोला था कि ऐसा करने से यहां पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी और उनका स्टोर प्रसिद्ध हो जाएगा। लेकिन दुर्भाग्यवश उनकी यह सोच नाकामयाब रही। उन्होंने लोगों को वहां पर आकर्षित करने के लिए एक बड़ी परेड की व्यवस्था की। इसमें एक मार्चिंग बैंड भी था। इस परेड को कराने का मकसद लोगों को स्टोर की ओर आकर्षित करना था। । उन्हें इन सबमें काफी घाटा हुआ। उन्होंने कुछ समय के लिए ब्रेक लिया। ब्रेक के दौरान उनके मस्तिष्क में नए विचार और योजनाएं आईं, जिन पर उन्होंने कार्य किया। कुछ साल बाद उन्होंने डाउनटाउन न्यूयॉर्क में ह्यआर एच मैसी ड्राइ गुड्स स्टोर खोला। यह उनका पांचवां स्टोर था। ब्रेक के दौरान मैसी का निष्क्रिय मस्तिष्क सक्रिय मोड पर आ गया था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# इको सेंसेटिव जोन के खिलाफ लोगों में उबाल हजारों लोग सड़क पर उतर दिया विशाल धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** इको सिंसेटिव जोन संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों व्यवसाई एवं ग्रामीण पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्र (ई एस जेड) लागू होने के विरोध में हजारों लोगों ने एक दिवसीय विशाल धरना दिया। हजारीबाग आयुक्त एवं उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल झारखंड को ज्ञापन सौंपा। धरना में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि इको सेंसेटिव जोन की बढ़ाई गई दूरी को निरस्त करते हुए सभी 218 गांव को मुक्त किया जाए साथ ही पूरे ग्रामीण क्षेत्र में सेफ्टी जोन का क्षेत्र 25 से 250 मीटर ही रखा जाय तथा सटे वन क्षेत्रों के तरफ विस्तार किया जाए। बताते चलें कि पूर्व में भी कई बार इको सेंसेटिव जोन की दूरी को बढ़ाया गया परंतु तत्कालीन डीएफओ दिलीप यादव मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय 2019 में बिना ग्रामसभा कि सहमति लिए बगैर इको सेंसेटिव की दूरी ढाई सौ मीटर से बढ़ाकर 5 किलोमीटर कर दिया गया जिसमें इचाक प्रखंड के 81 गांव, पदमा के 30 गांव, कटकमसांडी के 76 गांव


रैली में शामिल लोग

समेत अन्य प्रखंडों के 31 गांव को ईएसजेड में शामिल कर लोगों को विस्थापन के लिए मजबूर किया गया है। ईको सेंसिटिव जॉन के कारण 218 गांवो में बेरोजगारी बढ़ जाएगी, लोग विस्थापन के लिए मजबूर होंगे। लोग न तो पक्के मकान डीप बोरिंग कल कारखाने लगा पाएंगे, न ही क्रेशर, न ईट भट्ठे, न आरा मिल, न होटल, न पेट्रोल पंप समेत अन्य वयवसाई कार्य कर सकेंगे। इसलिए क्षेत्र के लोग सरकार के खिलाफ जनांदोलन के लिए विवश हो रहे हैं। अब लोगों के पास एक मात्र आंदोलन का रास्ता ही बचा है। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भागवत प्रसाद मेहता और संचालन ओम प्रकाश मेहता ने किया। धरना में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने संबोधित करते हुए कहा की इको सेंसेटिव जोन इस क्षेत्र के लिए अभिशाप बन जायेगा। इस लिए सभी को मिलजुल कर आंदोलन का रुख अपनाना होगा। जिला परिषद चेयरमैन उमेश मेहता ने कहा की हर घर से लोगों को निकल इस आंदोलन में कूदना होगा तभी हम सब इस आंदोलन को जीत पाएंगे। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस कानून के लागू होने से क्षेत्र की प्रगति रुक जाएगी आप सभी आंदोलनकारी आंदोलन को जारी रखें जब तक जीत नहीं होती है आप जब भी हमें बुलाएंगे आंदोलन के लिए मैं बेटी बनकर आपके साथ आगे-आगे रहूंगी मैं इस मामले को विधानसभा में भी उठाऊंगी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति


तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरुण साहू कार्यकताओं के साथ बैठक करते।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही स्थित टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू के निजी आवास बरही हाउस में बरही विधानसभा के विभिन्न जगहों से आए हुए तिलेश्वर साहू सेना के कार्यकताओं के साथ अरूण साहू के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

मौके पर बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, बरही प्रखंड प्रधान महासचिव बिसुनधारी महतो, मीडिया प्रभारी बबलू साहु, बरही प्रखंड प्रवक्ता छोटी राम, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष भोली पासवान, राजू राणा, युवा अध्यक्ष सन्नी गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमीरुद्दीन अंसारी, रवि साव, बीरेंद्र भुइंया, रंजीत गुप्ता आदि मौजूद थे।

## मुन्ना पासवान के पुनः जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी को मिली है और मजबूती : सुजीत

**बासल (रामगढ़)।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा रामगढ़ जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान को उनका पार्टी के प्रति समर्पण और जुझारूपन देखते हुए पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन पर पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल सहित सदस्यो ने उन्हें बधाई दी है। मौके पर सुजीत पटेल ने कहा कि जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान पार्टी के पूर्णकालिक समर्पित नेता हैं। इनके कार्यकाल में रामगढ़ जिले को दो विधायक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इनके जिला अध्यक्ष बनने के बाद रामगढ़ जिले में पार्टी का तेजी से विस्तार भी हुआ है। श्री पटेल ने कहा कि हमसबों को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इनके दूसरे कार्यकाल में पार्टी और नए कलेवर के साथ आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर अपना परचम लहराएगी। बधाई देने वालों में प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, चमनलाल प्रसाद, नौशाद आलम आदि शामिल हैं।

## बड़कागांव में खुला बड़कागांव रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट हॉल


रेस्टोरेंट का उद्घाटन करतीं मुख्य अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बडकागाँव।** बादम रोड के ग्राम ढ़ेगा स्थित पेट्रोल पम्प के समीप खुला द बड़कागाँव फैमिली रेस्टोरेंट व बैंक्वेट हॉल। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य सुनीता देवी ने फीता काटकर किया गया।रेस्टोरेंट के संचालक प्रवीण कुमार व दिलीप कुमार ने कहा की हमारे रेस्टोरेंट में सभी प्रकार के खाने का डिस उपलब्ध हैं एवं शादी पार्टी के लिए भी हॉल मौजूद हैं जहाँ सभी प्रकार के पार्टी, मीटिंग कर सकते हैं। उद्घाटन समारोह में अवधेश सिंह,नंदलाल राणा, विशाल कुमार, शिवदयाल महतो,श्याम दाँगी, त्रिवकांत कुमार, कपिल कुमार, बालेश्वर कुमार, पूर्व मुखिया बिगेश्वर महतो, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, देवेंद्र महतो,पंकज कुमार,सूरज कुमार,गणेश कुमार, सुबोध, शैलेश, पप्पू दाँगी, तालेशवर कुमार, दिवाकर कुमार, दिलीप कुमार शहीत दर्जनों लोग शामिल थे।

## सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के विकास को लेकर कृत्संकल्पित है: अनिल महतो

**रजरप्पा।** रजरप्पा स्थित डीएवी मैदान में बुधवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल महतो विशिष्ट अथिति प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण महतो, विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुमार महतो, मायल मुखिया फिरोज अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि प्रतियोगिता आयोजन का उद्देश्य जिले में खेल को बढ़ावा देना है। जिलास्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिससे वह अपने प्रतिभा के बल कर जिला एवं राज्य का नाम रोशन कर सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के विकास को लेकर कृत्संकल्पित है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों को अपने पूरी क्षमता के साथ खेल खेलने के लिए प्रेरित किया।

# सीटू की एक दिवसीय बैठक एटक हॉल में हुई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** बुधवार को संयुक्त मोर्चा के केंद्रीय श्रमिक संगठन बीएमएस, एचएमएस, एटक और सीटू की एक दिवसीय बैठक एटक हॉल में हुई। इसके बाद मजदूरों की मांगों को लेकर सीएमपीडीआई रांची के समक्ष पूरे सीसीएल एरिया स्तर पर विराट धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कन्वेंशन के लिए बैठकर विचार विमर्श किया गया। संयुक्त मोर्चा के लोगों ने सीएमपीडीआई के एटक कार्यालय रांची में बैठक की गई ।जिसमें कई विंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि 7 जनवरी को सीएमपीडीआई के होने वाले कोयला मजदूरों के राष्ट्रीय कन्वेंशन को सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। जिसमें 9 दिसंबर को देशभर में कोयला उद्योग में जोरदार तरीके से विरोध दिवस मनाया जाएगा। इसे युक्त रूप से पूरा किया जाएगा। कोयला उद्योग में कार्यरत सभी श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों से अपील किया गया है कि विरोध दिवस में शामिल हो। 1 जनवरी को सीएमपीडीआई के मुख्यालय रांची में होने वाले कोयला मजदूरों के राष्ट्रीय कन्वेंशन में बीएमएस,एचएमएस,एटक और सीटू के दो-दो प्रतिनिधियों के अलावे अन्य श्रमिक संघठन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस कन्वेशन में कम से कम एक हजार की संख्या में श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों की भाग लेने की व्यवस्था की जा रही है। 7 जनवरी को अन्वेषण के आयोजन के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया है। जिसकी जिम्मेवारी एटक के नेता अशोक यादव दिया गया है। यह आयोजन सीएमपीडीआई के खेल मैदान में किया जाएगा। निर्णय अभी लिया गया है इसकी बैठक 3 जनवरी को की जाएगी। श्रमिक नेता द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह,शशि भूषण, सिंह,निरंजन महतो, देवेंद्र तिवारी, राजकुमार सिंह, अनिल कुमार साहनी, जगन्नाथ साहू, मिथिलेश कुमार सिंह, आरपी सिंह, रविंदर कुमार, लखन लालमहतो सहित कई मजदूर नेता उपस्थित थे।

# फायरिंग करने वाले अपराधी 36 घंटे के बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर

### कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया, धरपकड़ के लिए छापेमारी जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पतरातू।** मंगलवार को हरदेव कंस्ट्रक्शन के साटट पर बाइक सवार बेखौफ अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में घटना के 36 घंटा बीत जाने के बाद भी पुलिस अपराधियों को पकड़ने में विफल साबित हो रही है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस कई संदिग्ध लोगों को अपनी गिरफ्त में लेकर अज्ञात जगह पर रखकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जल्द ही पुलिस गोलीबारी की घटना का उद्भेदन कर लेगी। फिलहाल पुलिस के हाथ खाली हैं। फायरिंग मामले को लेकर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ पतरातू थाना में मामला दर्ज कराया गया। बुधवार को पतरातू थाना पहुंचे रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने पत्रकारों से फायरिंग मामले में कुछ बातचीत नहीं की। हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट में दिनदहाड़े फायरिंग की घटना को अंजाम दिए जाने के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत कायम है। वहां कार्यरत मजदूरों के बीच दहशत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घटना के कुछ घंटे के बाद ही कई मजदूर बोरिया बिस्तर लेकर वहां से पलायन करते देखे गए। दैनिक प्रतिनिधि ने उनसे कुछ जानकारी लेने का प्रयास किया तो उनके चेहरे पर खौफ दिखा। कहा जिंदगी रही तो कहीं भी कमा लेंगे। हालांकि सुरक्षा के लिहाज से पतरातू थाना का पीसीआर वैन कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट के पास लगातार पेट्रोलिंग करती दिखी। इसके बावजूद मजदूर यहां पलायन कर गए। हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर दिनदहाड़े फायरिंग के बाद रामगढ़ एसपी ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए स्पेशल टीम का गठन किया है। टीम पांडेय गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह और अमन साहू गिरोह के गुर्गों पर नजर रख रही है। पुलिस द्वारा गिरोह के संपर्क सूत्रों को भी खंगाला जा रहा है। जिस तरह से दिनदहाड़े घटना को अंजाम दिया गया है। उससे यह कयास लगाया जा रहा है कि स्थानीय गिरोह का घटना में हाथ है। रंगदारी नहीं मिलने के कारण गिरोह के गुर्गों ने हवाई फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। पुलिस क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी को भी खंगाल रही है। हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर अपराधियों ने बिना मुंह ढके घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। साइट में मौजूद मजदूरों ने पुलिस को बताया कि घटना को अंजाम देने वाले अपराधी बिना मुंह ढके हुए थे। मजदूरों ने यह भी बताया कि आज ही साइट में कैमरा लगने वाला था।

## दत्तो पंचायत में 50 गरीबों के बीच कंबल का हुआ वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए दत्तो पंचायत के एके कोलियरी में बुधवार को गरीब-असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य बबीता कुमारी व उनके प्रतिनिधि मुकेश द्वारा 50 गरीबों के बीच कंबल का तिवरण किया गया। साथ ही कहा गया कि बाकी बचे लोगों के बीच कंबल उपलब्ध कराकर जल्द से जल्द वितरण किया जायेगा। पंसस बबीता कुमारी ने कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जा जायेगा।

### बाइक पर सवार हो पहुंचे दो अपराधी, फायरिंग के दौरान नीचे गिर गया कारतूस, छानबीन में जुटी पुलिस

# सौंदा बी साइडिग में अपराधियों ने बंदूक की नोक पर मोबाइल क्रशर का कार्य कराया बंद

### दो घंटे के बाद पुलिस व सीसीएल सुरक्षा विभाग ने शुरू कराया कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा बी साईडिंग में हथियार बंद अपराधियों ने धावा बोल मोबाइल क्रशर का कार्य बंद करा दिया। घटना बुधवार की दोपहर करीब एक बजे की है। जानकारी के अनुसार काले रंग की बाईक पर सवार दो नकाबपोश अपराधी मोबाइल क्रेशर के समीप बंदूक की नोक पर क्रशर में कार्यरत कर्मचारियों को काम बंद करने की धमकी दी। इस दौरान अपराधियों ने फायरिंग करने का प्रयास किया। हलांकि पिस्टल से जिन्दा कारतूस नीचे गिर गया। इसके बाद अपराधी बंदूक लहराते हुए कहा कि पहले बात करो उसके बाद ही काम शुरू करना। घटना के बाद मोबाइल क्रशर





सौंदा बी साइडिंग स्थित मोबाइल क्रशर, जांच-पड़ताल करती भुरकुंडा पुलिस।

में कार्यरत कर्मी सहित साईडिंग क्षेत्र में भी दहशत फैल गया। घटना की सूचना मिलने के बाद भुरकुंडा पुलिस व सीसीएल सुरक्षा विभाग की टीम दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। घटना स्थल पर ही पुलिस ने एक जिन्दा कारतूस भी बरामद किया है। मौके पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने मोबाइल क्रशर के मैनेजर व घटना के वक्त मौजूद कर्मियों से घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही सौंदा बी साईडिंग ऑफिस में लगी सीसीटीवी के फुटेज को भी खंगाला। बताया जाता है कि पुलिस सीसीटीवी की डीवीआर अपने साथ ले गई है। इधर लगभग दो घंटे के बाद पुलिस व सीसीएल सुरक्षा विभाग के देखरेख में पुनः कार्य शुरू हुआ। कयास लगाया जा रहा है कि अपराधी दहशत फैलाकर रंगदारी वसूलना चाहते होंगे। मालूम हो कि 24 घंटा पूर्व पतरातू में भी दोपहर एक बजे के करीब ही आठ बाईक पर सवार दर्जन भर से अधिक अपराधियों ने रेल निर्माण कार्य में लगी हरदेव कंस्ट्रक्शन की साईड पर कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाया था। इधर दोनो घटना ने पुलिस की पेशानी पर बल डाल दिया है। यह दोनो घटना कोयलांचल में अपराधियों की बढ़ी मनोबल को दर्शा रहा है। बताया जाता है कि मोबाइल क्रशर शशि इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग लिमिटेड कंपनी चलाती है। मौके पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, एसआई कुंदन राव, बरका-सयाल क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एमके सिंह, संजीव कुमार आदि मौजूद थे। अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापामारी जारी : इधर घटना के बाद भुरकुंडा पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापामारी में जुटी है। चौक-चौराहों पर आने-जाने वाले अनजान चेहरो पर पुलिस की विशेष फोकस है। पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में अपराधियों की धर-पकड़ के लिए सर्किल के कई थानों की एक टीम गठित की गई है। टीम लगातार क्षेत्र के विभिन्न इलाको में छापामारी कर अपराधियों की धर-पकड़ में जुटी है।

## एक नजर में

### बिरहोरों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रशासन ने लगाया कैंप

**बरही।** लुप्त होते जनजातियों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार के निदेर्शानुसार प्रशासन ने एसएसआर 2023 के तहत बरही प्रखण्ड के बरियठा बिरहोर टोला में विशेष कैंप का आयोजन किया। जिसमें कुल 17 नये मतदाताओं का फॉर्म-6 भरा गया। प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी सावना मांझी ने 18 वर्ष के युवक-युवतियों से कहा कि वे हर हाल में अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा लें। कहा कि इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया का लक्ष्य है कि 1 जनवरी 2022 तक आहर्ता तिथि के सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल हों। विशुद्ध यानी त्रुटि विहीन मतदाता सूची का निर्माण किया जाना इसका मुख्य लक्ष्य है। मौके पर सावना मांझी प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी बरही, सुरेन्द्र कुमार दास प्रभारी सांख्यिकी पर्यवेक्षक बरही, जगदीश प्रसाद बीएलओ पर्यवेक्षक, सरिता देवी बीएलओ एवं मोहन मिर्धा कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद थे।

### खिलाड़ी की इलाज के लिए आगे आये ग्रामीण

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रित फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रोमी मैदान में किया गया। फाइनल मुकाबला रोमी पंचायत बनाम बन्दरबेला पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें रोमी टीम 2-0 से विजय हुआ। रोमी टीम के रोमी गाँव निवासी डिफेंस खिलाड़ी लक्ष्मण कुमार उर्फ सोले को कंधे के बल गिरने से कन्धे में चोट आ गया था जो की एक्सरे कराने के बाद पता चला कि कंधे की हड्डी टूट चुका है । अब उसे मदद की जरूरत है प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार से पूछे जाने पर बताया की मुख्यमंत्री स्वास्थ सहेता के अंतर्गत उसे 10000 रुपए की राशि मदद के रूप में दी जाएगी।

**क्या कहते हैं ग्रामीण :** ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के द्वारा जो भी राशि मदद के रूप में दी जाएगी उसके बाद जो भी खर्च हो पूरे ग्रामीण मिलकर खर्च का निर्वाहन करने का काम करेंगे ।क्योंकि लगभग 20 वर्षों से लगातार रोमी टीम के लिए खेलते आ रहे हैं । जो कि उनके द्वारा रोमी टीम ने एक से बढ़कर एक ट्रॉफी जीतने का काम किया है । आगे कहा कि ऐसा करने से हमारे टीम के खिलाड़ियों का मनोबल हमेशा बढ़ेगा और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। इसका नेतृत्व रोमी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता एवं उनके सहयोगियों के द्वारा किया जा रहा है।

### दनुआ में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**चौपारण।** दनुआ घाटी में बुधवार को फिर सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय विकास कुमार दुबे की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर है। बताया जाता है कि मृतक विकास सहित अन्य लोग कार संख्या डब्लू बी 02आर 0921 से पश्चिम बंगाल के हावड़ा से उत्तरप्रदेश के बलिया जिला जा रहे थे। इस क्रम में जब वे चौपारण के दनुआ घाटी पहुंचे तो पीछे से आ रही ट्रक ने कार में टक्कर मार दिया जिससे कार अनियंत्रित हो कर एक दीवार से जा टकराई। घटना में विकास की मौत हो गयी जबकि तिवारी नामक व्यक्ति गम्भीर है वहीं कार में सवार सभी को चोटें आई है। घटना की जानकारी के बाद चौपारण पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया व शव को थाना लाकर अन्तःपरिक्षण के लिये भेज दिया गया।

### झरपो से पेटो पथ शिलान्यास के बाद 48 घंटे के अंदर कार्य हुआ आरंभ

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखण्ड से दारू प्रखंड होते हुए जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्यमार्ग पथ का कोडरमा लोकसभा क्षेत्र सांसद सह राज्य शिक्षा मंत्री अनुपूर्णा देवी एवं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र विधायक अमित यादव झरपो पंचायत मुखिया शिबुप्रसाद सोनी,टाटीझरिया प्रमिख संतोष मण्डल,उप प्रमुख रवि वर्णवाल,जीप सदस्य रामप्रसाद,सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि कई अधिकारी जनप्रतिनिधियो के द्वारा शिलान्यास जो झरपो बुधबाजार के मोड़ पर हुआ 48 घण्टे के अंदर ही कार्य आरंभ हो गया। वर्षा के दिनों में कीचड़ से सना रास्ते का कार्य आरंभ होने से आवागमन कर रहे क्षेत्रीय लोगो ने चौक चौराहे में चर्चा कर खुशी जाहिर करते हुए।इस नेक कार्य के लिए सांसद, विधायक जनप्रतिनिधियों समाज सेवियो टाटीझरिया प्रखण्ड के क्षेत्रीय पत्रकारों के प्रति आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया।

### हरली में कल लगेगा जतरा मेला

**दारू।** किसानों की खुशहाली का प्रतीक हरली में लगने वाला जतरा मेला कल शुक्रवार 9 दिसंबर को लगेगा। हरली में यह मेला काफी वर्षो से लगता आ रहा है जिसमे किसान अपनी खेती में काम आने वाले औजारों की खरीदारी जमकर करते है।धान की फसल काटने के बाद अगहन पूर्णिमा के दिन यह मेला लगता है। इस बारे में मेला समिति के सदस्य रामजी कुशवाहा ने बताया कि इस मेले का इतिहास काफी पुराना है और मेले लोहे से बने औजार कुदाल, कुल्हाड़ी, कड़ाही,गैता आदि सामानों की बिक्री करने के लिए दूर दूर से ब्यापारी आते है। इस बार मेले में बच्चों के लिए तरह तरह के झूले के साथ दर्जनों अन्य स्टॉल लागये जाएंगे।

### दो फरार अभियुक्तों के घरों में चिपकाया गया इश्तहार

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना कांड संख्या 193/14 जिसमे उक्त लोग फरार चल रहे हैं जिसको लेकर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में केस आईओ सब- इंस्पेक्टर अजीत कुमार सिंह द्वारा घरों पर इश्तिहार की तामिला कर चिपकाया गया।जिसमे विकास साहू पिता मुंशी साव ग्राम पतरातू बस्ती थाना पतरातू, प्रदीप पासवान पिता उगन पासवान उर्फ उगन राम ग्राम पतराखुर्द थाना केरेडारी के घर में इश्तेहार की तमिला किया गया। अगर इसके बावजूद भी उक्त अभियुक्त सरेंडर नहीं करते हैं तो इनके घरों की कुर्की जब्ती की जाएगी।

### 24 घंटे के अंदर वाहन को किया बरामद, एक गिरफ्तार

**बरही।** बरही के धनबाद रोड से मैजिक गाडी संख्या जेएच 02 एक्यू 3521 को रात्रि करीब 12 बजकर 50 मिनट पर अज्ञात चोरों के द्वारा गाड़ी चोरी कर लिया गया। उक्त संदर्भ में वादी अमित केशरी पिता अशोक केशरी साकिन बरही चौक थाना बरही जिला हजारीबाग के लिखित आवेदन के आधार पर बरही थाना काण्ड संख्या 501/22 अंकित करते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मैजिक गाडी संख्या जेएच 02 एक्यू 3521 को उरिमारी थाना क्षेत्र से बरामद किया गया तथा वाहन के साथ 01 अभियुक्त को पकड़ा गया। जिसे विधिवत गिरफ्तार किया गया है। उक्त संदर्भ में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने उक्त वाहन को पतरातू से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने मो शहनवाज आलम पिता मो हलीम, साकिन कोनरा थाना बरही जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर लिया गया। छापामारी दल में पु०अ०नि० रवि कुमार समेत रिजर्व गार्ड बरही थाना के जवान शामिल थे।

### हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर लोगों ने किया सांसद से मुलाकात

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया में दुर्गा मंडप के समीप निमार्णाधीन संकट मोचन हनुमान मंदिर निर्माण कार्य को लेकर लोगों ने सांसद जयंत सिन्हा से मंगलवार की देर शाम भेंट किया। इस मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने हनुमान जी की मूर्ति देने की बात कही। बता दें कि संकट मोचन हनुमान मंदिर के लोकार्पण को लेकर टाटीझरिया क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित हैं। मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है।

## स्पीड न्यूज

### शीतलहर चलने से जनजीवन प्रभावित

**भंडरा।** तापमान में गिरावट के साथ ही ठंडा बढ़ा हुआ है। शीत लहरी चलने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तापमान में गिरावट होने के बाद जनजीवन प्रभावित हुआ है। शीतलहर के कारण शाम 7 बजते ही दुकान, बाजार बंद हो जाता है। सड़क चौक चौराहे वीरान हो जाते हैं। सुबह 9 बजे तक ठंडा का प्रभाव ज्यादा रहता है। जिसके कारण लोग अपने घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं। शीतलहर एवं बढ़ते ठंड के कारण स्कूली बच्चों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे सुबह 8 बजे तक तैयार होकर अपने घरों से निकल जाते हैं। इन्हें सबसे अधिक परेशानी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल तापमान में और भी गिरावट का अनुमान लगाया जा रहा है।

### बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के ग्रामीण पथ से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस को देख भागने के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के एक ट्रैक्टर को प्रखंड प्रशासन के नेतृत्व में जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि बालू के अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में प्रशासन द्वारा कारवाई किया गया है। इसके अलावे बताया कि मेढो कोयल नदी से अवैध बालू दोहन की सूचना मिलने पर पुलिस कारवाई के दौरान बिना ट्रैक्टर चालक बालू लोडेड ट्रैक्टर को लेकर भागने लगा तभी पुलिस पीछा कर सेन्हा बरवाटोली पथ पर धरदबोचा गया और थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। पु.अ.नि. संतोष कुमार ने बताया कि सीओ विजय कुमार के नेतृत्व में लगातार बालू परिवहन एवं खनन को लेकर करवाई किया जा रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का पकड़े गए ट्रैक्टर पर अग्रतर कारवाई हेतु जिला सहायक खनन पदाधिकारी एवं परिवहन पदाधिकारी लोहरदगा को अवगत कराया गया है। संबंधित विभाग के निर्देशानुसार नियम संगत कारवाई किया जाएगा।

### चयन प्रक्रिया को लेकर पंचायत सचिव के साथ बीडीओ ने की बैठक

**सेन्हा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड बीडीओ की अध्यक्षता में पंचायत सचिव के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुआ। समीक्षा बैठक कार्यवाही के दौरान बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने निर्देश देते हुए कहा कि पशुपालन विभाग से सभी पंचायत ग्राम में मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लक्ष्य सूची उपलब्ध करा दिया गया है। जिसे प्राथमिकता के साथ ग्रामसभा के माध्यम से योजना पारित करा कर अविलम्ब आरम्भ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि प्रखंड क्षेत्र में निवास करने वाले सभी टाना भगत परिवार के व्यक्तियों को सरकारी लाभ देने के लिये सूची तैयार करने की निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया। मनरेगा द्वारा संचालित कार्य योजना का सभी पंजी का निरीक्षण किया गया। इसके अलावे पंचायत क्षेत्र वृद्धा पेंशन धारी को समय से बैंक में केवाईसी नहीं होने के कारण पेंशन भुगतान कार्य बाधित हो रहा है। बताते हुए वैसे लोगों से संपर्क स्थापित कर बैंक में केवाईसी करवाने का निर्देश भी दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान रघुनन्दन वैद्य, सत्यकाम श्रीवास्तव, ग्रीन प्रसाद, शिवशंकर उराँव, आकांक्षा कुजूर, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, दुर्गा प्रसाद, अधीश खाखा, नागमणी उरांव, आनन्द सिंह, सुजीत उराँव, रिजवान अख्तर, भैया भगत सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे।

### बदलाव के तहत कार्यक्रम आयोजित


बच्चों को प्रमाण पत्र देते अतिथि।

**लोहरदगा।** जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड परिसर में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध देशव्यापी अभियान नई चेतना पहल बदलाव की के तहत लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन महतो,खरछ्ढ़र जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रंजन, जिला प्रबंधक बिनोद होरो, बिट्स खेस, प्रखंड उपप्रमुख, मुखिया सढाबे, बिनिता तिर्की, एवं भारी संख्या में समूह की दीदियां पुरुष बच्चे उपस्थित थे। ये कार्यक्रम 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलेगी। इस अवसर पर दहेज प्रथा से संबंधित लघु नाटिका का मंचन किया गया, और भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गजाला प्रवीन, द्वितीय स्थान मुनि उरांव तृतीय स्थान सुमिता कुमारी को दिया गया और सभी विजेता प्रतिभागी प्रशस्ति पत्र, और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### बालिकाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया


कार्यक्रम में मौजूद बच्चियां।

➲ अपने अधिकार और कानून की जानकारी जरूरी : मनोरमा एक्का

**लोहरदगा।** जिले में लगातार चलाये जा रहे सुरक्षित गाँव कार्यक्रम (SVP) हेतु होप एवं माई चॉइसेज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में किस्को प्रखंड पतरातू गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में होप और ओरा ORA (Operation Red Alert) के संयुक्त भागीदारी से किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु सुरक्षित गांव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, बच्चों को मानव दुर्व्यापार आदि से बचाना है। मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मानव व्यापार,सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी, चाइल्डलाइन 1098, बच्चों के अधिकार और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के और प्रभावी एवम सुलभ रूप से समझ विकसित हो इसको लेकर प्रोजेक्टर के माध्यम से छोटे छोटे डॉक्यूमेंट्री मूवी भी दिखलाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ओरा टीम से मनोरमा एक्का, अरविंद वर्मा, उज्जवल कुशवाहा अंजू रानी और पतरातू गांव के 80 किशोरियों ने भाग लिया।

# आयुष्मान कार्ड का नहीं मिल रहा लाभ


सदर अस्पताल स्थित आयुष्मान केंद्र।


पति को इलाज के लिए लायी महिला आयुष्मान कार्ड दिखाते।

➲ पुराना पोर्टल खुल नहीं रहा और नया डाउन लोड नहीं हो रहा है, मरीजों को लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है

➲ गुमला सदर अस्पताल में इलाज के लिए आये कई मरीज परेशान, वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है, दूसरों से इलाज के लिए मांग रहे हैं पैसे

**दीपक राम काजू**

**गुमला।** पूरे झारखंड राज्य में 24 नवंबर से आयुष्मान कार्ड का लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। जिसे मरीजों को इलाज कराने में भारी परेशानी हो रही है। आयुष्मान कार्ड का जिस पोर्टल में काम हो रहा था वह वर्जन काम नहीं कर रहा है। पूरे राज्य में आयुष्मान का नया वर्जन 2.0 लागू किया गया है जो अभी तक चालू नहीं हुआ है। पुराने कार्ड भी सरवर में दिखाई नहीं पड़ रहा है। नया तो 24 नवंबर से ही बनना बंद हो गया है। वहीं गुमला सदर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से किसी तरह का लाभ मरीजों को नहीं मिलने से मरीज के परिजन खासा परेशान हैं। 24 नवंबर से पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड का सरवर डाउन चल रहा है। जिसके कारण न तो मरीजों का आयुष्मान कार्ड बन रहा है और न ही आयुष्मान कार्ड से दवा आदि की सुविधा मरीजों को मिल पा रही है। गुमला सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों को इसके कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोग सदर अस्पताल इलाज कराने आते हैं और आयुष्मान कार्ड ही इलाज में उनका सबसे बड़ा सहयोगी बनता है। अब आयुष्मान कार्ड के द्वारा काम नहीं होने पर कई मरीज के परिजन दवा भी नहीं खरीद पा रहे हैं। जिसे मरीजों की स्थिति नाजुक बनती जा रही है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से भी इस दिशा में कोई दूसरी पहल नहीं की गई है। जिसे मरीज के परिजन उक्त परिस्थिति में कहीं से दवा ले पायें। लंबे समय से सरवर डाउन की समस्या चलने से पूरे जिले के मरीज परेशान हैं। सदर अस्पताल में अपने पति 35 वर्षीय मोती लाल को इलाज के लिए भर्ती करायी महिला अनिमा देवी ने बताया कि वे लोग आयुष्मान कर्ज्ड लेकर अपने पति का इलाज कराने के लिए आये थे। 29 नवंबर को ही अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन पैसे के अभाव में दवा नहीं खरीद पा रहे हैं। आयुष्मान कार्ड काम नहीं कर रहा है। जिसे दूसरों के सामने इलाज हेतु पैसे के लिए हाथ पसारना पड़ रहा है। यही परिस्थिति रही तो गरीबों का इलाज संभव नहीं हो पाएगा।

### नया पोर्टल 2.0 डाउन लोड नहीं हो रहा है : आलोक

गुमला सदर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड बनाने वाले अनमोल कुमार ने बताया कि पूरे राज्य में आयुष्मान कार्ड काम नहीं कर रहा है। आयुष्मान का पोर्टल वर्जन 1.0 काम करना बंद कर दिया है। नया पोर्टल 2.0 चालू होने वाला है लेकिन वह डाउन लोड नहीं हो रहा है। जिसके कारण मरीजों को आयुष्मान कार्ड से लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### कांग्रेसियों ने पुतला दहन किया



**सेन्हा।** नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का चुनाव पर रोष प्रकट करते हुए सेन्हा प्रखंड के कांग्रेसियों ने विशुनपुर विधान सभा यूथ अध्यक्ष इमरान आजाद के नेतृत्व में सेन्हा प्रखंड अंतर्गत छोटी मस्जिद के समीप झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन से पहले मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओ ने राजेश ठाकुर मुदार्बाद, अविनाश पांडेय होश में आओ का नारा लगाया। इमरान आजाद ने कहा कि राज्य नेतृत्व के हित में अल्पसंख्यक समुदाय को राज्य के नेता अनदेखा करते हुए कांग्रेस पार्टी में अल्पसंख्यक मुक्त झारखंड बनाना चाहते हैं। जिस तरह से व्यक्तिगत स्वार्थ हित में निर्णय लेते हुए जिला अध्यक्ष का चुनाव किया गया वैसे में अल्पसंख्यक समुदाय का संगठन के कार्यकर्ता आहत हैं। साथ ही कहा की एक तरफ राहुल गाँधी नफरत छोड़ो भारत जोड़ो नारा के साथ कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम कर रहे हैं। तो दूसरे तरफ प्रदेश नेतृत्व में कांग्रेस को कमजोर करने के उद्देश्य से जातिगत स्वार्थ हित में कार्य कर रहे हैं। वही आगे कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का सच्चा कार्यकर्ता सिपाही होने के नाते मैं शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खगड़े से आग्रह करता हूँ। कि पुन : झारखंड में संगठन का मजबूती के लिये विचार करते हुए अल्पसंख्यक समुदाय को मान सम्मान देने का कार्य करें। पुतला दहन कार्यक्रम में असफाक अन्सारी, सफीक अन्सारी, आजम अन्सारी, जाहिद अन्सारी, मुस्ताक अन्सारी, इम्तियाज अन्सारी, हुसैन अन्सारी, इकबाल अन्सारी, तजमुल अन्सारी, हकीम अन्सारी सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग के निदेशक ने पीडीएस दुकान का किया निरीक्षण

# प्लास्टिक चावल वितरण करने की बात भ्रामक है : डीएसओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पीडीएस दुकान के संचालक से जानकारी लेते निदेशक।

**घाघरा।** झारखंड सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग के निदेशक दिलीप तिर्की ने घाघरा प्रखंड के घोड़ा टांगर गांव स्थित जागृति महिला मंडल पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण बुधवार को किया। इस क्रम में दुकान के संचालिका से कई बिंदुओं पर पूछताछ किया। साथ ही लाभुकों को हो रही परेशानी के बाबत भी पूछा। वहीं राशन आपूर्ति के दौरान नेट की समस्या से संबंधित जानकारी लिया। साथ ही समय पर राशन के उठाव व राशन कार्ड वितरण का भी निर्देश दिया। इस संबंध में गुमला डीएसओ गुलाम समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद सुरक्षा विभाग के निदेशक द्वारा घाघरा प्रखण्ड क्षेत्र के घोड़ाटांगर गांव में जागृति महिला मंडल पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण पूरे झारखंड में किया जा रहा है। जिसमें लोगों में जो भ्रम फैली है कि प्लास्टिक का चावल राशन में दिया जा रहा है जो कि गलत है। यह फोर्टिफाइड चावल है जो कई गुणों से युक्त है। यह सेहत के लिए फायदेमंद है और इसके फायदे अनेक हैं। लोग गलत बहम में ना रहे कि प्लास्टिक चावल दिया जा रहा है। इसके साथ ही राशन लेने वाले उपभोक्ताओं को नेट से संबंधित किसी तरह की परेशानी तो नहीं हो रही है। उसे भी देखा गया। साथ ही राशन के उठाओ और वितरण समय पर करने का निर्देश दिया गया है। राशन वितरण में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं करने की बात भी कही है। मौके पर रांची एडीएसओ श्याम किशोर पाठक, गुमला डीएसओ गुलाम समदानी, बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप उपस्थित थे।

### विज्ञान से जुड़ाव बच्चो के लिए जरूरी : डीसी


प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीसी।

**लोहरदगा।** मंजूरमति उच्च विद्यालय, लोहरदगा में बुधवार को विज्ञान-सह-हस्त प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण शामिल हुए। इस मौके उपायुक्त ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये विज्ञान व हस्तशिल्प मॉडल का अवलोकन कर प्रशंसा की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में विद्यालय के छात्र छात्राओं का अवश्य एक नवाचार प्रयास है। बच्चों में सीखने व नया आविष्कार करने के गुण की उपायुक्त ने प्रशंसा की। उन्होंने एलेक्ट्रोनिक मेथड से गणितीय सूत्र व उसके उत्तर,हिंदी व अंग्रेजी के व्याकरण आधारित प्रदर्शनी, एक्वापोनिक फार्मिंग, अटल टिंकरिंग लैब में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये विज्ञान की परियोजनाओं से प्रभावित हुए और अपने बचपन के दिनों को याद किया। उपायुक्त ने छात्रों के नवाचारी विचारों को उभारने व गतिकी उत्पन करने के लिये शिक्षको की भूमिका को भी सराहा। विज्ञान-सह-हस्पशिल्प मेला में स्मार्ट विलेज, स्मार्टन सोलर इरिगेशन सिस्टम, स्मार्ट जेब्रा क्रॉसिंग, ऑटोमेटिक स्ट्रीट फंक्शनिंग लाइट, इक्वाफोनिक फार्मिंग, रोबोट, रडार सिस्टम,स्मार्ट सिटी आदि विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट पर मॉडल बनाये गये। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, विद्यालय की प्राधानाध्यापिका मनोज्ञा पांडेय, अरूण झा, संदीपन मंडल, परमांनद अग्रवाल, राजकिशोर महतो, अयूब खलीफा, आनंद पांडेय समेत बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं आदि उपस्थित थे।

# झारखंड आंदोलनकारियों के त्याग और कुबार्नी के बल पर राज्य : अश्विनी कुजूर

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किंडो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रोफेसर विनोद भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि झारखंड सरकार आंदोलनकरियों के धैर्य की परीक्षा न लें, अन्यथा वर्तमान सरकार के खिलाफ भी रणनीति बनाकर आंदोलनकारी पुनः उलगुलान का बिगुल फूंक सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले झारखंड आंदोलनकारी जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, अपनी पहचान, मान-सम्मान पाने के लिए वर्षों से 11 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन अब तक सरकार द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। केन्द्रीय महासचिव कयूम खान ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने मान-सम्मान एवं अधिकार के सवालों को लेकर बड़ा उलगुलान करने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार को चाहिए कि आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा से अविलंब वार्ता करे और आंदोलनकारियों के मांगों पर सहानुभूति दशार्ते हुए सकारात्मक पहल करें। उन्होंने कहा झारखंड आंदोलनकारियों के त्याग संघर्ष और कुर्बानियों को सभी राजनीतिक दल स्वीकार करते हैं एवं आंदोलनकारियों को सम्मान भी देना चाहते हैं, लेकिन अभी तक सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर एक साथ सार्थक पहल नहीं किया। संबोधित करने वालो में प्रोफेसर विनोद भगत जिला सचिव विशेषण भगत, शाहिद अहमद, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, दीपक वर्मा, रूस्तम खान, जगदीश उरांव, कृष्णा ठाकुर, सीता उरांव, तरामनी मिंज, सालेन लकड़ा, बालोमनी बाखला आदि शामिल थे। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता अनिल कुमार भगत ने की। मौके पर तारा खलखो, दिनेश साहू, सोमनाथ उरांव, चैतु मुंडा, मो. मनीरूद्दीन, इसरार अहमद, अफरोज शाह, दशरथ गिरी, चैतु मुंडा, अमानत अली, छोटन विश्वकर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे। मौके पर पहुंचे झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने खतियानी जोहार यात्रा में आंदोलनकारियों को आमंत्रित करते हुए कहा मुख्यमंत्री से वार्ता कराकर आंदोलनकारियों की समस्याओं का जल्द कराएंगे समाधान।


बैठक को संबोधित करते जेएमएम अध्यक्ष।

# सीएम के दौरा को लेकर उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**खबर मंत्र संवाददाता**


सदर अस्पताल का निरीक्षण करते डीसी।

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 12-13 दिसंबर को लोहरदगा आगमन को लेकर की जा रही विभिन्न तैयारियों व स्थल का निरीक्षण बुधवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया। उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम सदर अस्पताल लोहरदगा का निरीक्षण किया गया। इसमें सिविल सर्जन, लोहरदगा को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, मरम्मति, आवश्यक छिड़काव व अन्य तैयारियों का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा अस्पताल परिसर स्थित ओपीडी, एसएनसीयू, सभागार आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा जिला मुख्यालय से सेन्हा प्रखंड के कंडरा ग्राम तक के मुख्य सड़क का निरीक्षण किया गया और सड़क निर्माण संबंधी कार्य पूर्ण किये जाने और गढ्ढों की मरम्मति हेतु आवश्यक निदेश कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, रांची को दिये गये। कंडरा ग्राम से लेकर बुटी-झखरा ग्राम होते हुए गढ़गांव को जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य हेतु शिलान्यास संबंधी आवश्यक तैयारियों का निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा को दिया गया। साथ ही, कंडरा ग्राम में सरना स्थल के समीप अन्य कार्यक्रम हेतु आवश्यक निदेश दिये गये। उपायुक्त द्वारा निमार्णाधीन आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र कंडरा और जय सरना लुरकुडिया कंडरा का भी निरीक्षण किया गया। उपायुक्त द्वारा अरू में बिरसा हरित ग्राम योजना का भी निरीक्षण किया गया और निर्देश दिये गये। नगर भवन में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम के लिए नया नगर भवन, लोहरदगा के अंदर की जा रही तैयारियों का उपायुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया और आवश्यक सजावट व तैयारियों का निर्देश नपा कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। लोहरदगा-बेड़ो मुख्य पथ पर सीठियो में कोयल नदी पर बने उच्च स्तरीय पुल तक पहुंच पथ बनाने के कार्य का निरीक्षण उपायुक्त द्वारा किया गया और पहुंच पथ निर्माण का कार्य, आवश्यक भराव का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लोहरदगा को दिया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल/पथ प्रमंडल/जिला अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद देवेंद्र कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सेन्हा, अंचल अधिकारी सेन्हा, जिला परिषद सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### एसपी ने सुरक्षा को लेकर चैंबर सदस्यों से की बैठक


प्रतिनिधियों से वार्ता करते एसपी।

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डाक्टर ऐहतेशाम वकारिव ने बुधवार को चेंबर ऑफ कामर्स गुमला के सदस्यों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। बैठक में एसपी ने कहा कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाये रखने के लिए बीट पुलिसिंग को मजबूत प्रदान किया जा रहा है। अभी सौ बीट पुलिस है। जिसे बढ़ाकर दौ सौ किया जाएगा। उन्होंने शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमारों की संख्या में वृद्धि करने की बात कही। वर्तमान में पचास स्थानों पर सीसीटीवी कैमार लगा हुआ है और आने वाले दिनों में इसे सौ किया जाएगा। उन्होंने सामर्थवान व्यापारियों से अपने दुकानों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। एसपी ने चर्चा के दौरान ट्रैफिक सुगमता को भी बेहतर बनाने पर जोर दिया। वहीं बैठक में व्यापारियों के साथ थानों में हर माह मीटिंग कराने की बात कही गई। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, हिमांशु केसरी, बबलू वर्मा, गुन्नू शर्मा, राजेश लोहानी, काजल कुमार आदि उपस्थित थे।

### मानसिक समस्याओं पर काउंसिलिंग का आयोजन

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के संयोजक मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता नंदलाल साहू ने कार्तिक उराँव आदिवासी बाल विकास मध्य सह उच्च विद्यालय सिसई के छात्र-छात्राओं को मानसिक समस्याओं से संबंधित कॉउंसलिंग किया। पठन-पठान में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका, उनके बीच आपसी संबंध, देख-रेख, बच्चों के भविष्य निर्माण के आदि विषयों पर श्री साहू ने जानकारी दी।

### समाचार पत्रों में उठाये गये भ्रष्टचार के मामले पर कार्रवाई नहीं होने पर जेएनडी करेगा आंदोलन

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व भाकपा (माले) रेड स्टार गुमला के संयुक्त बैनर तले विभिन्न समाचार पत्रों द्वारा लगातार उठाए जा रहे हैं विकास कार्यों में लीपापोती कर भ्रष्टाचार व जनसमस्याओं पर कार्रवाई के लिए उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन कर कार्रवाई शुरू नहीं होने की स्थिति में झारखंड नवनिर्माण दल गुमला द्वारा गुमला उपायुक्त को 9 दिसंबर 2022 को एक ज्ञापन देते हुए 22 दिसंबर 2022 को जिला मुख्यालय गुमला में जनहित के मामले पर कार्रवाई करो नारे के साथ प्रदर्शन किया जाएगा । विदित हो कि 15वें वित्त आयोग और गुमला जिला के विभिन्न विकास कार्यों में हर स्तर पर फैले भ्रष्टाचार व कमीशन खोरी का मामला को विभिन्न अखबारों के द्वारा लगातार उठाए जाते रहे हैं। लेकिन सबसे मजे की बात यह है कि जनहित से जुड़े ऐसे मामलों में किसी भी राजनीतिक पार्टी या सामाजिक संगठन का खुलकर आगे नहीं आना एक तरह से भ्रष्टाचार को मौन सहमति देने के बराबर है । गुमला में जनहित से सरोकार रखने वाले पत्रकारों द्वारा लगातार मामले को उठाए जाने से आम जनता को सीधे पता चल रहा है की जन कल्याणकारी योजनाओं में घपला घोटाला किस कदर फैला हुआ है ।

### पानी के लिए तरस रहे हैं स्थानीय लोग

चैनपुर के पीपल चौक की खराब सोलर जलापूर्ति योजना



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित पीपल चौक व अल्बर्ट एक्का चौक में जिला परिषद मद से लगा सोलर जलापूर्ति योजना लोगों को मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा है। सोलर जलापूर्ति योजना निर्माण के कुछ माह बाद खराब हो गया। जिसे स्थानीय लोगों ने आर्थिक मदद कर चालू कराया लेकिन उसे लाभ नहीं मिल सकार। सोलर जलापूर्ति योजना से आस-पास के 50 परिवारों को शुद्ध पानी मिल रहा था। परंतु अब स्थिति यह है कि ये परिवार के लोग पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। बताते चले की ये दोनों योजनाएं 2017 में ही बन कर तैयार हुए था। जिसके बाद एक साल ठीक से चलने के बाद ये लगातार खराब होते रहा। अभी स्थिति ऐसे है कि इसके खराब हुए दो साल बीत गए पर कोई भी इसकी सुध तक लेने नहीं आया तथा ना ही इसे ठीक करने का किसी ने प्रयास किया। पीपल चौक में पीने के पानी का मात्र एक सहारा यही था जो कि अब खराब पड़ा है। अल्बर्ट एक्का चौक में भी पीने के पानी की खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### जतरा की तैयारी को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कुराग घोड़ाटांगर स्थल पर घोड़ाटांगर जतरा की तैयारी को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने बैठक किया । बैठक में कुराग, नावाडीह, चट्टी, सासों कुगांव के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में सर्व समिति से आगामी 15 दिसंबर को घोड़ाटांगर जतरा को धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही तैयारी को लेकर कई चर्चा की गई। बैठक में पंचायत के सभी ग्राम से सांस्कृतिक खोड़हा बुलाने का भी निर्णय लिया गया। जतरा के सफल संचालन के लिए ग्रामीणों द्वारा पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ लगने के बाद भी कहीं गई । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में सरवन उरांव,भीम उरांव, अनिल उराव, जितवाहन उरांव, प्रकाश उराव,बहुरा उराव, कुशीला उराव, किरण उराव, दुर्गी उराव सहित कई महिला पुरुष थे।

### अनियंत्रित होकर बाइक टकरायी, तीन घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के तेलगांव तीखा मोड़ के समीप स्थित बाउंड्री वॉल से बुधवार को बाइक सवार तीन लोग टकराकर घायल हो गए हैं। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि करमटोली निवासी 20 वर्षीय छोटू उरांव, 20 वर्षीय लक्ष्मण उरांव व 17 वर्षीय रोशन उरांव एक बाइक में सवार होकर तिर्रा बाजार जा रहे थे। जहां तेलगांव के समीप तीखी मोड मैं बाइक अनियंत्रित होकर बाउंड्री वॉल से जा टकराया। जिसमें तीनों गिरकर घायल हो गए। वहीं सदर अस्पताल में तीनों घायलों का उपचार चिकित्सकों की देखरेख में हो रहा है।

### थाना परिसर में कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार, थाना प्रभारी व समाजसेवी की हुई बैठक में लिया गया निर्णय


बैठक में शामिल लोग।

घाघरा। सामाजिक कार्यकर्ता सह कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे की पहल से घाघरा मुख्य पथ पर 3.5 किलोमीटर तक नाली का निर्माण किया जाएगा। भीकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा कुडू से घाघरा चांदनी चौक तक सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जो लगभग पूर्ण होने को है पर सड़क के किनारे नाली का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। नाली निर्माण नहीं होने से सड़क में पानी आएगा और पानी से बहुत जल्द ही सड़क खराब हो जाएगा। नाली नहीं बनाने पर कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे बुधवार को थानेदार अमित कुमार चौधरी से बैठकर इन सारे विषयों पर चर्चा किया। जिसके उपरांत कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक को दूरभाष पर संपर्क किया गया। जिसके बाद कंपनी के राजेश गुप्ता के साथ थाना परिसर में ही बैठक हुई। बैठक में ठेकेदार के द्वारा कहा गया कि 3.5 किलोमीटर नाली का निर्माण कराया जायेगा। आवश्यकता के अनुसार नाली बनाया जा रहा है। वहीं चांदनी चौक पर शहीद देवनारायण भगत स्मारक के चारों ओर चबूतरा के जैसा बनाया जायेगा। नाली निर्माण के लिए राजेश गुप्ता ने बताया कि पथ निर्माण के सहायक अभियंता व कनीय अभियंता को बुलाकर दिखाने के उपरांत नाली का काम शुरू किया जायेगा। इस मौके पर अनिरुद्ध चौबे ने कहा सड़क के किनारे यदि नाली ना रहे तो सड़क पर सभी पानी आयेगा और कालीकरण सड़क पानी के संपर्क में आते हैं बहुत जल्द खराब होता है। जिस कारण कालीकरण सड़क के किनारे नाली का होना अति आवश्यक है।

स्पीड न्यूज

## जेएफसी ने मिडफील्डर राफेल क्रिवेलारो के साथ किया करार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने मई 2023 तक ब्राजील के मिडफील्डर राफेल क्रिवेलारो के साथ करार किया है। हीरो इंडियन सुपर लीग में चेन्नईयिन एफसी से क्रिवेलारो अब मेन ऑफ स्टील में शामिल हो गए हैं। उन्होंने चेन्नईयिन एफसी के लिए 27 मैच खेले हैं और 9 असिस्ट के साथ 8 गोल दोगे हैं।
मिडफील्डर सितंबर 2019 में चेन्नईयिन एफसी में शामिल हुए थे और आईएसएल के उस सीजन में दूसरे सबसे अधिक असिस्ट करने वाले खिलाड़ी रहे थे। उस सीजन उन्होंने 20 मुकाबलों में 8 असिस्ट सहित 7 गोल किए।
जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच ऐडी बूथरॉयड ने नए करार पर अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि हमने राफेल के साथ करार किया है। बहुत जल्दी यह देखने को मिलेगा कि हमने किस तरह की क्वालिटी को लेकर आए हैं। राफेल एक बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। वह डिफेंस में ताकत बन सकते हैं। वह बहुत क्रिएटिव हैं और बहुत फिट दिखते हैं और मुझे यकीन है कि उनसे हमें बहुत मदद मिलने वाली है।
33 वर्षीय राफेल क्रिवेलारो ने जमशेदपुर के जर्सी में खेलने के लिए अपनी इच्छा के बारे में भी बताया। क्रिवेलारो ने कहा, 'मैं जमशेदपुर एफसी से जुड़कर बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए एक नई चुनौती और एक नई शुरूआत है और मुझे उम्मीद है कि मैं टीम को सफल बनाने में मदद कर सकता हूं। टीम ने मेरा खुले हाथों से स्वागत किया है और मैं कोच और यहां सभी के साथ काम करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं गर्मजोशी से स्वागत के लिए फैंस को धन्यवाद देना चाहता हूं और मैं पिच पर उनके लिए प्रदर्शन करने के लिए बहुत खुश और उत्साहित हूं।
क्लब इस बात की भी पुष्टि किया है कि राफेल क्रिवेलारो बचे हुए सत्र के लिए 50 नंबर की जर्सी पहनेंगे।

## सेफ ने आयोजित की इंटर स्कूल सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता

**जमशेदपुर।** सेफ्टी अवेयरनेस फॉर एवरीवन (सेफ) क्लब द्वारा आज कुडी महंती ऑडिटोरियम में इंटर स्कूल सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 21 स्कूलों की कुल 63 टीमों ने भाग लिया। इस सत्र की अध्यक्षता सेफ की चेयरपर्सन श्रीमती रुचि नरेंद्रन और चीफ, सेफ्टी, टाटा स्टील श्री नीरज कुमार सिन्हा ने की। इस प्रतियोगिता में एक स्क्रीनिंग राउंड पोस्ट था जिसमें 6 टीमों ने फाइनल में जगह बनाई।
फाइनल क्विज प्रतियोगिता के 5 राउंड के बाद, केपीएस कदमा, लोयोला स्कूल और विद्या भारती चिन्मया विद्यालय क्रमशः विजेता, प्रथम उपविजेता और द्वितीय उपविजेता रहे। प्रश्नोत्तरी के अंतिम दौर का संचालन क्विजमास्टर श्री ई जी खान ने किया। अपने स्वागत भाषण में, श्रीमती नरेंद्रन ने स्कूलों के बच्चों के बीच सुरक्षा संस्कृति को विकसित करने, सुरक्षा आदतों में मूल्य सृजन करने और इसे जीवन का एक तरीका कैसे बनाया जाए, पर जोर दिया। श्री नीरज सिन्हा ने वित्त वर्ष 23 में सेफ की गतिविधियों की जानकारी दी और सड़क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया। सुश्री मोम मित्रा, संयोजक सेफ और मैनेजर सेफ्टी टाटा स्टील ने सत्र की मेजबानी की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बहुत ही आकर्षक थी जिसमें दर्शकों के बहुत सारे प्रश्न सेफ समन्वयकों और प्रतिभागियों को उलझाए हुए थे। एनएमएल केपीएस के छात्रों द्वारा सेफ्टी पॉज के रूप में एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। सेफ श्रीमती नरेंद्रन की अध्यक्षता में 33 स्कूलों का एक समूह है और स्कूली बच्चों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है। यह मॉक ड्रिल, फायर ऑडिट और बुनियादी जीवन समर्थन के लिए प्रशिक्षण में भी स्कूलों का समर्थन करता है।

एनएमएल में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस

# किसी भी स्टील के क्षरण को रोकने के लिए कोटिंग निश्चित रूप से एक उपाय : डॉ देबाशीष भट्टाचार्यी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-एनएमएल ऑडिटोरियम, बर्मामाइंस, जमशेदपुर में टाटा स्टील लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट, टेक्नोलॉजी एंड न्यू मैटेरियल्स बिजनेस, डॉ. देवाशीष भट्टाचार्जी ने आज दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जंग और कोटिंग (आई3सी) का उद्घाटन किया। सम्मेलन का आयोजन भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम) जमशेदपुर चैप्टर द्वारा टाटा स्टील लिमिटेड, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर और एनआईटी जमशेदपुर के सहयोग से 7-8 दिसंबर, 2022 को सीएसआईआर-एनएमएल परिसर में किया गया है। सम्मेलन के मुख्य विषय में नवीनतम अत्याधुनिक तकनीकों और संक्षारण प्रतिरोध वृद्धि के लिए हॉट-डीप, भौतिक, जलीय और गैर-जलीय कोटिंग्स प्रक्रियाओं में हुई प्रगति पर केंद्रित है।

सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान, डॉ. अरविंद सिन्हा, मुख्य वैज्ञानिक सीएसआईआर-एनएमएल ने एनएमएल के निदेशक की ओर से स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनन्दन किया। बाद में, डॉ. ए.एन. सरफेस इंजीनियरिंग रिसर्च ग्रुप, टाटा स्टील के प्रमुख और आईआईएम जमशेदपुर के अध्यक्ष भगत ने आईआईएम जमशेदपुर चैप्टर की विभिन्न गतिविधियों का विवरण दिया। उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया कि आईआईएम का यह विषय देश के सबसे बड़े और सबसे सक्रिय अध्यायों में से एक है। पूरे वर्ष के दौरान इसने भौतिक विज्ञान और धातु विज्ञान के महत्व को प्रचारित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। उनके विचार-विमर्श के तुरंत बाद, टाटा स्टील के उत्पाद अनुसंधान प्रमुख और अध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ मिश्रा ने इस विशेष अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के महत्व के बारे में बात की। बाद में, उन्होंने इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि, डॉ देबाशीष भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष, प्रौद्योगिकी और नई सामग्री व्यवसाय, टाटा स्टील लिमिटेड का भी परिचय कराया। अपने संबोधन में, मुख्य अतिथि ने हमारे दैनिक जीवन में संक्षारण और कोटिंग्स के विभिन्न पहलुओं के बारे में बात की। आजकल, कोटिंग के विभिन्न पहलुओं जैसे सौंदर्य, धूल प्रतिरोधकता, स्व-उपचार आदि का भी पता लगाया जा रहा है। उन्होंने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि किसी भी इंजीनियरिंग सामग्री, जैसे स्टील के क्षरण को रोकने के लिए कोटिंग निश्चित रूप से एक उपाय है। हालांकि, हमें आधार सामग्री को स्टील से कुछ अन्य सिरेमिक आधारित सामग्री में बदलने के संदर्भ में अन्य समाधानों पर गौर करना चाहिए जो स्वाभाविक रूप से जंग रोधक हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन किया गया। अंत में डॉ रघुवीर सिंह, मुख्य वैज्ञानिक और ग्रुप लीडर कोरोजन इंजीनियरिंग, सीएसआईआर-एनएमएल ने इस सम्मेलन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।


इंटरनेशनल कांफ्रेंस में स्मारिका का विमोचन करते अतिथिगण।

# जमशेदपुर : बच्चों को अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाने के लिए एक बाप बना चोर

- गत चार दिसंबर को टाटा मोटर्स के सेवानिवृतकर्मी के घर की चोरी
- चोरी का कारण पता चलने पर पुलिस भी हैरान, जेल भेजा गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अंग्रेजी स्कूलों के प्रति गरीब से लेकर अमीर तक के बीच दिवानगी की हद कहें कि हिन्दी माध्यम स्कूलों में पढाई के गिरते स्तर को जिम्मेदार बताया जाय। इस द्वंद में जमशेदपुर पुलिस उस वक्त पड़ी जब उसने एक चोरी के मामले का खुलासा किया। पता चला कि अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाने के लिए एक ठेका मजदूर को चोरी करनी पड़ी। चूंकि चोरी करने वाला अनाड़ी था सो पकड़ा गया और अब उसे जेल भेज दिया गया है।


चोरी के आरोपी को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते एएसपी सुधांशु जैन।

बता दें कि बीते दिनों बिरसानगर थाना क्षेत्र के जोन नंबर एक क्रॉस रोड नंबर 2 संडे मार्केट के रहने वाले टाटा मोटर्स के रिटायर कर्मचारी संजय कुमार सिंह के घर में 4 दिसंबर की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि तंतुबाई को गिरफ्तार कर लिया है। रवि जोन नंबर वन बी हरि मंदिर के पास का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह खुद तो मजदूरी करता है, लेकिन अपने दो बच्चों को अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ाना चाहता था। इस कारण से उसने 14 लाख रुपये मूल्य के जेवर की चोरी की थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के कारण रवि को गिरफ्तार करने में पुलिस को ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

उक्त खुलासा एएसपी शुभांशु जैन और बिरसानगर थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने गोलमुरी ऑफिस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। गिरफ्तार रवि तंतुबाई का कहना है कि घर में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा जो सात साल का है वह पहली कक्षा में पढ़ता है और दूसरा नर्सरी में। दोनों बच्चे हिन्दी माध्यम के एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं। उसके आस-पड़ोस के बच्चे अंग्रेजी मीडियम में पढ़ते हैं। वह भी अपने बच्चों को अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाने की लालसा पाले हुये था। इस कारण से ही उसने टाटा मोटर्स के रिटायर कर्मचारी के घर में रेकी करने के बाद चोरी की घटना को अकेले ही अंजाम दिया था।

पुलिस को पूछताछ में रवि तंतुबाई ने बताया कि जब वह घटना को अंजाम देकर घर से निकला था तभी तब एक व्यक्ति ने उसे देख लिया था। वह भागने लगा था और इस क्रम में ही जेवर से भरा उसका बैग जमीन पर गिर गया था। उस बैग को बिरसानगर पुलिस अबतक बरामद नहीं कर सकी है। आरोपी के पास से पुलिस ने दो जोड़ी पायल, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने की कान की बाली, सोने का एक पीस चेन, दो पीस सोने की अंगूठी, छेनी, हथौड़ा और एक प्लास बरामद किया है।

## जाह्नवी हाउस ओवरऑल चैंपियन

➲ चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क में वार्षिक खेलकूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** चिन्मया विद्यालय के वार्षिक खेल कूद का आयोजन बुधवार 7.12.22 को विद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ एक्सएलआरआई के एकेडमिक डीन श्री संजय पात्रो द्वारा ध्वजारोहण एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थे कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों, स्काउट एवं गाइड्स तथा स्कूल बैंड के द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट ,कक्षा सातवीं और आठवीं द्वारा प्रस्तुत योग ड्रिल, कक्षा चौथी पांचवी और छठी द्वारा प्रस्तुत डिजिटल इंडिया ड्रिल तथा पहली दूसरी एवं तीसरी कक्षा द्वारा प्रस्तुत कोरोनावारियर्स ड्रिल।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की खेल शिक्षिका सुश्री पानो मार्डी, प्राचार्या मिक्की सिंह समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### वार्षिक खेलकूद दिवस के विजेता

- ओवरऑल विजेता-जाह्नवी हाउस
- मार्च पास्ट विजेता-भागीरथी हाउस
- सर्वश्रेष्ठ धावक सीनियर - रितिक कुइला
- सर्वश्रेष्ठ धाविका सीनियर-रुचिता श्रीवास्तव
- सर्वश्रेष्ठ धावक जूनियर-सुखराज सिंह
- सर्वश्रेष्ठ धाविका जूनियर-श्रुति गुप्ता

## सीबीआइ-क्राइम ब्रांच का आदमी बताकर जेवर ठगने वाला अंतर्राज्यीय गैंग धराया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के कई थाना क्षेत्रों में विगत छह माह से घूम-घूमकर खुद को सीबीआइ का आदमी, क्राइम ब्रांच का आदमी और पुलिसवाला बताकर लोगों से जेवर की ठगी करने के मामले में पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के पास से पुलिस ने ठगी के जेवर व अन्य सामान बरामद किया है।

अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा बुधवार को एसएसपी प्रभात कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में किया। उन्होंने प्रेस के सामने गिरफ्तार तीन अपराधियों को भी पेश किया। एसएसपी का कहना है कि ईरानी गिरोह अभी 2-3 साल से ही सक्रिय हुआ है और इसमें 15 से 20 लोग शामिल हैं। ये सिर्फ जमशेदपुर में ही नहीं बल्कि भारत के कोने-कोने में जाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। गिरोह मुख्य रूप से महाराष्ट्र का है।


गैंग के गिरफ्तार सदस्यों को प्रेस के सामने पेश करते एसएसपी प्रभात कुमार। साथ में ग्रामीण एसपी।

### गैंग के ये सदस्य हुए गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में एमपी के जिला होसगाबाढ़, गांव अमन कॉलोनी का रहने वाला सादिक हुसैन, महाराष्ट्र के शिवाजीनगर का रहने वाला काशिम बेग, एमपी भोपाल के अमन कॉलोनी का तकबीर खान को गिरफ्तार किया गया है।

कोलकाता और पुरुलिया में ठगी करने के बाद पहुंचे टाटा, पुलिस के हत्थे चढ़े।

## सेवानिवत्त 11 सदस्यों को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** बुधवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में गत माह सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया एवं विदाई दी गई। 11 सेवानिवृत्त कर्मचारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए : सैबल दास गुप्ता, आलोक पात्रा, डोडी सिधेश्वर राव, एस के शमीम, शम्भू नाथ दुबे, वीरेंद्र बहादुर सिंह, असित कुमार बरुआ, नम्बूरी चंद्रशेखर, देवासिष बिसोयी, पंचानन दास, अशोक कुमार भारती। सभी को शॉल और मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में सभी लोगों की स्वास्थ्य की कामना की और आशा किए कि आप ज्यादा से ज्यादा समय अपने परिवार में दें ताकि उनका जीवन खुशी खुशी व्यतीत हो। जब भी यूनियन की आवश्यकता होगी यूनियन आपके लिए सदैव खड़ा है। सभा मे सभी आफिस बेयरर, कमिटी मेम्बर शामिल हुए।



## मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव के लिए समाज के लोगों से संपर्क कर रहे पवन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** आसन्न पूर्वी जिला मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव के संदर्फ में पवन अग्रवाल ने गयात्री नगर, आजाद मार्केट, ग्वाला बस्ती, खरंगझार टेल्को में समाज के लोगो से मुलाकात की। हाल चाल जाना तथा मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव में समर्थन का आग्रह किया। विदित हो कि कुछ दिनों के अंतराल में चुनाव सम्पन होना है। जिसमे अध्यक्ष के लिये पवन ने अपनी दावेदारी की है। इसीके निमित समाज के लोगो मिलकर उनका आशीर्वाद मांगा। संमाज के अभिभावक समाजसेवी केदारमल पलसानिया जो कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं उनसे उनके आवास पर जा कर उनका हाल जाना। काफी समाज के संदर्फ में चर्चा हुई उन्होंने भी समाज के मजबूती के लिए कई बहुमुल्य सुझाव दिए। पवन ने चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।


पवन अग्रवाल मारवाड़ी समाज के मूर्धन्य केदारमल पलसानिया से भेंट करते हुए।

## लौहनगरी में एशियन किड्स स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप आज से

➲ देश में पहली बार आयोजित हो रही यह चैंपियनशिप
➲ टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन को मिली है मेजबानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आइएमएफ) और टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) के सहयोग से इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ स्पोर्ट क्लाइम्बिंग (आइएफएससी) एशिया द्वारा एशियन किड्स स्पोर्ट क्लाइम्बिंग चैंपियनशिप 2022 का आयोजन किया जा रहा है - यह तीन दिवसीय आयोजन जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में 8 से 11 दिसंबर तक किया जाएगा। चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, 8 दिसंबर, 2022 को शाम 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी एथलीट, प्रतिनिधि, अधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहेंगे।

उक्त जानकारी टाटा स्टील लिमिटेड में चीफ (स्पोर्ट्स एंड हॉस्पिटलिटी) फरजान हीरजी ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर उनके साथ टीएसएएफ के हेमंत गुप्ता और पद्मश्री श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल भी मौजूद थीं।



चैंपियनशिप के बारे में पत्रकारों को बताते टाटा स्टील के चीफ फरजान हीरजी। साथ में फाउंडेशन के हेमंत गुप्ता और पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल।

पत्रकारों से बात करते हुए टीएसएएफ के हेमंत गुप्ता ने बताया कि समारोह उन सभी के लिए खुला है जो इसे लाइव देखना चाहते हैं। 10 एशियाई देशों अर्थात दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, हांगकांग, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, फिलीपींस, सिंगापुर, मलेशिया, चीन और भारत के एथलीट इस मेगा चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। जापान, सिंगापुर, हांगकांग और मलेशिया के तकनीकी प्रतिनिधि और अधिकारी पहले ही रंगभूमि में पहुंच चुके हैं। बोल्डरिंग और लीड इवेंट्स के लिए रूट सेटिंग शुरू हो चुकी है। क्लाइम्बिंग का क्षेत्र अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए तैयार है।

टीएसएएफ ने पहले इसी स्थान पर इस चैंपियनशिप के लिए 17 और 18 नवंबर, 2022 को भारतीय एथलीटों के लिए दो दिवसीय सेलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया था। भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करने के लिए देश भर से 45 से अधिक एथलीटों का चयन किया गया है।

## एक नजर में

### भाजपा नेता नीरज ने बेटियों की शादी को दी मदद



**जमशेदपुर।** लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने और समाज के लिए कुछ काम करने और जरूरतमंद लोगों के मदद करने में आगे रहने वाले जमशेदपुर के समाजसेवी सह भारतीय जनता पार्टी, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने मानगो उलीडीह तथा मानगो संकोसाई में दो बेटियों को शादी से पूर्व उनके परिवार से मिलकर उन्हें आर्थिक मदद प्रदान कर बेटियों के मंगलमय वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। नीरज सिंह ने कहा कि हर पिता या परिवार बेटी की शादी में कही कमी न रहे इसके लिए हमेश प्रयाश करते हैं और इस सपने को पूरा करने की कोशिश करते है। मेरी और हमेशा यह प्रयास रहता है की किसी बेटी की शादी में अगर मैंने किसी भी तरह से उनके परिवार की मदद हो सके तो मैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली समझता हूं।

### श्रीश्री महावीर मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ संपन्न



**जमशेदपुर।** युवा शक्ति सेवा संघ के द्वारा श्री श्री महावीर मंदिर पूजा समिति सोनारी मरार पारा के प्रांगण में 101 दीप प्रज्ज्वलित कर हनुमान चालीसा का पाठ एवं विशाल आरती का आयोजन कर शौर्य दिवस के उपलक्ष में मनाया गया। इस अवसर पर समिति के प्रांगण में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के गोलमुरी मंडल के पूर्व अध्यक्ष राणा दा भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व महानगर प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार शिंदे भारतीय जनता पार्टी के युवा एवं कर्मठ जुझारू नेता चौहान एवं झारखंड प्रजापति संघ के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष बलराम पंडित मुख्य रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन संघ के संयोजक छगन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन लोकनाथ साहू ने किया इस अवसर पर राकेश साहू, सनी यादव, प्रेम कुमार रजक, जीतू साहू, मुन्ना साहू एवं चंदीप सिंह उपस्थित थे।

### गायत्री परिवार का नौ कुंडीय महायज्ञ 18 को



**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार टाटानगर का युवा प्रकोष्ट नवयुगदल एवं प्रज्ञा महिला मंडल का एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आज गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा में सम्पन्न हुई। मौके पर वर्ष 2022 के अंतिम पड़ाव दिसंबर माह में दो कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें पहला कार्य्रकम 18 दिसंबर को भालूबासा रोहन अखाड़ा के सामने हरिजन स्कूल मैदान में एक दिवसीय 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न होगा। महायज्ञ सम्पन्न कराने के लिए युग सैनिक, युवा प्रकोष्ट धनबाद के राजेश मिश्रा एवं उनके सहयोगियों का आगमन टाटानगर हो रहा है। यह आयोजन प्रज्ञा महिला मंडल की बहन शशिप्रभा वर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। दूसरा 25 दिसंबर को गायत्री परिवार का वार्षिक मिलन समारोह डिमना लेक के समीप ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सम्पन्न होगा। जिसमें जमशेदपुर के अलावा पश्चिमी सिहभूम, सराईकेला खरसावां व पूर्वी सिंहभूम के अनेक कार्यकर्ता भाई- बहन भाग लेंगे।

### शीतला माता चबूतरे का जीर्णोद्धार करवा रहे नीरज



**जमशेदपुर।** मानगो उलीडीह टैंक रोड स्थित श्री श्री शीतला माता मंदिर पूजा समिति के लोगों ने कुछ दिन पूर्व सूचना दी थी कि ज्वारा पूजन के पवित्र स्थल की स्थिति अच्छी नहीं है और चबूतरा भी टूट गया है। इस विषय के संज्ञान में आते ही उपरोक्त स्थल के जीर्णोद्धार का काम जमशेदपुर के जनसेवक सह झारखंड भाजपा के प्रदेश संयोजक (व्यवसायिक प्रकोष्ठ) नीरज सिंह के सौजन्य से तुरत शुरू करवाया गया। इसी क्रम में आज नीरज सिंह ने वहां बन रहे चारदीवारी और चबूतरे पर लगाए जा रहे टाइल्स का निरीक्षण किया एवं संबंधित कामगारों को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहां के स्थानीय लोगों ने बताया की पूजा स्थल के आस पास कचड़े का अम्बार लग गया था जिस कारण वहां पूजा में काफी दिक्कत होती थी मगर अब ये समस्या पूर्णत: खत्म हो जाएगी और इस कार्य के लिए लोगों ने नीरज सिंह की काफी सराहना की। इस दौरान उलीडीह मंडल अध्यक्ष श्री अमरेंद्र पासवान अपनी टीम के साथ उपस्थित थे।

### ट्रांसजेंडरों के लिए इनरह्वील क्लब का जागरूकता कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ट्रांसजेंडर समुदाय के मौखिक स्वास्थ्य के मुद्दों को दूर करने के लिए पहल की। डॉ मीना मुखर्जी की निजी संस्था यूएचएफई बिरसा नगर में एक नि:शुल्क डेंटल चेक-अप कैंप लगाया गया, जहां डेंटिस्ट डॉ चारु बाला पवन ने ट्रांसजेंडरों के लिए मुफ्त डेंटल चेक-अप और एक बुनियादी संक्रमण नियंत्रण उपचार प्रदान किया। मुंह के स्वास्थ्य के महत्व के बारे में समुदाय को जागरूक करने और उन्हें चिकित्सा सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डॉक्टरों और उनकी टीम द्वारा ओरल कैंसर पर एक ऑडियो विजुअल जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। क्लब की तरफ से ट्रांसजेंडरों की देखभाल के लिए मेडिकेटेड टूथपेस्ट और मास्क बांटा गया। प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा के तहत फूड कूपन का वितरण भी किया गया। अध्यक्ष अर्चना, डॉ नीलम और डॉ मीना मुखर्जी द्वारा पहल और समन्वित प्रोजेक्ट और पीपी इरा, वीपी संपा, सचिव मधुमिता, आईएसओ संचिता और यूएचएफई के सदस्यों की उपस्थिति ने प्रोजैक्ट को बहुत सफल बनाया।

## स्पीड न्यूज

### सुरज बने मीडिया प्रभारी के सह संयोजक



उंटारी रोड (पलामू)। जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के पांडेपूर गांव निवासी सुरज विश्वकर्मा को भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी के सह संयोजक बनाया गया है। इससे पूर्व सुरज विश्वकर्मा उंटारी रोड प्रखंड के भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी थे। सुरज विश्वकर्मा को जिला सोशल मीडिया प्रभारी के सह संयोजक बनाने पर कई लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में उंटारी रोड भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, जिला विशेष आमंत्रित सदस्य वेद प्रकाश शर्मा, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी,पवन गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता का नाम शामिल है।

### लड़का में महुलिया, लड़की में जंघासी विजेता



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के किशुनपुर में चल रहे मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट के फाईनल मैच लड़का वर्ग में महुलिया और पचकेड़िया के बीच खेला गया। वहीं लड़की वर्ग में जंघासी पंचायत और महुलिया पंचायत के बीच मुकाबला हुआ। रोमांचक मुकाबले में लड़का वर्ग में महुलिया और लड़की वर्ग में जंघासी पंचायत की टीम प्रतिद्वंदी टीम को हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। पूर्व फाईनल मैच समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह व प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने फाईनल मैच के विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया। मौके पर जिप सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि खेल में न सिर्फ लड़के बल्कि लड़कियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है।

### विष्णुदेव सिंह की दूसरी पुण्यतिथि मनी



चैनपुर। प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत के लिधकी गांव में आर्मी के शहीद जवान विष्णुदेव सिंह जी की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। 1996 में गरीब परिवार में जन्मे विष्णुदेव सिंह बहुत कम उम्र में ही भारतीय सेना में अपना योगदान दिये थे परंतु ट्रेनिंग के तुरंत बाद पहली ही पोस्टिंग जम्मू कश्मीर के रजौरी में तैनात हुए और ड्यूटी के दौरान ही अल्पायु में 7 दिसंबर 2020 को परलोक सिधार गये। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीद जवान विष्णुदेव सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विभिन्न अतिथियों द्वारा उद्बोधन किया गया एवं शहीद जवान के जीवन चरित्र को भी बताया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, चैनपुर उत्तरी जिप रामलव चौरसिया, पूर्व जिप संटू चौरसिया, पूर्वडीहा मुखिया संतोष दूबे, पूर्व मुखिया कुलबुल दूबे, उपमुखिया अमित दुबे, पंसस पति सह समाजसेवी प्रदीप दूबे, विकास दुबे आदि थे।

### मटपुरही में विधायक ने चापाकल लगवाया



मेदिनीनगर। तरहसी प्रखंड के ग्राम मटपुरही के ग्रामीणों को पेयजल की समस्या वर्षों से था।ग्रामीण किसी तरह पानी की समस्या से झुझते हुए अपनी प्यास बुझाते थे। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पाकी विधायक शशिभूषण मेहता को दिया। सूचना पाते के साथ ही विधायक ने मटपुरही गांव में बोरिंग करा कर चापाकल स्थापित कराया। ड्राई जोन होने के कारण इस क्षेत्र के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता था। विधायक ने क्षेत्र में पेयजल की समस्या को देखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जलमीनार स्थापित कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही बनाया जायेगा।

### दिल्ली में आप की जीत पर मनातू में जश्न



मनातू, पलामू। बुधवार को मनातू में आम आदमी पार्टी का प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र जी के नेतृत्व में दिल्ली में प्रचंड बहुमत आने पर मनातू के पदाधिकारियों ने लोगों को मिठाई खिला कर खुशी जाहिर की। जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली टउऊ मे अपनी सरकार बनाई है उस तरह लग रहा है कि आने वाले समय में पूरे भारत मे आम आदमी पार्टी का प्रचम लहरेगा। प्रखंड प्रवक्ता जाहिद हुसैन ने कहा कि मात्र आम आदमी पार्टी का गठन हुए 10 वर्ष ही हुआ है और पंजाब, दिल्ली में सरकार है और आज दिल्ली में भी सरकार बनायी और कल राष्ट्रीय पार्टी बनने का उमीद है जिस तरह से आम आदमी पार्टी के संयोजक का सपना है जो गरीबों को बिजली पानी स्वास्थ्य और स्कूल की बात करती है इसलिए सभी भारत के लोग हर राज्य मे आम आदमी पार्टी को चाहने लगे हैं।

### बीडीओ ने लिया पीएम आवास का जायजा



सतबरवा। पीएम आवास योजना निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने बुधवार को घुटुआ पंचायत के निर्माणाधीन पीएम आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने बताया कि अधूरे प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण के द्वितीय किस्त की राशि प्राप्त करने वाले लाभुकों से हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ श्री प्रसाद ने लाभुकों को एक पखवाड़े के अंदर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले लाभुकों पर कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में 389 लाभुकों को आवास निर्माण के लिए पहले किस्त की राशि दिया गया है?। जिसमें 105 लाभुकों ने आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है जबकि 281 अपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 63 लाभुक दूसरे किस्त के राशि लेने के बावजूद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं किए हैं जिन्हें पूरा करने की चेतावनी दी है। जांच दल में बीपीओ अमरेंद्र कुमार, बसंत कुमार, रोशन रंजन पाठक, विकास सिन्हा, जेई नवीन कुमार नीरज, पंकज सिंह, 15वें वित्त के जेई नीरज सिंह, चंद्रशेखर ठाकुर शामिल थे।

### वर-वधु को दिया आम व कपूर का पौधा



हुसैनाबाद पलामू, झारखंड, यूपी। पलामू जिले के हुसैनाबाद के लोटनिया गांव के एक शादी और यूपी सोनभद्र के ओबरा के तिलक समरोह में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने वर बधू को थाईलैंड का बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

# मां के पावन हाथों से आशी केयर हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ

- रेफर के बाद मरीज के जान का खतरा हुआ कम : मनीष तिवारी
- लोगों को रोग विशेषज्ञ डॉक्टर का मिलेगा लाभ : अमितेश
- पलामू में ऐसे हॉस्पिटल खुलना गौरव की बात : बिटू सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**





फीता काटकर अस्पताल का उद्घाटन करतीं मां और मौके पर उपस्थित गणमान्य।

मेदिनीनगर। सड़क दुघर्टना, ब्रेन हैमरेज, हार्ट अटैक, किडनी फेल जैसे हर इमरजेंसी पर इलाज होगा संभव। पलामू की विडंबना है कि इमरजेंसी में इलाज के अभाव में हर दिन कई जान चली जाती है। कम से कम रेफर के उपरांत रांची पहुंचने में लोगों को चार से पांच घंटे का समय मरीज के परिजनों के लिए भारी पड़ता है। इसी समय को जीवनदायक बनाने के लिए आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। शहर के पांकी रोड में अस्पताल का उद्घाटन प्रबंधक के माता के कर कमलों से संपन्न कराया गया। पार्वती देवी, सुषमा पांडेय, सकीला बानो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ किया।

इस मौके पर शहर के समाजिक, राजनीतिक, चिकित्सक अधिवक्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान आगंतुकों ने आशी केयर हॉस्पिटल की चिकित्सकीय व्यवस्था की जमकर सराहना किया। रेफर होने के बाद जान जाने से जूझते पलामू जिला के लिए आशी केयर हॉस्पिटल को वरदान बताया। निदेशक मनीष तिवारी ने बताया कि इमरजेंसी सेवा में सड़क दुघर्टना, ब्रेन हैमरेज, हार्ट अटैक, किडनी फेल जैसी गंभीरता पर मरीजों को प्राथमिक इलाज की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि रेफर मरीजों की जान अब बच सकता है। अमितेश पांडेय ने कहा कि आशी केयर हॉस्पिटल डाल्टनगंज का पहला अस्पताल है। जहां पर चौबीस घंटे ड्यूटी में अनुभवी चिकित्सक तैनात रहेंगे। जिसमें रोग विशेषज्ञ डॉ रानी हांसदा, डॉ अमित मिश्रा, डॉ राकेश कुमार समेत अनुभवी एवं विशेषज्ञों की टीम तैनात रहेगी। यहां पर मूल रूप से चार ओपीडी एवं दर्जनों बेड के जेनरल वार्ड के अलावा महिला - पुरूषो के लिए अलग-अलग वार्ड का निर्माण किया गया है। इतना ही नहीं सात बेड का आईसीयू, दो वेंटिलेटर, एक सीपीएपी, पंद्रह बेड एनआईसीयू, सात बेड का एचडीओ के अलावा प्राइवेट रूम की भी व्यवस्था की गई है। मरीजों को सुविधा मुहैया कराने के लिहाज से चिकित्सकों को रहने की भी व्यवस्था अस्पताल में ही उपलब्ध है।उन्होंने कहा कि बड़े शहरों के तर्ज पर अस्पताल का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर पांकी के पूर्व विधायक देवेन्द्र सिंह बिटू ने कहा कि इस प्रकार का हॉस्पिटल पलामू में होना गौरव की बात है। पलामू वासियों को इसका भरपुर लाभ मिलेगा। मौके पर प्रबंधक मो शाकिर, डॉ संजय तिवारी, डॉ श्याम बिहारी महतो, डॉ गौरव विशाल, डॉ कामेंद्र सिंह, अधिवक्ता अक्षय सिंह, बाल कृष्ण त्रिपाठी, युवा नेता रूद्र शुक्ला, दाऊ मिश्रा, अवधेश पाण्डेय, मधूसुदन त्रिपाठी, रतन कुमार पाण्डेय, मो शम्स, मो शाहनवाज, अब्दुल कुदूस, आलोक पाठक, मो नासिर, मो सनाउल्लाह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मानव सेवा ही सबके लिए मोक्ष पाने का एक अवसर है : भैयाजी

- प्रेरणा परमार्थ आश्रम की रेहला इकाई ने गरीबों को बीच बांटे 500 कंबल
- लगाया गया मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर, लोगों के बीच बंटा महाप्रसाद

**महेंद्र प्रजापति**



जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते श्रद्धेय भैयाजी व अन्य।

विश्रामपुर (पलामू)। आदि महागुरु भगवान श्री दत्तात्रेय के जयंती के अवसर पर इलाहाबाद प्रेरणा परमार्थ आश्रम की रेहला इकाई की ओर से 500 गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसे लेकर एक समारोह का आयोजन रेहला के शिवतार ट्रेडर्स परिसर में किया गया था। जिसकी अध्यक्षता प्रेरणा प्रमाण आश्रम केरला इकाई प्रमुख रंजीत कुमार सिंह व संचालन शिक्षाविद अरुण सिंह व रेहला ज्ञान निकेतन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने किया। आयोजित कंबल वितरण समारोह की शुरूआत गुरु दत्तात्रेय अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम गुरुपद संभव राम जी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ की गई।

मौके प्रयाग प्रेरणा परमार्थ आश्रम के संस्थापक तपस्वी सुधीर भैया जी ने कहा कि मानव सेवा सभी को मोक्ष प्राप्त करने का एक अवसर प्रदान करता है।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर रंधीर सिंह, गांव बीपी शुक्ला, विनोद सिंह, मुन्ना सिंह, बाबुल सिंह, राज सिंह, निरज सिंह, मृत्युंजय सिंह, अजीत दीक्षित, पप्पू गुप्ता, उपेंद्र देव, कृपा सिंह, सुरेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सोनू सिंह, रौशन सिंह पप्पू सिंह थे।

**मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज :** प्रेरणा परमार्थ आश्रम के कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर लगा था। जहां डॉ विश्वजीत सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजो की स्वास्थ जांच की। साथ ही जांचोपरांत मरीजो को मुफ्त दवा भी दिया गया।

**सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 51 जोड़ियों का होगा सामूहिक विवाह :** प्रयागराज प्रेरणा प्रमाण आश्रम सामूहिक विवाह कार्यक्रम करायेगा। जो गढ़वा के फरठिया वनांचल डेंटल कॉलेज परिसर में 24 फरवरी को होगा। इस वर्ष 51 जोड़ों का विवाहित कार्यक्रम संपन्न होगा।

# देश की खुशहाली के लिए भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ें : बिट्टू सिंह

- देश हित में है भारत जोड़ो यात्रा : बिट्टू पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भारत जोड़ो यात्रा में शामिल पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष व अन्य।

मनातू पलामू। पलामू जिला में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो पदयात्रा लगातार किया जा रहा है बुधवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा का अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया यात्रा का नेतृत्व विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने किया एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष विष्णूदेव यादव ने किया कार्यक्रम की शुरुआत पदमा पंचायत से, चक पंचायत तक किया गया। पांकी विधानसभा में लगातार पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के नेतृत्व में लेस्लीगंज पांकी तरहसी मनातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा आयोजन किया जा रहा है।

**खास बातें :** जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि जन जन के नेता इस देश के नेता आदरणीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में देश की खुशहाली के लिए भारत जोड़ो यात्रा किया जा रहा है आगे बिट्टू पाठक कहा कि मोदी सरकार की महंगाई बेरोजगारी और नफरत वाली नीति से देश के हित नहीं है और न इसे किसी देश वासियों का भला होने वाला है जबकि भारत जोड़ो यात्रा देश हित में है और इसके यात्रियों में देशभक्ति का जज्बा तथा देशवासियों की समस्याओं का निदान हैपूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश की जनता की आवाज बनते जा रही है देश में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार देश में नफरत फैलाने वाली राजनीतिक के खिलाफ भारत वासियों के कल्याण के लिए भारत जोड़ो यात्रा किया जा रहा है देश के जिम्मेदार नागरिक की तरह अपना पहला कर्तव्य हिंदुस्तान की प्रगति और उन्नति हो।

### गुलदस्ता देकर किया पांकी बीडीओ का स्वागत



पांकी पलामू। सौरभ सिंह ने पांकी ब्लॉक के नए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह को गुलदस्ता देकर किया स्वागत। मौके पर उन्होंने कहा कि विकास कार्य में तेजी लाना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर नर्वदेश्वर सिंह, अंकित सिंह, चंदन सिंह, राहुल सिंह उपस्थित थे।

### ओवरटेक करने में दो ऑटो रिक्शा आपस में भिड़े



नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड क्षेत्र के पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ रामसागर मोड पर मेदिनीनगर से पांकी की ओर जा रहे आटो रिक्शा ओभर टेक करने में दो आटो रिक्शा आपस में टकराने से आटो रिक्शा में बैठ एक सवारी आंशिक रूप घायल हुआ है। घायल सवारी को लेस्लीगंज थाना पुलिस बेहतर इलाज केलिए एम एम सीएच मेदिनीनगर भेजा गया है। वहीं टक्कर मारनेवाले आटो रिक्शा चालक अपने आटो लेकर फरार हो गया।

### संपूर्ण विकास केंद्र ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



पाटन पलामू। संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र एवं चाइल्ड लाइन पलामू ने पाटन प्रखंड में ग्रामीणों के साथ बैठक किया। प्राचार्य भारती गुप्ता ने अध्यक्षता की। इसमें विस्तार रुप से बाल विवाह, बाल मजदूरी, शोषण एवं अपहरण, स्पांसरशिप, पोस्टों कैयर ,दिव्याग प्रमाण पत्र बनवाने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सह शिक्षक अनुज कुमार एवं उपेन्द्र गुप्ता, रुबी कुमारी, करूना कुमारी, सुशील कुमार एवं अन्य शिक्षक मौजूद थे। प्रदीप कुमार एवं बिंदु देवी ने बैठक में सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। और कहा कि सरकार की योजना लाभ ले और अपने हक अधिकार के लिए ग्रामीण आगे आयें।

### बगडेगवा टोले की जल मीनार कई महीने से खराब



सतबरवा। प्रखंड क्षेत्र के रेवारातू गांव के पीपल टोला तथा बगडेगवा टोले का जल मीनार बीते कई महीनों से खराब है जिसके कारण ग्रामीणों को पानी पिने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल मीनार खराब होने की लिखित सूचना ग्रामीणों ने बुधवार को बीडीओ राज किशोर प्रसाद को देकर ठीक कराने की मांग किया है ताकि परेशानियों का सामना ना करना पड़े। जिन टोलों का जल मीनार खराब पड़े हैं वह दोनों टोले दलित बहुल है। पीपल टोली के ग्रामीण अशोक राम, रमेश रवि, महेश मोची, सीमा, अंजू, देवनारायण विद्यावती, सुकनी ने कहा कि जलमीनार कई महीनों से खराब है। इसकी सूचना मुखिया तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कई बार विभाग को भी अवगत कराया गया है।

# पांकी विधायक ने निजी खर्च से करायी सड़क की मरम्मत

- पक्की सड़क एवं नाली निर्माण के लिए विभाग को लिखेंगे पत्र : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर / तरहसी। तरहसी प्रखंड के ग्राम कसमार में रहमानी टोला में सुरेंद्र महतो के घर से सौंदा आहर होते हुए छलका महंगू भुईयां के घर तक और मिडिल स्कूल होते हुए मंहगू भुईयाँया के घर तक कि खराब सड़क की समस्या से ग्रामीणों ने पाकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता को अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क में गड्ढे रहने के कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। इसे जनहित में जल्द बनाया जाए। उपरोक्त दोनों सड़क को सुदृढ़ कर लोगों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए विधायक ने अपने निजी पैसों से तत्काल इस सड़क को जेसीबी से समतल करवाया और सारे गड्ढे को भर कर एवं मोरमिकरण का कार्य करवाया। विधायक ने कहा कि सड़क की मरमती हो जाने से ग्रामीणों को काफी हद तक आवागमन में सुविधा होगी।और लोगों को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# पलामू: सीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय

- शिवाजी मैदान में होने वाले कार्यक्रम के तैयारी का लिया जायजा
- सुरक्षा एवं यातायात को लेकर डीएसपी ने स्थल का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू दौरा आठ एवं नव नवंबर को होने वाला है। इसकी तैयारी को लेकर जिला प्रशासन कमर कस चुकी है और कार्यक्रम की सफलता को लेकर उपायुक्त ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। इसके बाद डीएसपी सुजीत कुमार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। और यातायात को सुगम बनाने के लिए तथा कड़ी सुरक्षा के लिए अपने माता पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। परिंदे भी पैर नहीं मार सकते।

## कर्नल कप : जमुआ ने जीता मैच पतरा कलां और पतरिया का मैच ड्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को पहला मुकाबला पतरिया बनाम पतरा कलां के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया लेकिन कोई भी टीम गोल करने में कामयाब नहीं हुई और मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ। वहीं दूसरे मुकाबले में है पतरा खुर्द का सामना जमुआ से हुआ जिसमें जमुआ ने रोमांचक मुकाबले में पतरा खुर्द को 2-1 से हराकर पहली जीत हासिल की जमुआ के तरफ से लव कुश कुमार ने गोल किया। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया और उन्हें बधाई दी। क्लब के संरक्षक कर्नल डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को अनुशासित ढंग से खेलने के लिए प्रेरित किया।

## हेमलता शास्त्री ने कृष्ण-सुदामा की मित्रता का किया बखान

मेदिनीनगर। नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में झारखंड डालटेनगंज रेडमा राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन वृंदावन मथुरा से पधारे परम पूज्य परम श्रद्धेय देवी हेमलता शास्त्री जी के श्री मुख से सभी श्रदालुओं ने कथा का आनंद प्राप्त किया। उन्होंने सुदामा कृष्ण चरित्र से मित्रता का परिचय दिया, मित्र कैसा होना चाहिए। सुदामा चरित्र के पश्चात परीक्षित मोक्ष जन्मेजय का यज्ञ करने से सभी कथा प्रेमियों को अवगत कराया।

## मनातू में मना डॉ अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मनातू, पलामू। पलामू जिले के मनातू प्रखंड के ग्राम पदमा तेतरडीह अवस्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्री संजय कुमार चौधरी के अध्यक्षता में बाबा साहब की प्रतिमा पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मोहम्मद महबूब आलम, समाजसेवी मयूर अहमद, श्याम नंदन मेहता पचू भूंया, प्रसिद्ध राम इत्यादि ने माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संजय कुमार चौधरी ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आज ही के दिन 6 दिसंबर 1956 को महापरिनिर्वाण हुआ था।

# सदर थाना पुलिस ने तीन फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार, जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते थाना प्रभारी व अन्य।

मेदिनीनगर। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने सदर थाना क्षेत्र के चियाकी एवं जोरकट में छापेमारी कर तीन फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि संजय साहू पिता आदित्य साव व नारायण सिंह पिता स्वर्गीय विगन सिंह एवं जंतु सिंह पिता प्रमोद सिंह तीनों सदर थाना क्षेत्र के चियाकी एवं जोरकट के रहने वाले हैं। ये लोग गिरफ्तारी के डर से पुलिस के नजर से भागते फिरते रह रहे थे। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को घर से ही गिरफ्तार किया गया। तीनों लोग अलग-अलग दर्ज मुकदमा में फरार चल रहे थे। छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक रामाज्ञा कुमार, अभिमन्यु कुमार, वासुदेव महतो, सुबोध कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### दुकान का किराया नहीं देने के आरोप में मदरसा कमेटी ने दुकान शील किया

हुसैनाबाद,पलामू। शहर के मुख्य बाजार स्थित मदरसा खैरुल इस्लाम कमिटी के सदस्यों ने मदरसा परिषर में बने दुकानों को सील कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मदरसा खैरुल इस्लाम के वर्तमान अध्यक्ष चंगेज सिद्दिकी ने बताया की कोरोना काल से पहले इस मदरसा में दिनी शिक्षा बंद हो चुका था,क्योंकि पूर्व की कमिटी द्वारा 12 वर्षो तक कमिटि यह अवाम को मदरसा मार्केट से आने वाले खर्च का ब्यौरा नहीं दे रहे थे। पूर्व में एक व्यक्ति एक से अधिक दुकान पर कब्जा कर बैठे हुए और वर्षो से निर्धारित किराया का भुगतान नहीं कर रहे थे।

# पलामू : उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक संपन्न

- किसानों को केसीसी का लाभ देने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना, डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंक को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

**खास बातें :** बैठक में जिला के विकास से संबंधित सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज, पीएमइजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसे कार्यो की समीक्षा हुई। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जारी वित्तीय वर्ष में डेयरी, मत्स्य पालन, बकरी पालन, सूअर पालन, पशुपालन आदि पर जोर देने को कहा। उन्होंने सभी बैंकर्स को जीएम, जिला उद्योग केंद्र से समन्वय स्थापित कर पीएमजीइपी के लक्ष्य को पूरा करने को कहा। इसके अलावा वार्षिक ऋण योजना सितंबर 2022 तिमाही की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सभी बैंकों को लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने को कहा। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के अलावा डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, सांसद प्रतिनिधि, विभिन्न विधायक प्रतिनिधि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## एयरटेल मोबाइल टावर लगाये जाने का लोगो ने विरोध किया

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या दो स्थित पंच मंदिर के समिप निजी भूमी पर एयरटेल मोबाईल टावर बैठाये जाने का स्थानिय लोगो ने विरोध किया है। आदर्श बिहार समिती के बैनर तले एक बैठक कर लोगो ने कहा कि मुहल्ले के बच्चों के बिच जहां पर अस्पताल,शैक्षणिक संस्थान तथा देवालय मौजूद हैं तथा घनी अबादी का क्षेत्र है वहां पर इस तरह का टावर लगाना गलत है टावर के रेडिएशन से गंभीर बिमारी तथा मुहल्ले के बच्चो के स्वास्थ पर कुप्रभाव डालने का कार्य करेगा। इसको लेकर जिला प्रशासन,नगर प्रशासन आदि से लिखित शिकायत की गयी तथा टावर बैठानेवाले कंपनी के विरूद्ध मे ट्राई संस्था मे भी आनलाईन आपत्ति दर्ज करायी गयी है वहीं स्थानिय पुलिस को भी लिखित शिकायत की गयी है।

## कतरास के युवक की कर्नाटक में सड़क दुर्घटना से मौत



**कतरास।** कतरास के युवक मो० राजा पिता मो.मुख्तार कतरास हटिया निवासी उम्र 27 साल कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताते चलें कि सड़क दुर्घटना में युवक के सर के ऊपर गंभीर चोट लगी थी जिसके बाद कंपनी के द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके सर कारपोरेशन हुआ, उसके बाद उसकी मौत हो गई। युवक पिछले 3 वर्षों से कर्नाटक के निजी कंपनी में वेल्डर के रूप में कार्यरत था। युवक का एक सात वर्ष की बेटी एवं 5 वर्ष का बेटा है। घटना की खबर पाकर परिजन कर्नाटक के लिए रवाना हो गए। वह घर में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सीआइएसएफ के डीजी ने बीएसएल के डीआइ से की मुलाकात



**बोकारो।** अपने बोकारो दौरे के क्रम में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिरीक्षक(पूर्वी जोन) हेम राज गुप्ता ने बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश से उनके कार्यालय में मुलाकात कर संयंत्र की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस दौरान उप महानिरीक्षक (सीआईएसएफ), बीएसएल इकाई सौगत राय भी उपस्थित थे।

## डीपीएस बोकारो में राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन



**बोकारो।** राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की ओर से प्रायोजित तथा साइंस फॉर सोसाइटी, झारखंड द्वारा आयोजित बाल विज्ञान कांग्रेस में राज्य के 13 विभिन्न जिलों से 100 से अधिक चयनित प्रतिभागी बाल वैज्ञानिक अपने प्रोजेक्ट के जरिए अपनी नवोन्मेषता प्रस्तुत करेंगे। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य सह आयोजनाध्यक्ष ए. एस. गंगवार एवं नेशनल चाइल्ड साइंस कांग्रेस के स्टेट एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय 'स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना' तय किया गया है। तीन-दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे निर्णायकों की टीम का उन्मुखीकरण सत्र व विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों द्वारा विज्ञान जागरूकता रैली आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम में साइंस फॉर सोसाइटी, झारखंड के अध्यक्ष डॉ. अली इमाम खान एवं राज्य समन्वयक सह महासचिव डीएनएस आनंद के अलावा राज्य के सभी जिले के समन्वयक एवं मार्गदर्शक शिक्षक भी शामिल होंगे।

# सरकार भले महिला सशक्तिकरण का दम भरे, मगर सच्चाई दिगर है : सुनिता कुमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ फुसरो।** जहाँ एक ओर महिलाओं को सशक्तिकरण को लेकर झारखंड सरकार कई कार्यक्रम चला कर वाहवाही लूटने का काम कर रही है। वही दूसरी ओर महिला सशक्तिकरण का मानसिक शोषण, भेदभाव जैसा वर्ताव किया जाने का मामला प्रकाश में आया है। ऐसा ही एक उदाहरण बेरमो प्रखंड के झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के बीपीएम अंजना सिंह पर आई बीएपी एवं कार्य छोड चुके सीसी और डीईओ ने मानसिक रूप से



प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आई बीएपी सुनिता कुमारी ने कहा कि अंजना सिंह लगातार हम लोगों के साथ गलत व्यवहार करती हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है इस संबंध में कई बार जिला के पदाधिकारी डीपीएम को भी सूचना दी गई पर डीपीएम मैडम के द्वारा किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। बीएपी सुनीता कुमारी ने कहा कि जब से बीपीएम अंजना सिंह आई है तब से कई बार मुझे प्रखंड कार्यालय में छोटे जाति होने को लेकर बुरा व्यवहार की है। कोई पेपर लेने पर सीधे तरीके से हाथ से नहीं लेती थी बल्कि टेबल पर रख देने को कहती थी। छोटे जाति कह कर लोगों के सामने बेज्जती करने का कार्य किया गया है। बार-बार मेरे ऊपर यह आरोप लगाती है कि तुम दलित समाज से आते हो तुम्हें नौकरी करने का कोई अधिकार नहीं है। कई बार बिना बोले मेरे पैमेंट को भी काटा गया है इतना करने पर जब मैंने जिला में शिकायत किया तो मुझे कार्यालय बुलाकर मेरे ऊपर पेपर फेंक कर मारने का भी कार्य किया गया। यह अपने पद का दुरुपयोग कर नीचे गिराने का कार्य करते रहती है। कई बार इस संबंध में मैंने बात करना चाहा पर हर बार मेरे बातों को अनसुना कर दिया जाता है। कहा कि मेरी आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि मेरे घर में मैं कमाने वाली एक हूं मेरे परिवार का सारा बोझ मेरे ऊपर है। इस स्थिति में अंजना सिंह मेरे साथ लगातार मानसिक और आर्थिक शोषण करते आ रही है और सीएलएफ के पदाधिकारीयो को अपने इशारे पर कार्य करवाती है।

### क्या कहती हैं बीपीएम अंजना सिंह

कहा कि इनलोगो के द्वारा लगाये गये आरोप बेबुनियाद है। आई बीएपी सुनिता कुमारी ने सीसी अनु कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर वीर प्रताप सिंह को उक्साकर मुझपर आरोप लगा रहे है। बीएपी सुनिता कुमारी किस जाति में आती है, मुझे पता नही तो इसे कैसे जातिसुचक शब्द का इस्तेमाल करुँगी।

## दादा की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**पुटकी।** चिरुडीह स्थित एक होटल प्रांगण में मजदूर मसीहा दादा समरेश सिंह का श्रधंजलि समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम को संचालन कर रहे जनार्दन पासवान से सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि करकेन्द पारवत पुल के पास कई साल पहले इस स्थान को वनाचन के नाम से उद्घाटन किये थे।आज इसी स्थान पर मौजूद सभी गण्यमान लोगो सहमति कर दादा की प्रतिमा स्थापित करने की सहमति बनी। मुख्य रूप से मौजूद राम कुमार चौधरी ने कहा कि दादा शब्द के नाम से पूरे झारखण्ड में जाने जाते थे।ओर सही मायने मे मजदूरों की हित की बात ओर लड़ाई लड़ने वाले जीता जागता झारखण्ड के नेता थे दादा।मोके पर कोलियरी कर्मचारी संघ के प्रेंबच्चन, दिलीप पांडे, राम अवतार पासवान, हरे राम पंडे,सतेन्द्र मिश्रा, धनेश्वर सिंह,मंजर आलम,वाई एन उपाध्यय,अमर सिंह, मनोज राम, जितेंद्र सिंह आदि गण्यमान लोग मौजूद थे।

# गुरुनानक मिशन स्कूल में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित गुरुनानक मिशन स्कूल में विद्यालय के छात्रों द्वारा स्कूल कैम्पस में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष निर्मल सिंह द्वारा किया गया।मौके पर प्रधानाध्यापक रश्मी सिंह ,हरदेव सिंह, जोधवीर सिह ,विक्रम सिंह काश्मीरा सिंह,हैप्पी सिह तथा स्त्री सत्संग से जुडी महिला सदस्य गण मौजूद थीं। प्रधानाचार्य रश्मी सिह के मार्गदर्शन मे यह प्रदर्शनी आयोजित की गयी प्रदर्शनी का मुख्य विषय विज्ञान, सामाजिक अध्ययन,




साहित्य कम्प्यूटर से लेकर शारिरिक विज्ञान,योग,आसन आदि विषयों को लेकर विद्यालय के बच्चो ने एक से बढकर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया।छात्रों ने दैनिक जीवन में प्रयोगों को बताया अपने ज्ञान व कौशल के प्रतिभा से लोगो को मंत्र मुग्ध किया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष निम्मा सिंह ने कहा कि विद्यालय के बढ़ते क्रेज को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने यह फैसला लिया है कि निरसा अनुमंडल मे जो नागरिको का स्नेह प्यार मिल रहा है विद्यालय को इससे एक और द्वितिय युनिट जल्द ही शहर को दिया जाएगा इसकी तैयारी की जा रही है।

# डीएसपी की देखरेख में तेतुलिया में चल रहे अवैध माइंस के मुहाने की हुई भराई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** धनबाद उपायुक्त के आदेश पर बीसीसीएल के आवास को अवैध कोयला कटाई में लगे मजदुरो का कब्जा को लेकर बीसीसीएल एरिया 3 क्षेत्र के धमाबांध व सोनारडीह क्षेत्र में रह रहे क्वार्टर को तोडने का आदेश पारित हुआ था। जिसके आलोक में बाघमारा मजिस्ट्रेट सीओ, एरिया 3 के जीएम व कई थाने के पुलिस तथा जिला पुलिस पहुंचे। साइडिंग के बगल में रह रहे ग्रामीणों का घर का



बाउंड्री तोड़कर जिला प्रशासन अपना कार्य को पूरा किया। वही सोनारडीह के क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान कई अवैध माइंस के मुहाने को देखा गया जहा एक मुहाने को भराई करा दिया गया।

बता दें कि बाघमारा के कई क्षेत्रों में अभी भी दर्जनों अवैध मुहाने खुले पड़े हैं। बाघमारा थाना क्षेत्र के कई थानेदार द्वारा मुहाने की भराई नहीं किया जा रहा है, अगर इन सभी मुहाने का निरीक्षण किया गया तो बड़े पर्दे के पीछे अवैध कारोबारियों का नाम पता उजागर हो सकता है। बाघमारा थाना क्षेत्र के बीसीसीएल ब्लॉक दो बेनीडीह केकेसी मेन साइडिंग में सीआईएसएफ ने फायरिंग कर चार कथित कोयला चोर को मौत के घाट उतार दिया गया था। लेकिन इसके पहले किसी ने भी सुधि नहीं लिया,उनको चिन्हित क्यों नही किया जा रहा है कि मुहाना किसने खोलने का साहस किया और अवैध कारोबार चलाने का हिम्मत जुटाया। उन पर क्यों नहीं मामला दर्ज हो रहा है?

लेकिन वर्तमान समय में बाघमारा की जो स्थिति है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। क्षेत्र में लोहा ,कोयला खुलेआम हो रहा है, सुरक्षा नियमों का पालन के नाम पर भी देखा जाए तो बीसीसीएल प्रबंधन पूरी तरह से राष्ट्रीय संपत्ति को रोक लगाने में विफल साबित हो रहा है। मौके धनबाद एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी बाघमारा मजिस्ट्रेट सीओ कमल किशोर सिंह एरिया 3 के जीएम जीसी शाहा, सोनारडीह ओपी प्रभारी श्वेता कुमारी सहित बीसीसीएल कर्मी व पुलिस बल मौजूद थे।

# भारत जोड़ो कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी 9 दिसंबर 2022 को जिला मुख्यालय में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की तैयारी एवं समीक्षा एवं उक्त कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में दिनांक 7 सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। कांग्रेस पार्टी के निर्देशानुसार,जिन प्रदेशों से होकर भारत जोड़ो यात्रा नहीं गुजरेगी,वैसे राज्यों के जिलों में बूथ स्तर तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित किया गया है,भारत जोड़ो कार्यक्रम को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा द्वितीय चरण में जिला के सभी प्रखंड,नगर, वार्ड एवं पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को निरंतर आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आगामी 9 दिसंबर को जिला मुख्यालय में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है,उक्त कार्यक्रम की शुरूआत भगत सिंह चौक स्टील गेट से अपराहन 1:30 होगी और स्टील गेट से चलकर सरायढेला, पुलिस लाइन, हीरापुर हटिया मोड़ होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक पहुंचकर एक सभा में तब्दील होगी,उक्त कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के संयोजक सुबोधकांत सहाय, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता,कृषि मंत्री बादल पत्रलेख सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रदेश डेलीगेट शमशेर आलम,मनोज यादव, मनोज नीरज, रमेश जिंदल, जहीर अंसारी, गोपाल कृष्ण चौधरी, सीता राणा,राजू दास, लक्ष्मण तिवारी, संजय महतो, अक्षयवर प्रसाद, मंटू दास, कयूम खान, इरफान खान चौधरी, हुमायूं रजा, बाबू अंसारी, पप्पू पासवान, डेविड सिंह,दीपक सिंह, प्रसाद निधि, पप्पू कुमार तिवारी,गंगा वाल्मीकि, जयप्रकाश चौहान, दिनेश यादव, इम्तियाज अली, जयप्रकाश चौहान, आनंद मोदक, रत्नेश यादव, मृत्युंजय सिंह,मुकेश कुमार, डीएन यादव, गैरूल हसन, पूर्णेन्दु सिंह, पप्पू सिंह, शफीउद्दीन अंसारी, हरेंद्र शाही, माली गोप, मसूद आलम,सत्यानंद पांडे, कृष्ण प्रसाद वर्मा, विनोद शर्मा, सूरज सिंह, अर्जुन भूइंया, अजय चौधरी, दिनेश पासवान,फैज अहमद, इलियास अंसारी,जानकी देवी, वकील बाउरी सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



**लोयाबाद।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोयाबाद सेंदरा 10 नंबर स्थित आंगनबड़ी में बुधवार को शिक्षा फाउंडेशन के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क नेत्र जांच शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष बाघमारा प्रखण्ड समिति झा० मु० मो० के रतिलाल दुडू व विशिष्ट अतिथि के रुप में लोयाबाद थाना प्रभारी विकास यादव उपस्थित हुए। इस शिविर में लगभग 60 लोगो ने नेत्र जांच कराएं। जिसमे 5 मोतियाबिंद मरीज पाए गए है। नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रतिलाल टुडू ने कहा कि आँखों की सम्पूर्ण जाँच, अनुभवी नेत्र चिकित्सकों के द्वारा परामर्श, मोतियाबिंद का उपचार, रेटीना(पर्दे) का उपचार, ग्लुकोमा का उपचार, बच्चों की आँखों का जाँच, भैंगापन का उपचार और मोंडुलर ऑपरेशन थियेटर आदि सुविधाएं उपरोक्त शिविर में बिल्कुल मुफ्त में दि जा रही है। मौके पर कार्यक्रम में शिक्षा फाउंडेशन के अध्यक्ष इफ्तेखार अहमद नजमी, सागर भुइया, रौनक सिन्हा, गोलू गुप्ता,नसीम अंसारी, सज्जाद आंसरी, योगिता देवी, नेहा देवी, संजय रजवार, साकुंतला देवी, सोना देवी, गुड़िया देवी, जुगनी देवी, रीना देवी, सुभो देवी,मनोज भुइया,आदि दर्जनाधिक लोग मौजूद थे।

# लोगों की बदली है मानसिकता, पढ़ाई के साथ खेल को भी मिल रहा है बढ़ावा : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्विद्यालय से संबद्ध केबी कॉलेज बेरमो कोयलांचल एक मात्र सरकारी कॉलेज है जहां अधिकांश क्षेत्र के सुदूर व ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे और बच्चियां अधिकांश शिक्षा ग्रहण करते हैं। इस कॉलेज मे समय समय पर विभिन्न तरह के खेलो का सफल आयोजन होता रहता है। इसी कड़ी में बुधवार को केबी कॉलेज बेरमो में एक दिवसीय थर्ड इंटर कॉलेज तायक्वोंडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।



जबकि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर आर पॉल तथा कार्यक्रम का संचालन प्रो लक्ष्मी नारायण द्वारा किया गया। भाग लेने वाले कॉलेज मे जेएसएम कॉलेज, तेनुघाट कॉलेज, मेजबान केबी कॉलेज, बीएस सिटी कॉलेज, पीके राय कॉलेज, चास कॉलेज चास, आर भी एस कॉलेज, एस एस कॉलेज चास, बीबीएमकेयू पीजी विभाग आदि के छात्र छात्राएं शामिल हुई जबकि इस प्रतियोगिता को सम्पन्न करवाने के लिए रैफरी यानी निर्णायक के रूप में तायक्वोंडो झारखंड के चीफ रैफरी अमर बाउरी, धनबाद के यमुना कुमार पासवान, बंगाल के राहूल बाउरी, धनबाद के ज्योति कुमारी तथा बोकारो के आकाश विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य श्री पॉल ने कहा कि यह हमारे कॉलेज के लिए गर्व की बात है कि इस तरह के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय उन पर विश्वास करती है। जबकि गोमिया विधायक श्री महतो ने सबसे पहले प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहे कि अब लोगो की धारणा बदल रही है। आज के युवा पीढ़ी इसे गलत साबित करते हुए खेल के क्षेत्र में भी अनेको ऊचाईयों को हासिल कर रहे हैं। मौके पर संचालन कर रहे प्रो श्री नारायण ने कहा कि हमारे कॉलेज इस तरह के आयोजन मे विशेष रुची रखती है। जबकि इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के शिक्षक डॉ बासुदेव प्रजापति, डॉ ब्यास कुमार, प्रो पीपी के कुशवाहा, डॉ बंदना लकड़ा, डॉ निला पुरणिमा तिर्की, मधुरा करकेटा, साजन भारती, प्रो मनोहर मांझी, प्रो एके महतो, नितिन तिग्गा, राजू बड़ाईक, अमीत कुमार रवि के अलावे कर्मचारी दुर्गा पासवान, रविंद्र दास, सदन राम, मो शाजीद, विमल कुमार, रवि प्रकाश यदुवेन्दु, सुदर्शन सिंह, विक्रम सिंह, पुरुषोत्तम चौधरी, कलावती, सुसारी, भगन, राजेश्वर सिंह तथा अशोक कुमार महतो, अजय ठाकुर, दशरथ सिंह, नारायण केवट सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## पेज एक का शेष

### ग्रामीणों को सम्मान...

यहां के खनिज संसाधन का इस्तेमाल बड़े उद्योग उठा रहे हैं, लेकिन राज्य को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। हमारी सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता के साथ कार्य कर रही है, ताकि यहां के संसाधनों का इस्तेमाल यहां के लोगों के उत्थान और राज्य के विकास में किया जा सके।

**गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में हो रहा कार्य :** नज इंस्टीट्यूट की ओर से बताया गया कि वे राज्य में गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान लोहरदगा, गुमला और लातेहार जिले में अति गरीब परिवार की दीदियों को स्वयं सहायता समूह के जरिये आजीविका से जोड़ा गया है। इसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकार, एनआरएलएम और जेएसएलपीएस की ओर से सहयोग दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि ये दीदियां आज आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। समारोह में मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, दि नज इंस्टीट्यूट के फाउंडर और सीइओ अतुल सतीजा, केपीएमजी के रितेश चोपड़ा, लक्ष्मी लिंगम और बड़ी संख्या में दीदियां मौजूद थीं।

### सीएम की खतियानी ...

**सचिव और उच्च अधिकारी रहेंगे मौजूद :** मुख्यमंत्री ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभाग के सचिव, उच्च अधिकारियों और जिला स्तरीय पदाधिकारियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया है। ताकि, लोगों की समस्याओं का तत्काल निवारण किया जा सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 8 दिसंबर से 16 दिसंबर तक गढ़वा, पलामू, गुमला, लोहरदगा, गोड्डा और देवघर में खतियानी जोहार यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सभी जिलों में एक-एक दिन रुकेंगे। मुख्यमंत्री के साथ राज्य सरकार में शामिल घटक दल के नेता और मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

**पहले दिन मुख्यमंत्री जिले में कार्यकर्ताओं के साथ आम बैठक करेंगे :** हर प्रमंडल के दौरे के पहले दिन मुख्यमंत्री जिले में कार्यकर्ताओं के साथ आम बैठक करेंगे। आम बैठक में वे गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बातों को सुनेंगे। कार्यकताओं के बीच कोई नाराजगी होगी, तो मुख्यमंत्री उसे दूर करेंगे। दूसरे दिन मुख्यमंत्री दूसरे जिले पहुंचेंगे। जहां वे रिव्यू मीटिंग करेंगे। इसमें दोनों जिलों और प्रमंडल के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उसी दिन वे दूसरे जिले में कार्यकर्ताओं के साथ जनसभा करेंगे। खतियानी जोहार यात्रा के दौरान हर जिले में संयुक्त रूप से रैलियां निकाली जायेंगी। इसमें यूपीए के सभी नेता शामिल रहेंगे। रैलियों के जरिये मुख्यमंत्री और यूपीए नेता घोषणापत्र में किय वादों को भी जनता को बतायेंगे।

### देश की नजर गुजरात ...

गुजरात और हिमाचल प्रदेश के साथ ही एक लोकसभा उपचुनाव और पांच राज्यों की छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे भी गुरुवार को आयेंगे। इनमें से उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट और आजमगढ़ विधानसभा सीट पर सारे देश की नजर रहेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की खतौली विधानसभा सीट, ओडिशा की पदमपुर, राजस्थान की सरदारशहर, बिहार की कुरहनी और छत्तीसगढ़ की भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट का परिणाम भी घोषित होगा। आयोग ने सुचारू और शांतिपूर्ण मतगणना के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं। गुजरात में 182 विधानसभा सीटों के लिए 37 मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। अहमदाबाद जिले में सर्वाधिक तीन, जबकि सूरत और आणंद जिले में सबसे कम दो-दो मतगणना केंद्र बने हैं। गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. भारती के मुताबिक इस बार इवीएम और डाक मतपत्रों की एक साथ गिनती की जायेगी। हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। इसके बाद इवीएम वोटों की गिनती होगी। राज्य की कुल 68 विधानसभा सीटों के लिए 12 नवंबर को मतदान हुआ था। उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट अक्टूबर में मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई थी। यहां समाजवादी पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव की विरासत के साथ ही साथ पार्टी का सब कुछ दांव पर लगा है। मुलायम यहां से पांच बार जीते हैं। अगर यह सीट भाजपा जीतती है, तो यह विपक्षी दल के लिए बड़ा झटका होगा, क्योंकि सपा अपना मजबूत गढ़ आजमगढ़ पहले ही खो चुकी है। फिलहाल यहां सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव और भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य के बीच सीधा मुकाबला है।

### आप को मिला...

चुनाव में जीत के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पार्टी दफ्तर पहुंच कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, सबसे पहले दिल्ली के लोगों को बहुत बहुत बधाई। इतनी बड़ी शानदार जीत और परिवर्तन के लिए बधाई और शुक्रिया। आज लोगों ने दिल्ली की सफाई करने भ्रष्टाचार दूर करने और पार्कों को ठीक करने की जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा, जो हारे हैं, निराश नहीं हो। हम सब मिलकर दिल्ली को ठीक करेंगे। मैं सबका सहयोग चाहूंगा। सभी 250 पार्षद मिलकर दिल्ली को ठीक करेंगे। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री का भी आशीर्वाद चाहिए।

### कार, होम और....

आरबीआइ के बयान के अनुसार, एमपीसी सदस्य डॉ. शशांक भिडे, डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. माइकल देबव्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत दर 0.35 प्रतिशत बढ़ाने के पक्ष में मतदान किया, वहीं प्रो जयंत आर वर्मा ने इसके खिलाफ वोट किया। बता दें कि मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक छह से आठ फरवरी, 2023 को होगी। **रेपो रेट बढ़ने या घटने के कारण :** आरबीआइ के पास रेपो रेट महंगाई से लड़ने का एक महत्वपूर्ण साधन है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो रिजर्व बैंक रेपो रेट बढ़ाकर अर्थव्यवथा में पैसे के प्रवाह को कम करने का प्रयास करता है। पैसे का प्रवाह कम होगा तो डिमांड में कमी आयेगी और महंगाई घटेगी। जब अर्थव्यवस्था खराब दौर से गुजरती है, तो इसे व्यवस्थति करने के लिए पैसे का प्रवाह बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में रिजर्व बैंक रेपो रेट कम कर देता है।

### बांग्लादेश ने भारत...

क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश की पारी के दूसरे ही ओवर में स्लिप में फील्डिंग करते वक्त अपना बायें हाथ का अंगूठा चोटिल करा बैठे और मैदान से बाहर चले गये। भारत की शुरुआत खराब रही और केवल 65 रनों के स्कोर पर विराट कोहली (05), शिखर धवन (08) वॉशिंगटन सुंदर (11) और केएल राहुल (14) पवेलियन लौट गये। यहां से श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने पांचवें विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी कर भारतीय टीम को मैच में वापसी दिलायी। 172 के कुल स्कोर पर अय्यर को मेंहदी हसन मिराज ने आउट कर पवेलियन भेजा। अय्यर ने 102 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्के की बदौलत 81 रन बनाये। अय्यर के बाद अक्षर भी 56 गेंदों पर 56 रन बनाकर चलते बने। अक्षर ने 3 छक्के और दो चौके लगाये। इन दोनों के आउट होने के बाद शार्दुल ठाकुर (07) भी चलते बने। इसके बाद बल्लेबाजी करने रोहित शर्मा उतरे। रोहित ने शुरुआत थोड़ी धीमी की, लेकिन इसके बाद उन्होंने इबादत हुसैन को एक ओवर में दो छक्के जड़े और भारत को मैच में वापसी दिलायी। बारत को 20 गेंदों में 40 रनों की जरूरत थी और यहां से रोहित ने एक अविश्वसनीय पारी खेल भारतीय प्रशंसकों में फिर से उम्मीद जगा दी। भारत को आखिरी दो गेंदों पर 12 रन चाहिए थे और रोहित ने मुस्तफिजुर रहमान की पांचवीं गेंद पर छक्का लगा दिया। हालांकि, आखिरी गेंद पर वो छक्का नहीं लगा सके और भारत यह मैच पांच रन से हार गया। रोहित 28 गेंदों पर 5 छक्के और 3 चौके की बदौलत 51 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की तरफ से इबादत हुसैन ने 3, शाकिब अल हसन और मेंहदी हसन मिराज ने 2-2 व मुस्तफिजुर रहमान और महमुदुल्लाह ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बललेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और केवल 69 रन पर उन्होंने 6 विकेट को दिये। इसके बाद मेंहदी हसन मिराज और महमुदुल्लाह ने सातवें विकेट के लिए 148 रनों की साझेदारी कर बाग्लादेश को 271 रनों तक पहुंचाया। मेंहदी ने 83 गेंदों पर 8 चौके और 4 छक्के की बदौलत नाबाद 100 व महमुदुल्लाह ने 96 गेंदों पर 7 चौकों की बदौलत 77 रन बनाये। आखिर में नसुम अहमद ने भी 11 गेंदों पर तेज 18 रन बनाये। बांग्लादेश ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 271 रन बनाये। भारत की तरफ से वॉशिंगटन सुंदर ने 3, मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक ने 2-2 विकेट लिया।

स्पीड न्यूज

## अब शिवपाल को इडी ने भेजा नोटिस



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के रिवर फ्रंट घोटाले में जांच ने एक बार फिर तेजी पकड़ ली है। वहीं सूत्रों के हवाले से खबर है कि शिवपाल यादव को भी इडी ने नोटिस जारी कर दिया है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह नोटिस किस मामले में किया गया है।

## केंद्र ने छावला गैंगरेप केस में फैसले की समीक्षा की मांग की

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2012 के छावला गैंगरेप और हत्या मामले में 3 लोगों को बरी करने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। केंद्र ने मौत की सजा पाए 3 लोगों को बरी करने वाले फैसले की समीक्षा की मांग की है। केंद्र का कहना है कि मेडिकल एविडेंस दोषी साबित करते हैं।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी

**मुंबई।** वैश्विक स्तर से मिले नाकरात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में लगातार पांचवी बार बढोतरी करने के दबाव में बुधवार को शेयर बाजार में गिरावट का रूख जारी रहा। सेंसेक्स 215.68 अंकों की गिरावट लेकर 62410.68 अंक पर और निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 18560.50 अंक पर रहा।

## कोयंबटूर कार बम धमाका केस में 3 आरोपी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कोयंबटूर कार बम धमाका केस में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तमिलनाडु के कोयंबटूर में 23 अक्टूबर 2022 को कोट्टई ईश्वरम मंदिर के सामने एक कार में सिलिंडर ब्लास्ट हुआ था। रिर्पोटों के अनुसार यह एक आतंकी घटना थी।

## निर्मला सीतारमण दुनिया की टॉप-100 ताकतवर महिलाओं में

**नयी दिल्ली।** फोर्ब्स की दुनिया की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की लिस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बायोकॉन की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ और नायका की संस्थापक फाल्गुनी नायर को जगह मिली है। इस सालाना लिस्ट में कुल छह भारतीय महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है। सीतारमण इस बार 36वें स्थान पर रहीं हैं।

### सत्र से पहले पीएम ने अपने संबोधन में विपक्ष से की अपील, कहा

# सदन की कार्यवाही कुर्बान न करें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के शीत सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन के बाहर अपने संबोधन में एक तरफ जी-20 की अध्यक्षता मिलने पर गर्व की बात की तो दूसरी तरफ सदन में होने वाले हंगामे को लेकर चिंता भी जाताई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कई नए सांसद इस बात को लेकर मायूस हैं कि उन्हें सदन में बात रखने का मौका नहीं मिलता है। पीएम मोदी ने सभी दलों के नेताओं से अपील की कि वे लोगों को बात करने का आवसर दें और हो हल्ला में सदन की कार्यवाही कुर्बान ना करें।

**जी-20 भारत का सामर्थ्य दिखाने का अवसर :** प्रधानमंत्री ने कहा, यह सत्र महत्वपूर्ण इसलिए है कि 15 अगस्त से पहले मिले हैं। 75 साल पूरे हुए हैं। अमृतकाल की यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में आज हम मिल रहे हैं जब भारत को जी20 की मेजबानी का अवर मिला है। विश्व समुदाय में जिस प्रकार से भारत का स्थान बना है। जिस प्रकार से अपेक्षाएं बढ़ी हैं। और जिस प्रकार से वैश्विक मंच पर अपनी भागेदारी बढ़ाता जा रहा है, ऐसे समय में जी 20 की मेजबानी मिलना बहुत बड़ा अवसर है। जी20 समिट भारत के सामर्थ को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का अवसर है। इतना बड़ा देश, लोकतंत्र, इतनी विवधताएं, इतना सामर्थ्य पूरे विश्व को जानना चाहिए। भारत को पूरे विश्व को अपना सामर्थ्य जताने का भी अवसर है।

**विपक्षी दलों से की अपील**

पीएम ने कहा, सदन से भारत को आगे बढ़ाने के अवसर को ध्यान में रखकर नए निर्णय करने का प्रयास होगा। विश्वास है कि सभी राजनीतिक दल चर्चा और मूल्य वृद्धि करेंगे। अपने हिसाब से निर्णयों को नई ताकत देंगे। दिशा को स्पष्ट रूप से उजागर करने में मदद करेंगे। इस सत्र में एक और भी सौभाग्य है कि आज पहली बार हमारे उपराष्ट्रपति जी राज्यसभा के सभापति के रूप में कार्यकाल प्रारंभ करेंगे।



### कोरोना से मरने वालों के परिजनों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी गयी : सरकार

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार कोविड-19 से जान गंवाने वालों के परिजनों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दे रही है। उन्होंने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कोरोना पीड़ितों को अनुग्रह राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मृत व्यक्ति के परिजनों को सहायता दी जाती है, जिसमें राहत कार्यों में शामिल या तैयारियों की गतिविधियों से जुड़े लोग भी शामिल हैं। राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से मृत्यु के कारण को कोविड के रूप में प्रमाणित होने के बाद सहायता प्रदान की जाती है।

### पहले ही संबोधन में धनखड़ ने फिर साधा सुप्रीम कोर्ट पर निशाना

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए राष्ट्रीय न्यायिक आयोग कानून का जिक्र किया। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाला 99वां संवैधानिक संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया था लेकिन उसे 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसी को लेकर एक बार फिर से राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गहरी चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि यह 'संसदीय संप्रभुता से गंभीर समझौता' और उस जनादेश का असम्मान है जिसके संरक्षक उच्च सदन एवं लोकसभा हैं। धनखड़ ने सभापति के रूप में उच्च सदन की कार्यवाही का संचालन करते हुए अपने पहले संबोधन में एनजेएसी के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले का उल्लेख किया और कहा कि लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसी कोई मिसाल नहीं मिलती जहां नियमबद्ध ढंग से किये गये संवैधानिक उपाय को इस प्रकार न्यायिक ढंग से निष्प्रभावी कर दिया गया हो।

### बहुराज्यीय सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश

लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के भारी विरोध के बीच अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सदन की राय लेने के बाद सहकारिता राज्य मंत्री बी एल बर्मा ने बहुराज्यीय सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक 2022 बुधवार को सदन में पेश किया। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने विधेयक का विरोध किया और कहा कि यह राज्यों का विषय है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को लाकर केंद्र सरकार राज्यों के मामलों में हस्तक्षेप करना चाहती है। उनका कहना था कि यह राज्यों का विषय है और इस विधेयक को बनाते समय राज्यों को विश्वास में लाया जाना चाहिए था।

## सामाजिक परिवर्तन के एजेंट हैं लोक सेवक : राष्ट्रपति मुर्मू



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक सेवकों को गरीब से गरीब व्यक्ति के हितों को ध्यान में रखने की सलाह दी और कहा कि लोक सेवक सामाजिक परिवर्तन के एजेंट हैं।

भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय डाक सेवा, भारतीय रेलवे लेखा सेवा और भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी प्रशिक्षुओं और भारतीय रेडियो नियामक सेवा के अधिकारियों ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सर्वोच्च जिम्मेदारी वाले पदों के लिए चुना गया है। शासन प्रणाली को राष्ट्रीय महत्व की नीतियों को लागू करने और लोगों के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमताओं पर बहुत भरोसा है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी संबंधित सेवाओं में निर्णय लेते समय नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण का पालन करें। उन्होंने उन्हें अपने लक्ष्यों और कार्यों के बारे में जागरूक रहने की सलाह दी। उन्हें अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को राष्ट्र के व्यापक लक्ष्यों के साथ संरेखित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि यह तकनीक का युग है। प्रशासन और शासन के क्षेत्र में नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। शासन को अधिक से अधिक प्रभावी, त्वरित, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है।

## चक्रवाती तूफान मैंडूस से तमिलनाडु में भारी बारिश के आसार

**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र गहरे दबाव में बदल गया है और यह बुधवार शाम संयुक्त अरब अमीरात की ओर से दिया गया नाम 'मैंडूस' नामक चक्रवाती तूफान में तब्दील होगा। यह तूफान उत्तरी तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और निकटवर्ती दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों पर गुरुवार की सुबह तक पहुंचेगा जिसके कारण भारी बारिश हो सकता है। तमिलनाडु के उत्तरी तटीय जिलों में अगले तीन दिनों तक बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। राज्य सरकार ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अपनी पूरी मशीनरी को तैयार कर लिया है।

### आरोपी आफताब की पुलिस को खुली चुनौती

## ...दम है तो श्रद्धा के टुकड़े और औजार ढूंढ़कर दिखाओ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हुई श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने बेशक अपना गुनाह कबूल कर लिया हो, लेकिन इसके बावजूद पुलिस अभी तक श्रद्धा का सिर और धड़ बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस के मुताबिक आफताब ने पुलिस को खुली चुनौती दी है, आफताब ने कहा है कि श्रद्धा को मैंने मारा है, दम है तो शरीर के टुकड़े और औजार बरामद करके दिखाओ। आफताब पुलिस को एक बार नहीं कई बार ये चुनौती दे चुका है। आरोपी की इस चुनौती को लेकर साउथ दिल्ली पुलिस अधिकारी भी हैरान हैं। पुलिस लगातार जांच कर रही है। पुलिस को छतरपुर के जंगल से बरामद जबड़ा और 100 फुटा रोड से बरामद शरीर के टुकड़े से पता लगा है कि वह किसी महिला के टुकड़े हैं, लेकिन वहीं पुलिस शरीर के टुकड़े बरामद करने के लिए इस्तेमाल किए गए औजार अभी तक बरामद नहीं कर पाई है। हालांकि पुलिस ने रसोई से पांच चाकू बरामद किए हैं।

## वीवो पर सरकार फिर सख्त, 27 हजार स्मार्टफोन का निर्यात रोका

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के मध्य चल रहे सीमा विवाद के बीच भारत सरकार ने चीन की स्मार्टफोन कंपनी वीवो के निर्यात पर रोक लगा दी है। सरकार ने वीवो के लगभग 27,000 स्मार्टफोन के निर्यात को एक सप्ताह से ज्यादा समय तक रोक दिया है। वित्त मंत्रालय की एक शाखा भारत की राजस्व खुफिया इकाई ने वीवो की ओर से डिवाइस मॉडल्स और उनकी वैल्यू के बारे में गलत जानकारी देने के कारण रोक लगा दी है। बता दें कि वीवो के शिपमेंट में रुकावट से भारत में अन्य चाइनीज स्मार्टफोन कंपनियों के निर्यात हतोत्साहित होने की आशंका जताई जा रही है।

## नोटबंदी से जुड़े आदेश वाली फाइलें देखेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को निर्देश दिया कि वे सरकार के 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के नोटों को अमान्य करने के फैसले से संबंधित प्रासंगिक रिकॉर्ड पेश करें। केंद्र के 2016 के फैसले को चुनौती देने वाली दलीलों के एक समूह पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, आरबीआई के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम और श्याम दीवान सहित याचिकाकताओं के वकीलों की दलीलें सुनीं। जस्टिस बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामासुब्रमण्यम और बीवी नागरथना की पीठ ने कहा, 'हमने सुना और फैसला सुरक्षित रखा गया है। भारतीय संघ और भारतीय रिजर्व बैंक के वकीलों को संबंधित रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया जाता है।' एजी ने पीठ के समक्ष कहा कि वह सीलबंद लिफाफे में प्रासंगिक रिकॉर्ड जमा करेंगे।

शीर्ष अदालत 8 नवंबर, 2016 को केंद्र की ओर से घोषित नोटबंदी को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई कर रही थी।

## दिल्ली को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनायेंगे : केजरीवाल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने का दावा करते हुए कहा कि यहां के लोगों ने सफाई तथा नगर निगम से भ्रष्टाचार दूर करने की उन्हें जिम्मेदारी दी है जिसे पूरा किया जाएगा। केजरीवाल ने निगम चुनाव में पार्टी को बहुमत मिलने के बाद पार्टी मुख्यालय में समर्थकों को संबोधित करते हुए बुधवार को कहा कि दिल्ली के लोगों ने अपने बेटे-अपने भाई को दिल्ली की सफाई और नगर निगम (एमसीडी) से भ्रष्टाचार दूर करने की जिम्मेदारी दी है। इस भरोसे को कायम रखूंगा। इससे पहले, दिल्ली के लोगों ने स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी की जिम्मेदारी दी तो हमने रात-दिन मेहनत कर इसे ठीक किया। दिल्ली सरकार की तरह अब निगम को भी भ्रष्टाचार मुक्त करना है। अब हम सबको मिलकर दिल्ली को साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाना है।

## रूस पर यूक्रेन का हमला : अमेरिका पर उकसाने का आरोप

**वाशिंगटन।** यूक्रेन ने लगातार दूसरे दिन रूस में घुसकर उसके एक और वायुसेना अड्डे को तबाह कर दिया। ड्रोन हमले में वायुसेना अड्डे से आग की लपटें उठने की तस्वीरें भी सामने आई हैं। लगातार अपने ऊपर हमले से नाराज रूस ने इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहरा दिया है। रूस का कहना है कि अमेरिका यूक्रेन को सैन्य मदद भेज रहा है। वहीं रूस के आरोप लगाने के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सफाई दी है। एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि हमारे ऊपर लग रहे आरोप बिल्कुल निराधार हैं। हमने यूक्रेन को हमले के लिए नहीं उसकाया है।

## नीतीश कुमार और बिहार सरकार नपुंसकता के शिकार : अश्विनी चौबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**भागलपुर।** केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार सरकार पर बड़ा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नपुंसकता के शिकार हो गए हैं। राज्य में आए दिन अपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं और फिर से जंगल राज लौट आया है। अपराध अपने चरम सीमा पर है। लेकिन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने से अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। अश्विनी चौबे ने कहा कि नीतीश कुमार से बिहार संभल नहीं रहा है और उन्हें मुख्यमंत्री पद पर से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतिश कुमार ने दोबारा से जंगलराज लाने का काम किया है। मुख्यमंत्री बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाने का भरोसा देकर सत्ता में आए थे। लेकिन, अब वह फिर से बिहार को जंगलराज की तरफ लेकर जा रहे हैं।

भागलपुर जिले के पीरपैंती में महिला की हत्या पर अश्विनी चौबे ने नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरे बिहार में लगातार बड़ी घटनाएं हो रही हैं अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस्तीफा दे देना चाहिए और मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देकर तपस्वी हो जाना चाहिए।

## अक्षरा का नया रोमांटिक डांस ट्रैक पिया के जुलफिया रिलीज



टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत अक्षरा सिंह का गाना 'पिया के जुलफिया' रिलीज हो गया है। पिया के जुलफिया गाना को प्रियांशु सिंह द्वारा निर्मित किया गया है, विक्की रौशन ने इस गाने को लिखा है। टी सीरीज द्वारा प्रस्तुत अक्षरा सिंह का नया गाना पिया के जुलफिया का म्यूज़िक प्रियांशु सिन्हा ने दिया है। अक्षरा सिंह और करन खन्ना अभिनीत इस गाने के म्यूजिक वीडियो को डेनी फर्नांडीज और बब्बू खन्ना ने डायरेक्ट किया है। यह गाना टी सीरीज के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।




# अब सिर्फ आठ टीमों के बीच मुकाबला

एजेंसी

**दोहा।** फीफा विश्व कप 2022 में अंतिम 16 के मुकाबले खत्म हो चुके हैं। अब सिर्फ आठ टीमें इस टूर्नामेंट में बची हुई हैं। अब जीतने वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। वहीं, हारने वाली चार टीमों का सफर इस टूर्नामेंट में खत्म हो जाएगा। यह टूर्नामेंट अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अंतिम 16 का आखिरी मैच पुर्तगाल और स्विट्जरलैंड के बीच था। इस मुकाबले में पुर्तगाल ने स्विट्जरलैंड को 6-1 के अंतर से मात दी और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही अंतिम आठ का पूरा शेड्यूल भी तय हो चुका है। अंतिम 16 मुकाबलों के आखिरी दिन बड़ा उलटफेर देखने को मिला। 2010 की चैंपियन स्पेन की टीम को मोरक्को ने पेनल्टी शूटआउट में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, जर्मनी और बेल्जियम जैसी बड़ी टीमें ग्रुप स्टेज में ही हारकर बाहर हो गईं। फ्रांस, ब्राजील, पुर्तगाल, और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं और अब मजबूती के साथ खिताब जीतने की दावेदारी पेश कर रही हैं। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड बनाम फ्रांस का मुकाबला सबसे रोमांचक होगा। वहीं, अर्जेंटीना और नीदरलैंड के मैच में भी कांटे की टक्कर हो सकती है।

### क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

- क्रोएशिया बनाम ब्राजील, 9 दिसंबर, शुक्रवार, रात 8:30 बजे, एजुकेशन सिटी स्टेडियम
- नीदरलैंड बनाम अर्जेंटीना, 10 दिसंबर, शनिवार, रात 12:30 बजे, लुसैल स्टेडियम
- पुर्तगाल बनाम मोरक्को, 10 दिसंबर, शनिवार, रात 8:30 बजे, अल थुमामा स्टेडियम
- इंग्लैंड बनाम फ्रांस, 11 दिसंबर, रविवार, रात 12: 30 बजे, अल बायत स्टेडियम

## स्विट्जरलैंड को रौंदकर क्वार्टरफाइनल में पुर्तगाल

**लुसैल।** पुर्तगाल ने गोंकालो रामोस की हैट्रिक की बदौलत फीफा विश्व कप 2022 के सुपर-16 मुकाबले में स्विट्जरलैंड को 6-1 से रौंदकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। रामोस ने यहां लुसैल स्टेडियम पर मंगलवार को खेले गये मुकाबले में 17वें, 51वें और 67वें मिनट में गोल करके टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक बनाई। इसके अलावा पेपे (33वां मिनट), राफेल गुरेरो (55वां मिनट) और राफेल लेयाओ (90+2 मिनट) ने पुर्तगाल के गोल जमाये। पराजित टीम का एकमात्र गोल मैनुअल अकांजी (58वां मिनट) ने किया।




## मीराबाई ने विश्व चैंपियनशिप में जीता रजत



**बोगोटा।** भारत की स्टार भारोत्तोलक और टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने कलाई के दर्द से पार पाते हुए विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीत लिया है। मीराबाई ने मंगलवार रात महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में स्नैच में 80 किग्रा भार उठाया, जबकि क्लीन एंड जर्क में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 113 किग्रा का रहा। भारतीय भारोत्तोलक ने कुल 200 किग्रा के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की जियांग हुइहुआ 206 किग्रा (93 किग्रा+113 किग्रा) के साथ पहले स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन झिहुआ ने 198 किग्रा (89किग्रा+109किग्रा) कांसे का तमगा अपने नाम किया। विश्व चैंपियनशिप 2017 में स्वर्ण जीतने के बाद यह टूर्नामेंट में मीराबाई का दूसरा पदक है। मीराबाई ने पदक जीतने के बाद कहा, 'पांच साल के लंबे समय के बाद एक और विश्व चैंपियनशिप पदक घर वापस लाना मेरे लिये भावनात्मक रूप से गर्व का क्षण है। सर्वश्रेष्ठ ओलंपिक खिलाड़ियों की मौजूदगी में विश्व चैंपियनशिप की प्रतिस्पर्धा हमेशा उच्चतम स्तर की होती है।'

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !